सुप्रभात
रांची, सोमवार
19.08.2024

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | सावन, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 40 | ** नगर संस्करण । पेज : 16 | khabarmantralive.com

78वें स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बंधन के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिलावासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## आरके ट्रांसपोर्ट चंदवा लातेहार

आइये हम सभी मिलकर देश के समृद्धि में सहभागी बनें।




रंजीत गुप्ता

अमित कुमार

78 वें स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बंधन के पावन अवसर पर चंदवा प्रखंड समेत समस्त लातेहार जिलावासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

आइये हम सभी मिलकर लातेहार जिले के विकास व अग्रणी बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें।



## राजेश नाथ शाही

समाजसेवी
चंदवा लातेहार

78 वें स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बंधन के पावन अवसर पर चंदवा प्रखंड समेत समस्त लातेहार जिलावासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

आईये हम सभी मिलकर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हांथो को मजबूत करें व उनके द्वारा चलाये जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सहभागी बने।

### भाजपा परिवार चंदवा

महेन्द्र प्रसाद साहू, राजकुमार पाठक, आशिष सिंह, संजय साहू, विजय दुबे, जयराम साहू, मंजू देवी, दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव, मनिष गुप्ता, हिरामणी देवी, भुनेश्वर प्रजापति, राजेश गंझू, विभा साहू, विनोद कुमार बिनू, सेट्टी सिंह, सचिन कुमार, रिकी वर्मा, संटू कुमार गुप्ता, दुर्गा ठाकुर, सूर्य नारायण साहू, विरेन्द्र प्रसाद, प्रेमनाथ साहू, सुनिल मुंडा, उमेश गंझू, देवमणि वैद्य, आशिष लाल, प्रदीप ठाकुर, राजन भगत, साजिद खान, शशि देवी, श्रुति देवी, शंकर मुंडा, मनोज पाठक, मुरारी साव, रामकिशुन गंझु, जनक महतो, अमित सिंह, शर्मा गंझु, संतन साहू, अर्जुन यादव, रविन्द्र साव, यमुना चौधरी, मदन साव, अमित कुमार व समस्त भाजपा कार्यकर्ता।

निवेदक
भाजपा मंडल कमिटि
चंदवा



## अमित कुमार

भाजपा मंडल
अध्यक्ष
चंदवा

78 वें स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बंधन के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिलावासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

आइये सभी मिलकर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हांथो को मजबूत करें।

## प्रकाश राम

पूर्व विधायक
भाजपा नेता
लातेहार विधानसभा क्षेत्र



78 वें स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बंधन के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिलावासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## चेतलाल रामदास

प्रदेश सह कोषाध्यक्ष भाजपा
एससी मोर्चा झारखंड प्रदेश

लातेहार विधानसभा क्षेत्र 74 के संभावित प्रत्याशी



# कोलकाता से दिल्ली पहुंचने पर चंपई बोले- बेटी से मिलने के लिए आये हैं, अभी जहां हैं, वहीं रहेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन कोलकाता से दिल्ली पहुंच गये हैं। रविवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए चंपई ने कहा कि वो किसी निजी काम से दिल्ली आये हैं। दिल्ली में उनकी बेटी रहती है, उसको देखने आये हैं। कहा कि उनका दिल्ली आना-जाना लगा रहता है। कोलकाता में शुभेंदु अधिकारी से मुलाकात के सवाल पर कहा कि अभी वो जहां हैं, वहीं रहेंगे। जेएमएम द्वारा सीएम पद से हटाये जाने के सवाल पर चंपई ने कहा कि आप इस तरह से सवाल करेंगे तो हम क्या जवाब देंगे। कह तो दिया कि निजी काम से आये हैं। कोलकाता में शुभेंदु अधिकारी से मिलने के सवाल पर कहा कि किसी से उनकी मुलाकात नहीं हुई है।

## शुभेंदू अधिकारी से मिलने की चर्चा

बताते चलें कि पूर्व सीएम एवं मंत्री चंपई सोरेन बीती रात कोलकाता पहुंचे थे। यहां वे होटल पार्क में ठहरे थे। कई न्यूज एजेंसियों ने दावा किया है कि कोलकाता में चंपई ने शुभेंदु अधिकारी से मुलाकात की है। वहीं यह भी दावा किया गया था कि आज सुबह वे कोलकाता से एयर इंडिया की फ्लाइट 0769 से दिल्ली के लिए निकल चुके हैं। यहां वे भाजपा के सीनियर नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। हालांकि दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने पर चंपाई ने बीजेपी नेताओं से मिलने और भाजपा में शामिल होने की बात का जवाब नहीं दिया। मालूम हो कि चंपई सोरेन के बेटे बबलू सोरेन भी चार दिनों से दिल्ली में हैं। उनका कहना है कि वह व्यक्तिगत काम से चार दिनों से दिल्ली में हैं।

# अब सिर्फ पूर्व सीएम रहे चंपई सोरेन, सोशल मीडिया एकाउंट से हटाया झामुमो कनेक्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व सीएम और मंत्री चंपई सोरेन को लेकर लगातार अटकलों का बाजार रविवार की सुबह से गर्म है। कोलकाता के रास्ते दिल्ली जाने की खबर से रविवार को झारखंड का राजनीति पारा काफी चढ़ा रहा। खबर में थोड़ी सी भी सच्चाई है तो संभव है कि वे भाजपा का दामन थाम लें। इस बात की आशंका उनके सोशल मीडिया एकाउंट को देखकर भी जाहिर की जा रही है।

चंपई सोरेन के एक्स, फेसबुक एकाउंट के बायो से झामुमो हटा दिया गया है। झामुमो का बैकग्राउंड भी गायब है। अब वहां सिर्फ पूर्व सीएम झारखंड दिख रहा है। इसके अलावा सरायकेला-खरसावां स्थित उनके पैतृक आवास और रांची स्थित सरकारी आवास से भी झामुमो का झंडा हटा दिए जाने की भी सूचना है।




**क्या दिख रहे आसार :** चंपई सोरेन को बीजेपी में जाने की बात का इसलिए बल मिल रहा है कि शनिवार की शाम वे जमशेदपुर में थे। इसके बाद अपने बेटे, एक करीबी और अपने ड्राइवर संग वे सड़क मार्ग से कोलकाता चले गए। वहां एक होटल में रात को रूके जहां भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी से भी मिले। इसके बाद वे रविवार की सुबह फ्लाईट से दिल्ली निकल गये। अब सबको इस बात की संभावना लग रही है कि वे भाजपा ज्वाइन कर सकते हैं। उनके अलावा झामुमो के पूर्व विधायक लोबिन हेम्ब्रम भी भाजपा ज्वाइन करेंगे। वैसे रविवार को दिल्ली में पत्रकारों के सवाल पर चंपाई ने पार्टी बदले जाने से इंकार किया है। बेटी से मिलने की बात कहते हुए उन्होंने इसे निजी कार्यक्रम बताया है।

## खबर एक नजर में

### यूपी के राज्यपाल से मिले झारखंड के राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से लखनऊ स्थित राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने यूपी के राज्यपाल से राज्य में उच्च शिक्षा में सुधार के संदर्भ में चर्चा की।

### 20 दरोगा को इंस्पेक्टर रैंक में मिली प्रोन्नति

**रांची।** झारखंड पुलिस के 20 दरोगा को इंस्पेक्टर रैंक में प्रोन्नति मिली है। इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा रविवार को आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के मुताबिक जिन दरोगा को प्रोन्नति दी गई है उनमें सुधीर प्रसाद साहू, शिव बिहारी तिवारी, शंभू प्रसाद सिंह, त्रिलोचन तामसोए, पृथ्वी सेन दास, विजय कुमार, अभिजीत गौतम, मुकेश चौधरी, गुलशन भेंगरा, सोनी प्रताप, अजीत कुमार भारती, प्रशांत कुमार, हरदियूस टोप्पो, दयानंद सोरेन, संजय जनक मूर्ति, संजय चंद्र उरांव, राजीव प्रकाश, मोहम्मद कददूस, बैजनाथ कुमार और पूनम कुजूर शामिल हैं।

### प्रणय बबलू बने महासचिव तो संतोष प्रसाद दस्तकार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बनाये गये

**रांची।** प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि राज्य में संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने प्रणय कु बबलू को महासचिव, मनोज अग्रवाल को राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं संतोष प्रसाद को दस्तकार प्रकोष्ठ अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। श्री यादव ने बताया कि अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने राजद के सभी प्रकोष्ठ अध्यक्षों को 15 दिनों के अंदर प्रदेश एवं जिलावार कमिटी बनाने एवं कार्यक्रम निर्धारित करने का निर्देश दिया है। सभी को पदाधिकारी बनाए जाने पर प्रदेश राजद ने सभी को बधाई दी है।

### नीतू सिन्हा को मिला झारखंड गौरव सम्मान

**रांची।** सैल्यूट तिरंगा की ओर से जमशेदपुर में आयोजित झारखंड गौरव सम्मान समारोह में कवित्री एवं समाजसेवी नीतू सिंह को साहित्य एवं समाजसेवा के क्षेत्र में झारखंड गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो मुख्य अतिथि तथा सैल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश झा तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्यारह लोगों को सम्मानित किया गया। सैल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा ने संस्था के इस प्रयास से अधिक से अधिक लोगों को जुड़ने का अनुरोध किया।

### चुनाव आयोग के आदेश पर झारखंड में 64 पुलिस पदाधिकारी बदले

**रांची।** चुनाव आयोग के निर्देश पर झारखंड में 64 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। इस संबंध में डीजीपी द्वारा आदेश दिये जाने के बाद डीआईजी कार्मिक ने इससे संबंधित अधिसूचना रविवार को जारी कर दी। जिन पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया हैं। उसमें 53 सब इंस्पेक्टर रैंक, एक मेजर और दस इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारी शामिल है।

**चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा था :** गौरतलब है कि बीते दिनों झारखंड समेत चार राज्यों में विधानसभा चुनाव के निकट होने का संकेत देते हुए चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया है कि आयोग की नीति है कि चुनाव वाले राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव के संचालन से सीधे जुड़े अधिकारियों को उनके गृह जिलों या उन स्थानों पर तैनात नहीं किया जाता है, जहां वह एक लंबे समय से तैनात है। इसलिए चुनावों से सीधे जुड़े किसी भी अधिकारी को वर्तमान जिले में बने रहने की अनुमति नहीं दी जायेगी। अगर वह अपने गृह जिले में तैनात है या उसने पिछले चार वर्षों के दौरान उक्त जिले में तीन वर्ष वर्ष पूरे किए हैं, तो उसे स्थानांतरित किया जाये।

### युवा आक्रोश रैली में खूंटी से चार हजार कार्यकर्ता होंगे शामिल : नीलकंठ सिंह मुंडा

खूंटी। भाजपा के जिला कार्यालय में रविवार को खूंटी ग्रामीण और नगर मण्डल की हुई बैठक में 23 अगस्त को रांची के मोरहाबादी मैदान में आहूत युवा आक्रोश रैली की तैयारियों की समीक्षा की गई। मुख्य अतिथि खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि 23 अगस्त को आहूत युवा आक्रोश रैली में खूंटी विधानसभा से चार हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से रैली को सफल बनाने को लेकर रणनीति बनाने का आह्वान किया।

**मुख्यमंत्री ने गोड्डा वासियों को लगभग ₹187 करोड़ 15 लाख की 151 योजनाओं का दिया तोहफा, कहा**

# जन कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रही है हमारी सरकार बदल रही झारखंड की दशा और दिशा : हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना की सम्मान राशि प्रदान कर नारी सशक्तिकरण की जताई प्रतिबद्धता
- विभिन्न योजनाओं से जुड़कर लोग बन रहे स्वावलंबी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि हमारी सरकार हर कदम पर आपके साथ है। मुख्यमंत्री रविवार को गोड्डा जिले के बोआरीजोर प्रखंड के राजाभीठा में विकास योजनाओं के उदघाटन- शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार संवेदनशीलता के साथ आदिवासी, दलित, शोषित, वंचित, गरीब और किसानों, मजदूरों को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि तमाम विपरीत पतिस्थितियों के बीच सरकार की जन कल्याणकारी योजनायें धरातल पर उतर रही हैं। हमारी सरकार जन कल्याण के लिए हमेशा से प्रतिबद्ध रही है। पिछले साढ़े वर्षों में अनेकों ऐसी योजनाएं लेकर आये। इससे जुड़कर यहां के लोग सशक्त बन रहे हैं। अब ऐसी ही कई और जन कल्याण से जुड़ी योजनाओं को शुरू करने की कार्य योजना तैयार हो रही है। ये नई योजनायें इस राज्य की दशा और दिशा बदलने का एक महत्वपूर्ण जरिया बनेगी। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर अपने संसाधनों को बढ़ा रहे हैं।

## लोगों को कई विकास योजनाओं का मिला तोहफा

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लगभग 187 करोड़ 15 लाख रुपये की 151 योजनाओं का तोहफा दिया। इसमें 58 करोड़ 62 लाख रुपए की 73 योजनाओं का उदघाटन एवं 128 करोड़ 53 लाख रुपये की 78 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। वहीं, विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस विशेष मौके पर मुख्यमंत्री ने राज्य की बहन-बेटियों को झारखंड मंइयां सम्मान योजना की सम्मान राशि प्रदान कर रक्षा बंधन की सौगात दी। कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बेबी देवी एवं मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विधायक प्रदीप यादव तथा विधायक कल्पना सोरेन समेत जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड को हमेशा हाशिये पर रखा गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने से पहले और अलग राज्य बनने के बाद भी हाशिये पर रहा। नीति-निर्धारकों द्वारा इस राज्य और यहां की गरीब जनता की सुध नहीं ली गयी। इसलिए विकास के मामले में झारखंड पिछड़ता रहा, लेकिन, हमारी सरकार के गठन के बाद से राज्य को विकास की दहलीज पर ले जाने और जनता के उत्थान के लिए निर्णायक फैसले ले रही है। वह दिन दूर नहीं, जब झारखंड अग्रणी राज्य बनेगा।

## नारी शक्ति को समर्पित है मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी सशक्तिकरण हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि यहां की महिलायें काफी मेहनतकश हैं। वे घर-परिवार भी चलाती हैं। ऐसे में हमारी सरकार राज्य की महिलाओं एवं बहन-बेटियों के लिये पहले से ही कई योजनायें चला रही हैं। इसी क्रम में झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना नाम से एक और ऐतिहासिक कड़ी जुड़ रही है। इस योजना के तहत महिलाओं और बहन- बेटियों को हर वर्ष 12 हजार रुपये सम्मान राशि मिलेगी। राज्य की बच्चियां पैसे के अभाव में पढ़ाई से वंचित न रहें इसके लिये उन्हें सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना के तहत 40 हजार रुपये दिया जा रहा है। इस योजना के अब तक 9 लाख से ज्यादा बच्चियां जोड़ी जा चुकी हैं। वहीं, 50 वर्ष से अधिक की महिलाओं को भी पेंशन योजना का लाभ दे रहे हैं। हमारी सरकार ने सर्वजन पेंशन योजना लागू कर सभी बुजुर्गों, एकल महिलाओं और दिव्यांगों को आर्थिक सुरक्षा कवच दे रही है। किसानों के दो लाख रुपए तक का लोन माफ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत स्वरोजगार के इच्छुक नौजवानों को को 25 लाख रुपए तक की आर्थिक मदद दी जा रही है। खाली पड़े पदों के लिये नियुक्ति प्रक्रिया तेज गति से चल रही है। सरकारी कर्मियों को बुढ़ापे की लाठी के रूप में पुरानी पेंशन योजना दी गयी है। अनुबंध पर काम करने वालों कर्मचारियों की सेवा शर्तों में सुधार के साथ मानदेय में बढ़ोतरी की गई है। आंगनबाड़ी सेविका .सहायिका जैसे अन्य कर्मियों को सम्मानजनक प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

### प्रदेश कांग्रेस संगठन में नहीं होगा बदलाव : कमलेश

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस के कार्यालय प्रभारी एवं मीडिया प्रभारी, चेयरमैन सहित सभी प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया चेयरमैन तथा सोशल मीडिया को-ऑर्डिनेटर पूर्व की भांति कार्यरत रहेंगे। इसकी जानकारी प्रदेश कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने दी।

श्री कमलेश ने कहा है कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन और सरकार द्वारा जनमुद्दों को लेकर किए गए कार्यों को मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाना है ताकि झारखंड में कांग्रेस के सिद्धांतों के अनुसार किए गए कार्यों से जनता परिचित हो सके। महागठबंधन सरकार द्वारा किए गए कार्यों को विभिन्न संवाद माध्यमों से भाजपा द्वारा अपना बताने की कोशिश की जाती है जिससे जनता भ्रमित होती है इसलिए आवश्यक है की जनकल्याण के किए गए कार्यों को मीडिया के माध्यम से लगातार जनता के समक्ष रखा जाए और उन्हें किसी प्रकार के छलावे मे फंसने से बचाया जाए।

# झामुमो से कभी भी दगाबाजी नहीं करेंगे चंपई सोरेन : मनोज पांडय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री और हेमंत सोरेन सरकार में जल संसाधन एवं उच्च शिक्षा मंत्री चंपई सोरेन दिल्ली पहुंच चुके हैं। प्रदेश के छह विधायकों के साथ उनके भाजपा में शामिल होने के लिए झारखंड से वाया कोलकाता होते हुए दिल्ली पहुंचने की खबर है। इन तमाम कयासों पर मीडिया से बात करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य और प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि उन्हें अभी-भी मीडिया की इन खबरों पर भरोसा नहीं हो रहा है। चंपई सोरेन के साथ बाकी लोग लंबे दिनों तक पार्टी से जुड़े रहे हैं। इनको पार्टी में काफी सम्मान भी मिला है। ऐसे में पार्टी को पूरा भरोसा है कि चंपई सोरेन पार्टी से दगाबाजी नहीं करेंगे।

**सिर्फ चर्चाओं तक ही सीमित रह जाएगी चंपाई की दल बदल की खबर :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे ने दावा किया है कि खबरें और अटकलें सिर्फ अफवाहों तक ही सीमित रह जाएंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी को अब भी भरोसा है कि चंपई सोरेन के दल बदल करने की खबर सिर्फ चर्चा ही




साबित होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के आलाकमान और शीर्ष नेतृत्व की इन तमाम खबरों पर नजर है।

**भाजपा, कोल्हान में कमजोर है और कमजोर ही रहेगी :** झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता मनोज पांडेय ने एक सवाल के जवाब में कहा कि पूरे कोल्हान में भारतीय जनता पार्टी कमजोर है और भविष्य में भी कमजोर रहेगी। उन्होंने कहा कि जब से झारखंड में जेएमएम की सरकार बनी है तब से लगातार भारतीय जनता पार्टी सरकार को अस्थिर करने की कोशिश करती रही है परंतु हर बार वह नाकाम साबित हुई है। मनोज पांडेय ने कहा कि चंपई सोरेन एक अनुभवी और तपे-तपाये नेता हैं और वह ऐसा कोई काम नहीं करेंगे, जिससे झारखंड का नुकसान हो।

### सीएम ने शुरू की चंपई सोरेन अपमान योजना : अमर बाउरी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को चंपई सोरेन अपमान योजना की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि चंपई जी की पीड़ा उनके एक्स पोस्ट पर स्पष्ट है।कैसे उनको योजनाओं को प्रारंभ करने, नियुक्ति वितरण से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा रोका गया। उन्होंने कहा कि रविवार को मुख्यमंत्री पाकुड़ के गायबथान में मुख्यमंत्री मंईयां योजना की शुरूआत करने गये थे। परंतु विडंबना देखिये, वहीं के जिस होपनी मरांडी, दांदु हेंबरम, रानी मुर्मू की जमीन बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा लूट ली गई थी उसे नहीं लौटाया। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस ने गरीबों को 72,000 सालाना देने का वादा किया था। हेमंत सोरेन के झूठे वादे की थोड़ी भरपाई करते हुये पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट ने मुख्यमंत्री बहन-बेटी माई कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना पर अपनी मुहर लगाई थी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के बैनरों व योजनाओं से चंपई सोरेन जी का नाम और निशान गायब है। उन्होंने कहा कि यह चंपई सोरेन का यह घोर अपमान है।

खैर, दूसरों के किये गये कार्यों पर क्रेडिट लेना और पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा दिये गये नौकरियों के नियुक्ति पत्र बांटने में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पारंगत हैं।

### हमारे अधिकार की जो बात करेगा वही राज करेगा : तेली महासभा

**रांची।** अखिल भारतीय तेली महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय साहू सक्रिय सदस्य मनमोहन महतो और श्री अरुण कुमार ने संयुक्त रूप से रविवार को संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि जो राजनीतिक दल तेली समाज को विधानसभा में टिकट देगा और तेली समाज के हित अधिकार की बात करेगा वही झारखंड में राज करेगा। इस बार तेली समाज ने ठाना है कि जो भी राजनीतिक दल तेली समाज को विधानसभा में टिकट देगा तेली समाज उसके पक्ष में मतदान करेगा। ऐसे राजनीतिक दल जो तेली समाज को अपना बंधवा मजदूर समझते हैं या तेली समाज को वोट बैंक के रूप में उपयोग करते रहे वैसे राजनीतिक पार्टियों को इस बार मुंह की खानी पड़ेगी और समाज उसे सत्ता से दूर रखेगी तेली समाज। इस मौके पर मुख्य रूप से मनोज कुमार महतो,अरुण कुमार,विजय कुमार साहू, देवेंद्र कुमार साहू,सूरज साहू, सरिता कुमारी शामिल थे।

**ओबीसी समाज से आने वाले केशव महतो कमलेश के हाथों में कमान सौंपने के कारणों की भी हो रही चर्चा**

# झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले नेतृत्व परिवर्तन कर राज्य में जातीय समीकरणों को साधने में जुटी कांग्रेस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस आलाकमान ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस का नेतृत्व परिवर्तन कर कई सवालों को जन्म दे दिया है। राज्य के राजनीतिक गलियारों में इसकी जोरदार चर्चा है कि कांग्रेस आलाकमान ने झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे राजेश ठाकुर को तीन साल पूरा होने से पहले ही हटाकर ओबीसी समाज से आने वाले केशव महतो कमलेश के हाथों में कमान सौंपने का क्या कारण है।

**जातीय समीकरण साधने की कोशिश :** इस संबंध में कांग्रेस से संबंध रखनेवाले राजनीतिक जानकारों का कहना है कि राहुल गांधी ने कई बार अपने लाइन ऑफ पॉलिटिक्स को सार्वजनिक मंचों से व्यक्त कर चुके हैं, उसी की परिणति झारखंड में नेतृत्व परिवर्तन हुआ है। जानकारों का कहना है कि जब सार्वजनिक मंच से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी यह पूछते हैं कि कितना पत्रकार ओबीसी, एससी, एसटी है? दिल्ली में कितने इन वर्गों के आईएएस अधिकारी महत्वपूर्ण विभागों में सचिव हैं?




ऐसे में राहुल गांधी को यह भी देखना ही पड़ेगा कि पार्टी में उच्च पदों पर विराजमान लोग किस वर्ग से हैं। ऐसे में भूमिहार समाज से आनेवाले निवर्तमान अध्यक्ष राजेश ठाकुर की जगह महतो समाज से आनेवाले नेता केशव महतो कमलेश की ताजपोशी कोई अचरज में डालने जैसा कदम नहीं है।

**85 प्रतिशत आबादी पर है कांग्रेस की नजर : जगदीश साहू**

कांग्रेस के प्रदेश सचिव और प्रवक्ता जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके वरिष्ठ नेता जगदीश साहू कहते हैं कि पूर्व अध्यक्ष का कार्यकाल अच्छा रहा और लगभग तीन साल तक वह पद पर बने रहे हैं.अब जब विधानसभा चुनाव सामने हैं तो जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी के तहत एक तपे-तपाए ओबीसी नेता को प्रदेश का अध्यक्ष और दूसरे अनुभवी आदिवासी नेता को विधायक दल का नेता बनाया गया है। उन्होंने कहा कि आबादी के एक बड़े भाग से आने वाले इन दोनों नेताओं को महत्वपूर्ण पद देने का सकारात्मक असर विधानसभा चुनाव के नतीजों पर पड़ना तय है।

## बदलाव से बीजेपी में खलबली: सोनाल शांति

राजेश ठाकुर की कमेटी में प्रवक्ता रहे सोनाल शांति कहते हैं कि पार्टी आलाकमान के द्वारा केशव महतो कमलेश जैसे नेता को प्रदेश की कमान सौंपने से भाजपा में खलबली मच गई है। सोनाल शांति ने कहा कि चुनाव से ठीक पहले नेतृत्व परिवर्तन का कोई नकारात्मक असर चुनाव नतीजों पर नहीं पड़ेगा, उल्टे सकारात्मक असर होगा।

# झारखंड में नये डीजीपी की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में नये डीजीपी के नाम की खोज शुरू हो गयी है। इसके लिए योग्यता ये है कि वह अधिकारी आईपीएस के रूप में 30 साल की नौकरी पूरी कर ली हो, साथ ही सेवानिवृत्त होने में कम से कम छह माह बचे हों। योग्यता के अनुसार, राज्य सरकार 1994 बैच या इससे पूर्व के सभी आईपीएस अधिकारियों के नामों को डीजीपी पैनल के लिए यूपीएससी से अनुशंसा करेगी। इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 1989 बैच के अजय कुमार, 1990 बैच के अनुराग गुप्ता, 1990 बैच के अनिल पालटा, 1992 बैच के प्रशांत सिंह, 1992 बैच के आरके मल्लिक, 1993 बैच के एमएस भाटिया, 1994 बैच की तदाशा मिश्रा और संपत मीणा और 1995 बैच के संजय आनंद राव लाठकर से बायोडाटा मांगा है। बता दें कि डीजीपी का कार्यकाल दो साल का होता है। वर्तमान में 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता झारखंड के प्रभारी डीजीपी है।

**डीजीपी की सेवानिवृत्ति से तीन माह पहले भेजा जाता आईपीएस अधिकारियों का नाम :** राज्य सरकार डीजीपी पद के पैनल के लिए आईपीएस अधिकारियों का नाम, उनका कार्यकाल व उनकी छवि आदि डीजीपी की सेवानिवृत्ति से तीन महीने पहले यूपीएससी को भेजती है। ऐसी स्थिति में उम्मीद है कि इस वर्ष अक्टूबर तक राज्य सरकार नये डीजीपी के लिए छह आइपीएस अधिकारियों के नाम भेज सकती है, जिसमें से तीन नामों का चयन कर यूपीएससी राज्य सरकार को भेजेगी।

सुप्रभात
रांची, सोमवार
19.08.2024
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
khabarmantra.net | सावन, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 40 | नगर संस्करण । पेज : 16 | khabarmantralive.com




## न्यूज डायरी

### झारखंड में 64 पुलिस अफसरों के तबादले

**रांची।** चुनाव आयोग के निर्देश पर झारखंड में 64 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। इस संबंध में डीजीपी के आदेश दियेजाने के बाद डीआईजी कार्मिक ने इससे संबंधित अधिसूचना रविवार को जारी कर दी। इस आदेश के तहत जिन पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। उसमें 53 सब इंस्पेक्टर, एक मेजर और दस इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारी शामिल हैं।

### मुर्मू व मोदी ने दी रक्षाबंधन की शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा,रक्षा बंधन के पावन अवसर पर, सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। रक्षा बंधन भाई–बहन के अनूठे संबंध का उत्सव है जो प्यार और आपसी विश्वास की भावना को मजबूत बनाता है। धार्मिक और सांस्कृतिक सीमाओं से परे यह पर्व हमारे देश की विविधता में एकता का प्रतीक है। यह ऐसा अनुपम पर्व है जो महिलाओं के हितों की रक्षा करने की हमारी इच्छाशक्ति को मजबूत करता है।

### रक्षाबंधन का शुभ मुर्हूत

**रांची।** वैदिक पंचांग के अनुसार, 19 अगस्त को रक्षाबंधन है। यह पर्व हर वर्ष सावन पूर्णिमा पर मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों को राखी बांधती हैं। साथ ही अपने भाई की तरक्की और उन्नति के लिए श्रीहरि से कामना करती हैं। सावन पूर्णिमा पर भद्रा का योग दोपहर 01 बजकर 32 मिनट तक है। शास्त्रों में भद्रा के दौरान राखी बांधने की मनाही है। अतः दोपहर 01 बजकर 33 मिनट से लेकर 04 बजकर 20 मिनट तक राखी बांधने का शुभ समय है। इसके बाद प्रदोष काल के दौरान 06 बजकर 56 मिनट से लेकर 09 बजकर 08 मिनट तक है। इन दोनों समय में बहनें अपने भाइयों को राखी बांध सकती हैं।

### राजनीतिक हित से राष्ट्रहित बड़ा : धनखड़

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राजनीतिक हित के लिए राष्ट्रहित को तिलांजलि देना ठीक नहीं है। राष्ट्रहित को सर्वोपरि बताते हुए उन्होंने कहा है कि भारतीयता हमारी पहचान है। इसमें हमारा अटूट विश्वास है तथा राष्ट्र हमारे लिए सर्वोपरि है। जिनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि नहीं है, राजनीतिक हित एवं व्यक्तिगत स्वार्थ को ऊपर रखते हैं, उन्हें समझाने की जरुरत हैं।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 66100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 85000 रु./प्रति किलो |

# मैं आंसुओं को संभालने में था, उन्हें सिर्फ कुर्सी की चिंता थी

चंपई का छलका दर्द, व्यथित मन से कहा : मानो पार्टी में मेरा कोई वजूद नहीं। विधायक दल की बैठक में ही कह दिया- मेरे जीवन का नया अध्याय। सभी विकल्प खुले हैं, ऐसे हालात बना दिये गये कि...

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जोहार साथियों, आज समाचार देखने के बाद, आप सभी के मन में कई सवाल उमड़ रहे होंगे। आखिर ऐसा क्या हुआ, जिसने कोल्हान के एक छोटे से गांव में रहने वाले एक गरीब किसान के बेटे को इस मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया। मैंने हमेशा जन-सरोकार की राजनीति की है। आदिवासियों, मूलवासियों, गरीबों, मजदूरों, छात्रों एवं पिछड़े तबके के लोगों को उनका अधिकार दिलवाने का प्रयास करता रहा हूं। हर पल जनता के लिए उपलब्ध रहा, उन लोगों के मुद्दे उठाता रहा, जिन्होंने झारखंड राज्य के साथ, अपने बेहतर भविष्य के सपने देखे थे। इसी बीच, 31 जनवरी को, एक अभूतपूर्व घटनाक्रम के बाद, इंडिया गठबंधन ने मुझे झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य की सेवा करने के लिए चुना। अपने कार्यकाल के पहले दिन से लेकर आखिरी दिन तक, मैंने पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ जनता की सेवा की। बड़े-बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं, छात्रों एवं समाज के हर तबके तथा राज्य के हर व्यक्ति को ध्यान में रखते हुए हमने जो निर्णय लिए, उसका मूल्यांकन राज्य की जनता करेगी। मैंने कभी भी, किसी



के साथ ना गलत किया, ना होने दिया। इसी बीच, हूल दिवस के अगले दिन, मुझे पता चला कि अगले दो दिनों के मेरे सभी कार्यक्रमों को पार्टी नेतृत्व द्वारा स्थगित करवा दिया गया है। इसमें एक सार्वजनिक कार्यक्रम दुमका में था, जबकि दूसरा कार्यक्रम पीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण करने का था। पूछने पर पता चला कि गठबंधन द्वारा 3 जुलाई को विधायक दल की एक बैठक बुलायी गयी है, तब तक आप सीएम के तौर पर किसी कार्यक्रम में नहीं जा सकते।

**आत्म सम्मान पर चोट लगी :** इस पार्टी में मेरी गिनती वरिष्ठ सदस्यों में होती है, बाकी लोग जूनियर हैं, और मुझ से सीनियर सुप्रीमो जो हैं, वे अब स्वास्थ्य की वजह से राजनीति में सक्रिय नहीं हैं, फिर मेरे पास क्या विकल्प था?

(शेष पेज 15 पर)

### ऐसा अपमान कि मैं भीतर से टूट गया

क्या लोकतंत्र में इस से अपमानजनक कुछ हो सकता है कि एक मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों को कोई अन्य व्यक्ति रद्द करवा दे? अपमान का यह कड़वा घूंट पीने के बावजूद मैंने कहा कि नियुक्ति पत्र वितरण सुबह है, जबकि दोपहर में विधायक दल की बैठक होगी, तो वहां से होते हुए मैं उसमें शामिल हो जाऊंगा। लेकिन, उधर से साफ इंकार कर दिया गया। पिछले चार दशकों के अपने बेदाग राजनैतिक सफर में, मैं पहली बार, भीतर से टूट गया। समझ नहीं आ रहा था कि क्या करूं। दो दिन तक, चुपचाप बैठ कर आत्म-मंथन करता रहा। सत्ता का लोभ रत्ती भर भी नहीं था, लेकिन आत्म-सम्मान पर लगी इस चोट को मैं किसे दिखाता? अपनों द्वारा दिए गये दर्द को कहां जाहिर करता?

### पैसे के दम पर तोड़े जा रहे हैं घर और पार्टी : हेमंत

**रांची/गोड्डा।** सीएम हेमंत सोरेन ने रविवार को गोड्डा में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा , भाजपा पैसे के दम पर घर और पार्टी दोनों तोड़ने का काम करती है। चुनाव आयोग भी अब संवैधानिक संस्था नहीं रही। वह भाजपा की संस्था बन कर रह गयी है। हम चुनौती देते हैं कि आज घंटी बजाओ, कल हम भाजपा का सफाया कर देंगे। सीएम हेमंत ने कहा कि झाड़ू पोछा मारकर इनको गुजरात भेज देना होगा। ये गुजरात, असम, महाराष्ट्र से लोगों को लाकर यहां आदिवासी दलित, पिछड़े व अल्पसंख्यों में जहर बोने का काम करते हैं। समाज को तोड़ने के साथ घर भी फोड़ने का काम करते हैं। पार्टी तोड़ने का काम करते हैं। आये दिन कभी विधायक को खरीद लें, कभी उस विधायक को खरीद लो। पैसा ऐसा चीज है कि नेताओं को इधर उधर जाने में देर नहीं लगती है। खैर कोई बात नहीं हमारी इंडिया गठबंधन की सरकार 2019 से निरंतर जनता के बीच में खड़ी है। कोराना महामारी ने हमारे तीन मंत्रियों को निगल गया। भाजपा पर सीधा हमले करते हुये कहा कि इनके पार्टी में कई बड़े वकील हैं। कई लोग जज बनकर भी बैठे हैं। हमलोग नियोजन नीति बनाते हैं तो वे लोग हमें रोकने का काम करते हैं।

## पाकुड़ से झारखंड की बहनों को हेमंत ने दी बड़ी सौगात

# 81 हजार से अधिक महिलाओं के खाते में भेजी सम्मान राशि

- झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना नारी शक्ति को समर्पित
- सभी को हक-अधिकार देने का काम कर रही राज्य सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य की आधी आबादी को उनकी सरकार इस रक्षाबंधन त्यौहार के पावन अवसर पर झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) की सौगात दे रही है। मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर डीबीटी के माध्यम से पाकुड़ जिले की 81 हजार से अधिक महिलाओं के बैंक खाते में सम्मान राशि भेजी। रविवार को पाकुड़ के गायबथान से सीएम ने इस योजना का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य की सभी बहन-बेटियों को रक्षाबंधन त्यौहार की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस योजना के तहत अब 21 वर्ष से 50 वर्ष की उम्र तक की पात्र महिलाओं को राज्य सरकार डीबीटी के माध्यम से प्रत्येक माह की 15 तारीख तक एक हजार रुपये सालाना 12 हजार रुपये उनके बैंक खाते पर भेजेगी। इस मौके पर सीएम ने कहा कि उनकी सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर सहित सभी वर्ग-समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चला रही है। इसका लाभ गांव-गुरबा के लोग बखूबी ले रहे हैं। पर राज्य की नारी शक्ति के उत्थान के लिए एक विशेष योजना की जरूरत थी, जिसे जेएमएमएसवाई के रूप में आपसभी लोगों की गरिमामयी उपस्थिति में शुभारंभ किया जा रहा है।

(शेष पेज 15 पर)




### बहन-बेटियों के सम्मान को सरकार कृतसंकल्प

सीएम ने कहा कि रक्षाबंधन के दिन हमारी बहन बेटियों को अनेक उपहार मिलते हैं। भाई भी अपनी बहन की रक्षा का संकल्प लेता है। आज हमारी सरकार भी राज्य की बहन-बेटियों के सम्मान रक्षा एवं उनके विश्वास पर खरा उतरने संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि शुरूआत से ही हमारी सोच रही है कि राज्य की आधी आबादी के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष काम किये जायें।

## कोलकाता डॉक्टर 'दुष्कर्म-हत्या' मामला

# शीर्ष कोर्ट ने लिया 'स्वतः संज्ञान' 20 को सुनवाई

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या मामले का रविवार को 'स्वतः संज्ञान' लिया और 20 अगस्त को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ 20 अगस्त 2024 को 'स्वतः संज्ञान' मामले की सुनवाई करेगी।

नौ अगस्त 2024 को अस्पताल की ड्यूटी के दौरान महिला डॉक्टर के साथ कथित तौर पर शर्मशार करने वाली घटना हुई थी। इस मामले को लेकर चल रहे देशव्यापी डॉक्टरों के आंदोलन के दौरान 14 अगस्त को उस अस्पताल पर अज्ञात लोगों की भीड़ ने हमला किया, जिसमें अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड को काफी नुकसान पहुंचाया गया। डॉक्टर दुष्कर्म एवं हत्याकांड के विरोध में देशभर के डॉक्टर



लगातार जगह-जगह धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 13 अगस्त को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को डॉक्टर की कथित हत्या के मामले की जांच करने का निर्देश दिया था। पीड़िता डॉक्टर के माता-पिता समेत कुछ अन्य लोगों की याचिकाओं पर सुनवाई के बाद कार्रवाई करते हुए अदालत ने यह आदेश पारित किया था। कोलकाता पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। अदालती आदेश पर सीबीआई मामले की जांच में जुटी हुई है।

(पीड़िता की मां ने बताया आंखो देखा हाल- पैंट खुली थी और शरीर पर सिर्फ एक कपड़ा था- पेज 15)

# डायरिया से एक की मौत, दर्जन भर पीड़ित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद अनुमंडल के हैदरनगर थाना अंतर्गत राणाडीह गांव में डायरिया का प्रकोप है। इससे एक बच्ची की मौत हो गयी है और दर्जन भर लोग आक्रांत है। हुसैनाबाद एसडीओ पियूष सिन्हा के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम रानाडीह गांव में कैंप कर रही है। डायरिया से जिस बच्ची की मौत हुई है, उसका नाम नितू कुमारी (10) है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. विनेश कुमार ने रविवार को बताया कि जिन चार लोगों को ज्यादा दिक्कत है, उन्हें एंबुलेंस से अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया है। उनका उपचार किया



जा रहा है। डायरिया से पीड़ितों में पूनम कुमारी, राजकुमार राम, सोनी कुमारी, तिलेश्वरी देवी , सरस्वती देवी, विकास पासवान, सुषमा कुमारी, संजू देवी, उषा देवी चनारिक राम समेत अन्य शामिल हैं।

डा. विनेश ने बताया कि मुखिया विकास सिंह, समाजसेवी शुभम सिंह व राणाडीह की सहिया बबीता देवी की उपस्थिति में लोगों की स्थिति को देखते हुए उन्हें दवा व बचाव की जानकारी दी दी जा रही है। चिकित्सक के साथ स्वास्थ्य कर्मी नीरज कुमार सिंह व सुनील कुमार यादव एंबुलेंस के साथ एक टीम लगातार लोगों को जानकारी दे रही है। ग्रामीणों को आपात स्थिति के लिए कुछ जरूरी दावा भी दी गई।

(शेष पेज 15 पर)





# झारखंड में आज और कल भारी बारिश का अलर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मौसम विभाग ने 19 और 20 अगस्त को झारखंड के 14 जिलों में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। साथ ही वज्रपात की आशंका को ले कर लोगों को सतर्क रहने की भी सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार, 24 अगस्त तक राज्य में बारिश हो सकती है। राज्य के दक्षिण-पश्चिमी एवं निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर भारी वर्षा होने की संभावना है। इनमें गुमला, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम और खूंटी में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं राज्य के मध्य एवं निकटवर्ती उत्तरी भागों रांची, लोहरदगा, लातेहार, चतरा, गढ़वा, पलामू, हजारीबाग, रामगढ़, सरायकेला खरसांवा और पूर्वी सिंहभूम जिले में कहीं-कहीं पर भारी बारिश हो सकती है। इन जिलों में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## चेकडैम टूटा गांव में बाढ़ जैसी तबाही



वहीं दूसरी ओर कोडरमा प्रखंड के मेघातरी के कुशहना गांव में बना चेकडैम हल्की बारिश ही चेकडैम के बह गया। इससे कई गांव का सम्पर्क टूट गया। वहां बाढ़ का नजारा देखने को मिला। डैम के टूटने से सरकारी विद्यालय व कई घरों को भारी नुकसान हुआ है। वहीं कई मवेशी पानी में बह गये। प्राथमिक विद्यालय कुशहना में भी भारी नुकसान पहुंचा। विद्यालय में रखे मध्यान भोजन बनाने वाले अनाज, बच्चों के खेलकुद का समाज व कई जरूरी दस्तावेज बर्बाद हो गये। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक चेकडैम टूटने की जोरदार आवाज के साथ गांव में पानी घुसना शुरू हुआ। हम सभी समय किसी तरह सुरक्षित स्थान पर चले गए नहीं तो कई लोगों की जान भी जा सकती थी। इधर डैम टूटने की घटना की खबर पाकर कोडरमा सीओ व वन विभाग की टीम पहुंची। यहां डैम का निर्माण किस विभाग के द्वारा किया गया था कोई बताने को तैयार नहीं था। बताया जाता है कि वन विभाग अंतर्गत वन्य प्राणी आश्रयणी कोडरमा प्रमंडल से उक्त चेकडैम का निर्माण कराया गया था। दो साल पहले भी मरम्मति करायी गयी थी और बड़ी राशि की निकासी कर ली गयी। घटना की जानकारी मिलने के बाद विधायक नीरा यादव के निर्देशानुसार भाजपा कार्यकताओं ने मेघातरी पंचायत के विभिन्न बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ितों का हाल जाना और उनके बीच चूड़ा, गुड़, सतू और बिस्कुट का वितरण किया।

सुप्रभात
सोमवार 19.08.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 121
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

### राष्ट्र व समाज की रक्षा का संकल्प है रक्षाबंधन



**कतरास।** बाघमारा नगर रविदास टोला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से रविवार को रक्षाबंधन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी कलाइयों पर भगवा रक्षा सूत्र बांधा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क प्रमुख सत्यजीत सोनू ने कहा कि भारत वर्ष उत्सवों का देश है। सभी हिंदू भाई ऊंच, नीच और जाति के भेदभाव को त्यागकर एकजुट हो जाएं, तभी हम मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सिर्फ छह उत्सव चुना, जिनमें रक्षाबंधन प्रमुख है, जो रक्षा का संकल्प दिलाता है। रक्षाबंधन सिर्फ भाई–बहन का उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र व समाज की रक्षा का संकल्प है। इस मौके पर प्रशांत शर्मा, प्रेम कुमार, चन्द्रमा प्रसाद सहित कई बहनें मौजूद थी।

### जोड़ापोखर बरारी मोड़ काली मंदिर के समीप से बाइक की चोरी

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना अंतर्गत बरारी मोड़ स्थित काली मंदिर के पास से हीरो ग्लैमर बाइक संख्या जेएच बी एल 6222 की चोरी हो गई। रविवार को भुक्तभोगी सरफराज अंसारी ने पुलिस से बाइक चोरी की लिखित शिकायत की है। उन्होंने कहा कि संध्या 8 बजे किसी काम से बरारी मोड़ स्थित काली मंदिर के सामने बाइक लगाई। थोड़ी देर बाद जब वापस आया तो वहां से बाइक गायब थी। पीसीआर वाहन को बाइक चोरी के संबंध में सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामवृक्ष यादव का निधन



**मैथन।** कुमारधुबी कालीधौड़ा निवासी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राम वृक्ष यादव (74) का निधन रविवार की सुबह रांची के एक अस्पताल में हृदय गति रुक जाने से हो गया। वह पिछले एक माह से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार चिरकुंडा स्थित मारवाड़ी घाट में किया जाएगा। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। सूचना मिलने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह सहित पार्टी के कई नेता उनके आवास पहुंचे और परिवार वालों को ढांढस बंधाया। रामवृक्ष यादव कांग्रेस पार्टी से वर्षो से जुड़े रहे। वर्तमान में वहे रीजनल कमिटी के वाइस प्रेसिडेंड और राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के वाइस सेक्रेटरी पद पर थे। शोक व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि पार्टी इस दुख की घड़ी में उनके पूरे परिवार के साथ खड़ी है। वह कांग्रेस कमेटी के एक मजबूत और वरिष्ठ नेता थे। उनके अचानक चले जाने से हम सभी को और कांग्रेस पार्टी को भी काफी नुकसान हुआ है। मौके पर इंतोष सिंह, सुरेशचंद्र झा, लखी सोरेन, शशि भूषण सिंह, डीएन यादव, गैरुल हसन, रामप्रीत यादव, बीरेंद्र अम्बष्ट, शशिभूषण नाथ तिवारी, दुर्गा दास, विजय शंकर यादव, नागेंद्र यादव, निशिकांत मिश्रा, शशिभूषण तिवारी, डॉ. आईएम सिंह, पार्षद संजीव सिंह, सुशील चंद्रवंशी, विजय यादव, शंकर कोइरी, मो. इकराम मौजूद थे।

# अग्नि प्रभावित खदान में गिर कर मजदूर झुलसा, अस्पताल में मौत

## राग़िनी सिंह ने प्रबंधन से की वार्ता, परिजनों को मिला मुआवजा और नियोजन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झरिया।** बीसीसीएल लोदना क्षेत्र की कुजामा आउटसोर्सिंग परियोजना की अग्नि प्रभावित खदान में कार्य के दौरान एमओ सीपी निवासी असंगठित मजदूर नंदन यादव शनिवार को गोफ में गिर कर बुरी तरह झुलस गए। वहां कार्य कर रहे अन्य मजदूरों ने उन्हें किसी तरह गोफ से बाहर निकाला। उन्हें धनबाद स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां देर रात उनका निधन हो गया। इसके पहले भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह देर शाम गंभीर रूप से घायल नंदन यादव से अस्पताल में मिली और डॉक्टर से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने परिजनों से मुलाकात की और घटना पर दुख जताते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। देर रात नंदन यादव के निधन के बाद श्रीमती सिंह ने प्रबंधन से वार्ता की और मृतक के परिजनों को मुआवजा एवं नियोजन देने की मांग की। वार्ता में मृतक के परिजनों को पांच लाख नकद और पंद्रह लाख का चेक और नियोजन देने पर सहमति बनी। रविवार की सुबह रागिनी सिंह ने मृतक के परिजनों से मिल कर संवेदनाएं व्यक्त की और 5 लाख नकद एवं 15 लाख का चेक प्रदान किया। प्रक्रिया पूरी होने पर जल्द ही परिवार के किसी एक सदस्य को नियोजन देने की बात कही। इस मौके पर मृतक के परिजनों के अलावा जनता श्रमिक संघ के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अपराधियों के खिलाफ झारखंड-बंगाल की पुलिस चलाएगी संयुक्त अभियान

**मैथन।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड व पश्चिम बंगाल के पुलिस पदाधिकारियों की बैठक रविवार को पंचेत में हुई। दोनों राज्यों की पुलिस के बीच शांतिपूर्ण चुनाव के लिए समन्वय स्थापित कर अपराधियों की धर–पकड़ सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई. सूचनाओं के आदान–प्रदान,आपसी तालमेल व अपराधियों की धर–पकड़ में आपसी सहयोग पर बल दिया गया। वांछित अपराधियों व वारंटियों के खिलाफ बंगाल व झारखंड की पुलिस संयुक्त रूप से अभियान चलाएगी। अगर बंगाल के किसी अपराधी ने झारखंड में शरण ली है या झारखंड के अपराधी बंगाल में छिपे बैठे हैं तो उसकी गिरफ्तारी के लिए दोनों राज्यो की पुलिस मिलकर काम करेगी। निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने बताया कि झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य के सीमावर्ती इलाकों में चौकसी बढ़ाई जाएगी। सीमा पर कई चेक पोस्ट बनाए जाएंगे। महत्वपूर्ण जगहों का चयन किया जाएगा। हथियार, शराब व पैसों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए खुफिया जानकारी आपस में साझा की जायेगी, लोकसभा की तरह विधानसभा चुनाव भी शांति से संपन्न कराने का लक्ष्य है। इसीलिए दोनों राज्यों के पुलिस पदाधिकारियों की विशेष बैठक की गई थी।



## केशव महतो कमलेश के अध्यक्ष बनाये जाने पर कांग्रेसियों में हर्ष



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद परिसदन में रविवार को कांग्रेस नेताओं ने बैठक की । झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुशासन समिति के अध्यक्ष सह धनबाद जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केशव महतो कमलेश को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी जाहिर की गई और उन्हें बधाई दी। सभी नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन प्रभारी के. सी वेणुगोपाल, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर को धन्यवाद दिया। आभार प्रकट करते हुए बताया कि नव नियुक्त झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पार्टी के बहुत पुराने एवं जमीन से जुड़े नेता हैं। इसके पहले वह रांची जिले के सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं संयुक्त बिहार के मंत्री रह चुके हैं। संगठन में भी उन्होंने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष, जोनल को-ऑर्डिनेटर एवं अन्य दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वाह किया है। केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में पूरे झारखंड में कांग्रेस संगठन मजदूत होगा।

**मौके पर थे मौजूद**

बधाई देने वालों में मदन महतो, शमशेर आलम, वैभव सिन्हा, डुगर सिंह, पंकज राय, मनोज यादव, योगेंद्र सिंह योगी, प्रभाकर नोनिया, वीरेंद्र गुप्ता, मृत्युंजय सिंह, इम्तियाज आलम, पप्पू अरोड़ा, रणधीर ठाकुर, माधव सिंह, प्रदीप पांडे, मनोज सिंह,आमिर खान, बबलू दास, मंटू दास ,राजू दास, राजेश्वर राहुल यादव, दिलीप मिश्रा, राहुल राज आदि शामिल थे।

## सर्पों की देवी मां मनसा की पूजा में दी गई बकरों की बलि

### मन्नतें पूरी होने पर की गई पूजा-अर्चना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोविंदपुर ।** सर्पों की देवी मां मनसा की आराधना में रविवार की अलसुबह विलेज रोड एवं गांव भीतर की केवट कुल्ही में एक दर्जन से भी अधिक प्रतिमाओं के समक्ष पाठा की बलि दी गई। आधी रात के बाद निशि पूजा हुई, तत्पश्चात बलि दी गई। व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण कर व्रत तोड़ा। ऊपर बाजार में भी प्रतिमा स्थापित की गई थी। प्रायः सभी प्रतिमाओं का विसर्जन सोमवार को कर दिया जाएगा। शेष का विसर्जन मंगलवार को होगा। केवट कुल्ही में देर रात तक मेला सा दृश्य बना रहा।

### विदेशी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**जामताड़ा।** ट्रेन के रास्ते विदेशी शराब की तस्करी के मामले में एक युवक को शराब के साथ राजकीय रेल पुलिस ने चित्तरंजन में गिरफ्तार किया है। घटना शनिवार रात की है। पकड़ा गया युवक उत्तर प्रदेश का है। इस संबंध में जीआरपी चित्तरंजन पुलिस से जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार शराब तस्कर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिला के धूमनगंज थाना क्षेत्र के कांदयपुर गांव निवासी रोहित कुमार विश्वकर्मा है, जो विदेशी शराब को विभूति ट्रेन से ले जाने वाला था कि इसी बीच जीआरपी पुलिस ने शक के आधार पर उसे पकड़कर जीआरपी थाना चित्तरंजन थाना लाया। जीआरपी पुलिस के अनुसार पकड़े गए युवक के पास एक लाल रंग का ट्रॉली बैग था, जिसे खोलने पर ट्रॉली बैग विदेशी शराब की बोतल से भरा मिला।

## महिला डॉक्टर से हैवानियत के खिलाफ कैंडल मार्च

### सूर्यदेव सिंह चौक सिंदरी से कुंवर सिंह चौक तक गूंजे न्याय की मांग के नारे




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी ।** कोलकाता के आरजे कर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में महिला डॉक्टर के साथ रेप पर हत्या कर दिल दहला देने वाली घटना का पूरे देश में व्यापक विरोध हो रहा है। विरोध का समर्थन करते हुए रविवार को एडवा और ज्ञान विज्ञान समिति के सदस्यों ने सूर्यदेव सिंह चौक सिंदरी से शहरपुरा बाजार होते हुए कुंवर सिंह चौक तक कैंडल मार्च निकाला।मार्च में महिला, पुरुष हाथों में कैंडल और न्याय की मांग करने वाली तख्ती हाथ में लिये थे। कुँवर सिंह चौक पर दो मिनट का मौन रखकर महिला चिकित्सक को श्रद्धांजलि दी गई। एडवा सिंदरी नगर अध्यक्ष रानी मिश्रा ने बताया कि आजादी के 78 वर्ष बाद भी हमारे देश में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। ममता सरकार दोषियों को सजा देने की बजाय उन्हें संरक्षित कर रही है। सरकार दोषियों को जल्द फांसी की सजा दे। ज्ञान विज्ञान समिति के विकास कुमार ठाकुर ने कहा कि अस्पताल के प्राचार्य संदीप घोष को बर्खास्त कर दूसरे कॉलेज का प्राचार्य बना दिया जाना नाटक है। उन्हें हिरासत में लेकर सीबीआई को पूछताछ करनी चाहिए। पूरे देश के छात्र नौजवान, महिला, मजदूर और किसान गोलबंद होकर उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

**कैंडल मार्च में थे शामिल**

कैंडल मार्च में सविता देवी, रंजू प्रसाद, प्रिया कुमारी, ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य उपाध्यक्ष हेमंत कुमार जायसवाल, विकास कुमार ठाकुर, मुकेश कुमार, रंजीत कुमार मिश्रा, राजकुमारी देवी, राज नारायण तिवारी, भोला नाथ राम, मधेश्वर भगत, ठेका मजदूर यूनियन सिंदरी के महासचिव गौतम प्रसाद, सूर्य कुमार सिंह, सुबल चंद्र दास, राम लाल महतो, प्रमोद सिन्हा, नरेंद्र नाथ दास, शिबू राय, एस गुप्ता, बेला देवी, रोकी सिंह, सौरव सिंह, हरीश चंद्र गोप शामिल थे।

## कैंडल मार्च निकाल आरोपी को फांसी देने की मांग

### शहर में अलग अलग संस्थाओं ने निकाला कैंडल मार्च



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** कोलकाता के आरजीकर अस्पताल में ट्रेनी महिला चिकित्सक के साथ हैवानियत को लेकर कोयलांचल में विरोध बढ़ता जा रहा है। सरकारी व निजी अस्पताल के चिकित्सकों, समाजसेवी संगठन व राजनीतिक दल जस्टिस की मांग कर रहे हैं। रविवार को एसजेएएस सुपर स्पेशियलिटीअस्पताल के चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों ने कैंडल मार्च निकाल कर जोरदार प्रदर्शन किया। चिकित्सकों ने वी वांट जस्टिस, मेडिकल प्रोटेक्शन कानून लागू हो आदि के नारे लगाये। उन्होंने इस घटना को चिकित्सा समुदाय के खिलाफ एक गंभीर हमला मानते हुए इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान अस्पताल की ओपीडी सेवा पूरी तरह से बंद रही। सिर्फ ईमजेंसी और अस्पताल में भर्ती मरीजों को ही देखा गया। अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट ने कहा कि हमलोग इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रत्येक निर्णय के साथ एकजुटता से खड़े हैं। जब तक उस डॉक्टर को न्याय नहीं मिल जाता, हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा।

### बेहतर धनबाद संगठन ने निकाला कैंडल मार्च

बेहतर धनबाद संगठन के युवा नेता मयूर शेखर झा के नेतृत्व में जिला परिषद से रणधीर वर्मा चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया। पीड़िता को न्याय दो के नारे लगे। मयूर शेखर झा ने कहा कि कोलकाता का आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल लगातार विवादों में घिरा हुआ है। एक महिला ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए ह्रायावह कृत्य से गुस्साए छात्र और डॉक्टर लगातार विरोध–प्रदर्शन कर रहे हैं। डॉक्टर सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग कर रहे हैं, यह उनका हक है।

## सिंदरी के मां तारा मेडिकल में चोरी

### घर और दुकानों में चोरों का बढ़ा आतंक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** सिंदरी के घरों और दुकानों में चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्थानीय प्रशासन की नाक के नीचे चोर लगातार अपना कारनामा दिखा रहे हैं। क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। सिंदरी के रांगामाटी जयहिंद मोड़ के नजदीक शनिवार की रात मां तारा मेडिकल में चोरों ने छत की एस्बेस्टस शीट तोड़कर नकदी समेत हजारों रुपये के सामान की चोरी कर सनसनी फैला दी। दुकानदार अभिजीत मंडल ने बताया कि शनिवार की रात लगभग 10 बजे दुकान बंद कर वह घर चले गए। रविवार की सुबह दुकान खोला तो देखा कि छत का एस्बेस्टस टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा है। गल्ला में रखे 22 हजार रुपये गायब हैं। इसके अलावा हॉर्लिक्स, नान, महंगी दवाओं समेत हजारों रुपये के सामान भी गायब हैं। सूचना मिलने पर बलियापुर पुलिस पहुंची और घटना की जानकारी ली। बलियापुर थाना प्रभारी आशीष भारती ने बताया कि लिखित शिकायत मिलने पर कार्रवाई होगी।

# विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में एक बार फिर कलह शुरू

## प्रदेश मंत्री व धनबाद विधायक के इशारे पर जिला अध्यक्ष कर रहे काम : बॉबी पांडे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** कोयलांचल में भाजपा कलह के दौर से गुजर रही है। पार्टी के अंदर लगातार हो रहे बदलाव को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। पहले लोकसभा चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार ढुल्लू महतो के खिल नाराजगी दिखी। अब विधानसभा चुनाव से पूर्व पार्टी के प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, धनबाद के विधायक राज सिन्हा, जिला अध्यक्ष श्रवण राय के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। रविवार को हीरापुर स्थित अग्रसेन भवन में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, जिसमें कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष हटाओ का नारा दिया। सभी ने एक स्वर से प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से उन्हें हटाने की मांग की। वहीं प्रदेश मंत्री और धनबाद विधायक के खिलाफ मुदार्बाद के नारे भी लगाए गए।

पार्टी की नेत्री बॉबी पांडे ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जिले में पार्टी के अंदर कुछ भी ठीक नहीं है। ग्रामीण कमेटी, महानगर कमेटी, मंडल कमेटी और अब महिला मोर्चा के गठन में भेदभाव किया गया है। जो लोग तन-मन से पार्टी के लिए समर्पित हैं, उन्हें दरकिनार किया जा रहा है। सिर्फ महिला मोर्चा की बात करें तो पार्टी में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव सब ठीक काम कर रही थी। लेकिन अचानक एक ऐसी महिला को अध्यक्ष बना दिया गया, जो पार्टी से एक साल पहले ही जुड़ी है। वह पांच महीना से प्रेगनेंट भी है। यह कहां का न्याय है। यह सब कुछ प्रदेश मंत्री सरोज सिंह और धनबाद विधायक के इशारे पर हुआ है। जिला अध्यक्ष, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह बन गये हैं। उनका रिमोर्ट इन्हीं दो लोगों के हाथ में है। जब से वह जिला अध्यक्ष बने हैं, तब से भेदभाव की राजनीति शुरू हो गई है। वह पार्टी में पैसे लेकर पद बांटने का काम कर रहे हैं। यह सब कुछ दो लोगों के इशारे पर कर रहे हैं। ऐसे मुखौटे को जिला अध्यक्ष पद पर रखने का कोई हक नहीं है। इतना ही नहीं पार्टी विधानसभा चुनाव में यदि राज सिन्हा को टिकट देती है तो उन्हें सभी मिलकर हराने का काम करेंगे।



### पार्टी की नई कमेटी में पुराने कार्यकर्ताओं को जगह नहीं मिलने से बढ़ा तनाव

पार्टी के कार्यकर्ता अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि भाजपा में पिछले लोकसभा चुनाव के समय पार्टी के प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ धनबाद विधायक, जिला महानगर और प्रदेश मंत्री जहां तहां अनर्गल बयान देने का काम करे रहे थे। लेकिन उनकी एक नहीं चली, जनता ने पार्टी पर भरोसा जताते हुए श्री महतो को भरपूर आशीर्वाद दिया। अब यही लोग विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी में तोड़फोड़ करने में जुटे हैं। ऐसे लोगों को पार्टी में रहने का कोई हक नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष को जल्द फैसला लेना चाहिए। नहीं तो विधानसभा चुनाव में पार्टी का ही नुकसान होगा। ऐसे भी प्रदेश मंत्री जहां जहां चुनाव प्रभारी रहे, पार्टी को वह सीट गंवानी पड़ी। बैठक में दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

स्पीड न्यूज



### श्रीनाथ विवि में संस्थापक शंभु महतो ने किया झंडोत्तोलन

**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय, जमशेदपुर में 78वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। मौके पर विश्वविद्यालय के संस्थापक श्री शंभु महतो द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुखदेव महतो, कुलपति डॉ प्रो एसएन सिंह, डीन एडमिनिस्ट्रेटिव श्री जे राजेश, डीन एकेडमिक डॉ. दीपक शुक्ला सहित विश्वविद्यालय के तमाम सहायक प्राध्यापक और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के उपरांत, कुलपति डॉ एसएन सिंह ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को रेखांकित करते हुए बताया कि श्रीनाथ विश्वविद्यालय का देशभर में शैक्षिक उत्कृष्टता के क्षेत्र मे एक विशिष्ट पहचान बन रही है। इसके बाद, विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत संस्थापक श्री शंभु महतो द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। समारोह में छात्रों द्वारा कई रंगारंग और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये, जिनमें नृत्य, गायन, और नाटक शामिल थे। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके साथ ही, खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाणपत्र भी वितरित किये गये।

### श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की धूम



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मना 78वां स्वतंत्रता दिवस। मौके पर मुख्य अतिथि विद्यालय के संस्थापक शंभूनाथ महतो, अध्यक्ष सुखदेव महतो, विद्यालय प्रबंधन समिति की सदस्या अनिता महतो, श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एस एन सिंह प्रोफेसर श्री जे राजेश, प्रोफेसर डॉ दीपक कुमार , एच ओ डी इनजिन्यारिंग शशीकान्त सिंह, एच आर पी रविकान्त अकादमिक निदेशक दिलीप कुमार महतो, प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। अपने हाउस में खड़े छात्र-छात्राओं ने परेड मार्च करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। छात्रों ने देश भक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सबके हृदय में देश भक्ति की उमंग एवं जोश भर दिया। मुख्य अतिथि के हाथों विद्यालय में सम्पन्न विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। अंत में विद्यालय की सहायक शिक्षिका आयुषी शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना देते हुए समस्त अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापन किया।

### विद्या भारती चिन्मया स्कूल में हर्षोल्लास के साथ हुआ झंडोत्तोलन

**जमशेदपुर।** 15 अगस्त को विद्या भारती चिन्मय विद्यालय में हर्षोल्लास से 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। दिवस पूर्व 12वीं के छात्र ने पी ए सिस्टम के माध्यम से दिवस विशेष को अपने वक्तव्य द्वारा रेखांकित किया। विद्यालय में उक्त अवसर को चिह्नित करने के लिए स्वतंत्रता दिवस समारोह के अंतर्गत प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि विष्णु चंद्र दीक्षित, सचिव, विद्यालय प्रबंध समिति एवं प्राचार्या मीना विल्खू ने राष्ट्र ध्वजारोहण के साथ देश के वीर शहीदों को कृतज्ञतापूर्ण स्मरण किया।

# आज पद्मश्री अशोक भगत समेत 11 विभूतियों को मिलेगा संघ रत्न सेवा सम्मान

- हर हर महादेव सेवा संघ की भजन संध्या के दौरान मिलेगा सम्मान
- भजन गायक कन्हैया मित्तल शहर में पहली बार गायेंगे शिव स्तुति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** हर-हर महादेव सेवा संघ द्वारा सावन के अंतिम सोमवार, 19 अगस्त 2024 को साकची गुरुद्वारा मैदान में होने वाले भव्य भजन संध्या की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। संस्था के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने बताया कि शाम 6 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल शिव स्तुति का गायन करेंगे।

इस अवसर पर आदिवासी समाज और वंचितों के लिए पिछले करीब चार दशकों से सेवा प्रदान करने वाले पद्मश्री अशोक भगत को संघ रत्न सेवा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 11 अतिविशिष्ट व्यक्तियों को मंच द्वारा उत्कृष्ठ सेवा सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि साकची गुरुद्वारा में होने वाले इस भव्य भजन संध्या में करीब 25000 श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इनके लिए बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। पक्का पंडाल का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। सभी श्रद्धालुओं को निशुल्क चाय ,पानी ,भोग वितरण की व्यवस्था रहेगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए भी विशेष व्यवस्था रहेगी। प्रशासन स्तर से प्रत्येक वर्ष की भांति संघ को हर संभव सहयोग मिल रहा है।



भजन संध्या की तैयारी का जायजा लेते संघ के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले व उनके सहयोगी।

#### डॉ. आसिफ अहमद



डॉ. आसिफ अहमद

टीएमएच अस्पताल में सीसीयू इंचार्ज। मरीजों के प्रति समर्पित सेवा भाव और उत्कृष्ट मानवीय गुणों के साथ, वे एक आदर्श और करुणामयी व्यक्तित्व के धनी हैं।

#### केदारनाथ जासुका



केदारनाथ जासुका

श्याम प्रचार संघ के अध्यक्ष, जो कैंसर अस्पताल में मरीजों के अटेंडेंट के लिए निःशुल्क भोजन सेवा का संचालन कर रहे हैं, अपनी निःस्वार्थ सेवा से समाज के लिए एक प्रेरणा बन चुके हैं।

#### ए. के. झा



एस. के. झा

170 से अधिक बार रक्तदान कर मानवता की सेवा में अद्वितीय मिसाल कायम करने वाले प्रेरणास्रोत।

#### डॉ. तामोजित चौधरी



डॉ. तमोजीत चौधरी

एमटीएमएच अस्पताल के डीएम ऑन्कोलॉजिस्ट के रूप में, वे न केवल कैंसर मरीजों का उपचार कर रहे हैं, बल्कि अपनी करुणामयी संवेदनाओं से उनके जीवन में आशा और मुस्कान भी बिखेर रहे हैं।

#### डी.पी. शुक्ला



डी.पी. शुक्ला

उत्तर प्रदेश संघ के सचिव और अवकाश प्राप्त व्याख्याता, जिनका शिक्षाविद् के रूप में गहन अनुभव और ज्ञान समाज के लिए अनुकरणीय प्रेरणा है।


#### सतवीर सिंह सहोता



सतवीर सिंह सहोता

स्पेशल ओलंपिक भारत के रीजनल डायरेक्टर, जिन्होंने साइक्लिंग कोच और खिलाड़ी के रूप में जमशेदपुर का नाम विश्व स्तर पर गौरवान्वित किया।

#### अरविंद विद्रोही



अरविंद विद्रोही

वयोवृद्ध साहित्यकार और व्यंग्यकार, दर्जनों पुस्तकों के लेखक, जिन्होंने सदैव मानवीय मूल्यों की पैरवी की और अपनी लेखनी से समाज को नई दृष्टि प्रदान की।

#### रजनी उपाध्याय



रजनी उपाध्याय

64 बार रक्तदान कर चुकीं समाजसेवी, जो मातृशक्ति की सजीव प्रतीक हैं और मानवता की सेवा में अद्वितीय योगदान दे रही हैं।

#### विजय सिंह



विजय सिंह

रेडक्रॉस सोसाइटी के मानद सचिव, जो मानव सेवा के प्रति अपनी निःस्वार्थ प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट कार्यों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत हैं।

#### चंदेश्वर खां



चंदेश्वर खां

एक सम्मानित मैनेजमेंट गुरु और टाटा मोटर्स से अवकाश प्राप्त अधिकारी, जिन्होंने नौजवानों में ऊर्जा का संचार और कौशल प्रबंधन के गुण सिखाने के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन किया है।



पद्मश्री अशोक भगत

#### त्रिलोक सिंह

जिनका जीवन कैंसर मरीजों के प्रति पूरी तरह समर्पित है, वे उनके दुख-सुख के सच्चे साथी और परिजनों की तरह हैं। लोगों के लिए वे मित्र, परिवार और एक अनिवार्य समर्थन स्तंभ बन

# 40 मिलियन टन सालाना उत्पादन क्षमता की ओर बढ़ रही है टाटा स्टील : चाणक्य चौधरी

- 2026 तक लुधियाना में 0.75 मिलियन टन स्क्रैप-आधारित लो-कार्बन इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस प्लांट का होगा शुभारंभ
- टाटा स्टील वर्क्स परिसर में वीपीसीएस चाणक्य चौधरी ने किया झंडोत्तोलन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



झंडोत्तोलन समारोह को संबोधित करते कंपनी के वीपी सीएस चाणक्य चौधरी।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के वीपी (कारपोरेट सर्विसेस) चाणक्य चौधरी ने कहा है कि हमारा देश नए संकल्पों के साथ 'अमृत काल' में प्रवेश कर चुका है और हम 2047 तक भारत को एक समावेशी और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। टाटा स्टील इस मोर्चे पर एक दृढ़ भागीदार रहा है। हम खेल, स्वास्थ्य देखभाल, स्थायी आजीविका, जातीयता का संरक्षण, महिलाओं और युवाओं का सशक्तिकरण के क्षेत्र में काम कर रहे हैं।

चौधरी, 15 अगस्त को टाटा स्टील वर्क्स में झंडोत्तोलन के बाद कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सरकार की अगली पीढ़ी के सुधारों का समर्थन करते हैं जो भारत में व्यापार करने में आसानी को बढ़ाएगा। लगभग 11 लाख करोड़ रुपये के बढ़े हुए पूंजीगत व्यय से बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा मिलेगा, जिसका अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। हम 'कठिन कटौती' वाले उद्योगों में उत्सर्जन लक्ष्य के लिए एक रोडमैप बनाने की सरकार की पहल की भी सराहना करते हैं और भारतीय कार्बन बाजार नियमों पर अधिक जानकारी के लिए तत्पर हैं।

चाणक्य चौधरी ने कहा कि कंपनी सालाना 40 मिलियन टन क्षमता तक पहुंचने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत में क्षमताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति कर रही है। कलिंगनगर चरण टू का विस्तार वर्तमान में चल रहा है। कलिंगनगर में दूसरा ब्लास्ट फर्नेस जल्द ही चालू होने वाला है, जिससे टाटा स्टील कलिंगनगर में हॉट मेटल की कुल उत्पादन क्षमता 8 एमटीपीए तक बढ़ जाएगी। इस विस्तार से कंपनी के फ्लैट उत्पाद पोर्टफोलियो का भी विस्तार होगा। इसके अतिरिक्त भारत के पंजाब के लुधियाना में 0.75 एमटीपीए स्क्रैप-आधारित लो-कार्बन इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस प्लांट के 2026 की शुरूआत में चालू होने की उम्मीद है, जिससे कंपनी के लंबे उत्पादों के पोर्टफोलियो का और विस्तार होगा।

**डिजिटल तकनीक का लाभ :** चाणक्य चौधरी ने कहा कि हमने दक्षता में सुधार करने और अपने काम करने के तरीके में बदलाव लाने के लिए डिजिटल तकनीक का लाभ उठाया है, जिससे हमें प्रदर्शन के उच्च स्तर तक पहुंचने में मदद मिली है। हमने एक रणनीतिक समर्थक (एसई) के रूप में इस्पात उद्योग में डिजिटल नेतृत्व को प्राथमिकता दी है और क्लाउड, डेटा और एआई प्रौद्योगिकियों में निवेश किया है। परिवर्तन एक सुरक्षित, बहु-किरायेदार क्लाउड और निरंतर व्यावसायिक संचालन के लिए कनेक्टिविटी के आसपास केंद्रित है।

**वन टाटा स्टील दृष्टिकोण :** बदलती जनसांख्यिकी और बदलती अपेक्षाएं हमें कार्य, कार्यक्षेत्र और मानव संसाधनों के भविष्य पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित करती हैं। जैसे-जैसे हम विश्व स्तर पर विस्तार करते हैं, जटिलताएं और अपेक्षाएं बढ़ती हैं, जबकि गुणवत्ता की परिभाषा विकसित होती है। हमने दुनिया भर में अपने सभी स्थानों को एकजुट करने के लिए 'वन टाटा स्टील' दृष्टिकोण अपनाया है।

**शहर के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है टाटा स्टील :** टाटा स्टील की उल्लेखनीय यात्रा की शुरूआत जमशेदपुर से हुई, जहां हमने अपने संस्थापक के दूरदर्शी आदर्शों को पूरे दिल से अपनाया। पूरे वर्षों में टाटा समूह, विशेष रूप से टाटा स्टील ने इस शहर के विकास और विकास को बढ़ावा देने के लिए उत्साहपूर्वक प्रयास किया है। झारखंड के साथ टाटा समूह की दीर्घकालिक साझेदारी एक शताब्दी से अधिक समय से चली आ रही है, जो राज्य की प्रगति के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। वर्षों से कंपनी पूर्वी भारत के विकास और उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए समर्पित है।

## राष्ट्र निर्माण में योगदान जारी रखेगी टाटा स्टील यूआइएसएल : रितुराज सिन्हा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- टाटा स्टील यूआईएसएल ने मनाया 78वां स्वतंत्रता दिवस



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल (पूर्व में जुस्को) ने 78वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया। यह कार्यक्रम टाटा स्टील यूआईएसएल परिसर के जुस्को ग्रीन में हुआ, जहां टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक श्री रितु राज सिन्हा ने जेएसयू के अध्यक्ष श्री रघुनाथ पांडे और टाटा स्टील यूआईएसएल की वरिष्ठ नेतृत्व टीम की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर जेएसयू के पदाधिकारी और टाटा स्टील यूआईएसएल के अधिकारी भी मौजूद थे। समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसके बाद राष्ट्रगान गाया गया, जिससे माहौल गर्व और एकता से भर गया। अपने संबोधन में श्री रितु राज सिन्हा ने इस ऐतिहासिक दिन के महत्व पर जोर दिया और राष्ट्र निर्माण और समुदाय की भलाई में योगदान देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया।

## टाटा मोटर्स में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस समारोह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स जमशेदपुर ने 15 अगस्त को 78वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया। टेल्को सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम में आयोजित समारोह में प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

कार्यक्रम की शुरूआत एक पुरस्कार वितरण समारोह से हुई, जहां पिछले गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान ड्रिल और नृत्य प्रदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को पुरस्कृत किया गया। योग्य कर्मचारियों को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी और सर्वश्रेष्ठ स्व-निर्देशित टीम पुरस्कार भी प्रदान किए गए।



राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते टाटा मोटर्स के प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी।

इस अवसर पर प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी ने स्वतंत्रता के महत्व और देश के विकास में योगदान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारी इंडस्ट्री 4.0 एवं डिजिटाईजेशन यात्रा का एक स्मार्ट डिजिटल फ्रेमवर्क के साथ आगे बढ़ रही है। कई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की परियोजनाएं शुरू है।

समारोह के बाद एक परेड हुई, जिसमें सुरक्षा प्लाटून, फायर प्लाटून, निओपन सुरक्षा, एनसीसी, कैनाइन अनुभाग और 16 स्कूलों ने भाग लिया। इस मौके पर कंपनी व मान्यता प्राप्त टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन पदाधिकारी के पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में कंपनी कर्मचारी व उनके परिजन उपस्थित थे।

# चार अनाथ बहनों के भाई बने हरि सिंह राजपूत

**रक्षाबंधन पर विशेष**

- 45 किलोमीटर दूर गांव जाकर मनायी रक्षाबंधन
- गिफ्ट की साइकिल व पाठ्य सामग्री, आगे की पढ़ाई का सारा खर्च भी उठायेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर से 45 किलोमीटर दूर निमडीह प्रखंड में चलियामा गांव के बनकाटी टोला में रहने वाली 4 अनाथ बहने,जिसके माता पिता का 4 साल पहले मृत्यु हो जाने चारों बहने अनाथ हो गई थी,माता पिता के जाने के बाद सबसे बड़ी बहन कांदरी सिंह जो सिर्फ 15 साल की है वो मजदूरी कर अपनी तीनों छोटी बहनें जो 13 साल,11 साल,9 साल है उनका पालन पोषण कर रही है और छोटी बहने को पढ़ा भी रही है । इसकी सूचना मिलते ही वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी के संस्थापक और टाटा स्टील में इंजीनियर के रूप में कार्यरत हरि सिंह राजपूत रक्षाबंधन मनाने उन बहनों के भाई बन जमशेदपुर से उनके गाँव पहुंचे । चारों बहने ने हरि को राखी बांधी। हरि ने अपने साथियों के साथ गिफ्ट के रूप में नई साइकिल, स्कूल बैग, कॉपी, चॉकलेट देकर उनकी मदद करने की कोशिश की और आगे भी शिक्षा में मदद करने का भरोसा दिया । नई साइकिल देखते ही सभी के चेहरे खिल उठे, पास मौजूद गांव वाले ने बताया की काफी दिनों बाद इन बहनों के चेहरे पर खुशी मिला । हरि सिंह ने बताया की इन बच्चों की खबर सुनकर मन काफी दिनों से दुखी था,इनकी मदद करने के उद्देश्य से रक्षाबंधन के अवसर पर उनके घर गया और बच्चियों की मदद की,ताकी बच्चियों की पढ़ाई नहीं छूटे और बेटियां आने वाले दिनों में आत्मनिर्भर बन सके। आगे भी बच्चियों का पढ़ाई का खर्च जितना संभव होगा उतना स्वयं उठाएंगे। साथ में मौजूद रंजन सिंह, मोहित सिंह और अभिषेक झा मौजूद थे।



रक्षा सूत्र बंधवाने के बाद चारों बहनों को उपहार में साईकिल एवं पाठ्य सामग्री प्रदान करते युवा समाजसेवी हरि सिंह राजपूत।

## एक नजर में

### नारायण आइटीआई में चेयरमैन जटाशंकर पांडेय ने किया झंडोत्तोलन



**जमशेदपुर।** गत 15 अगस्त को 78वें स्वतंत्रता दिवस के पुनीत अवसर पर शहर के सुप्रसिद्ध शिक्षाविद जटा शंकर पांडेय ने चांडिल स्थित अपने नारायण आइटीआई, लुपुंगडीह, चांडिल के प्रांगण में राष्ट्र की आन, बान और शान पवित्र तिरंगे का ससम्मान ध्वजारोहण किया तथा सभी राष्ट्र प्रेमियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### एनटीटीएफ में स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन



**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ आर डी टाटा तकनीकी संस्थान, गोलमुरी में 78वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रमेश राय, वाईस प्राचार्य संस्थान की प्राचार्या प्रीता जॉन उपस्थिर रहे। इस अवसर पर श्री रमेश राय ने देश के शहीदों एवं वीरों पर अपने विचार प्रकट किए एवं सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना दी।

### जेपी स्कूल में झंडोत्तोलन कार्यक्रम संपन्न



**जमशेदपुर।** आज 78वें स्वतंत्रता दिवस के पुनीत अवसर पर शहर के सुप्रसिद्ध समाजसेवी, शिक्षाविद व भाजपा झारखंड के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जटा शंकर पांडेय ने जेपी स्कूल, मानगो, शंकोसाई, रोड नंबर 5 से विद्यालय के छात्र-छात्राओं संग शंकोसाई बस्ती से खड़िया बस्ती, राम नगर, श्याम नगर, एकता नगर जयप्रकाश नगर रिफ्यूजी कॉलोनी डिमना रोड बालिगुमा केंदु कोचा बस्ती और केदार बागान बस्ती तक आयोजित प्रभात फेरी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

### विधायक मंगल कालिंदी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी

**जमशेदपुर।** 15 अगस्त को 78वाँ स्वतंत्रता दिवस पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के हुरलूंग पंचायत अंतर्गत प्रकाश नगर में,परसुडीह हाट बाजार में, तिलकानगर में, गदड़ा चौक में और गोविंदपुर कपूर्री पार्क के प्रांगण में ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी और देश के वीर शहीदों को नमन किया। राष्ट्रीय गान के बाद उपस्थित लोगों के साथ स्वतंत्रता दिवस की खुशी को सांझा की और उन्हें बधाई दी। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा स्वतंत्रता हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की अमूल्य धरोहर हैं। हम सब का यह दायित्व है कि इसे संजो कर रखें।

### भाजपा मानगो मंडल कार्यालय में जटाशंकर पांडेय ने किया झंडोत्तोलन

**जमशेदपुर।** गत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के 78वें वर्षगाँठ पर आज भाजपा जमशेदपुर महानगर अंतर्गत मानगो मंडल कार्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के प्रमुख समाजसेवी, शिक्षाविद व भाजपा झारखंड के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री जटा शंकर पांडे जी ने पवित्र राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने प्रिय भाजपा कार्यकताओं को स्वाधीनता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्य को निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने के लिए उत्साहित किया। यह स्वतंत्रता का दिन हमें इतिहास को याद करने के लिए मिला है की हम इतिहास में की हुई गलतियों से सीख ले और राष्ट्र विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दें।

### डा मनोहरलाल गोयल -श्रीनिवास केडिया ट्रस्ट ने स्वतंत्रता दिवस मनाया



**जमशेदपुर।** डॉ मनोहर लाल गोयल - श्रीनिवास केडिया ट्रस्ट के तत्वाधान में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया । 15अगस्त 1947 को हमारे इस मातृभूमि का पहला स्वतंत्रता दिवस था। आज जिस भूमि को हम अपना आजाद वतन मानते हैं उसे आजाद हुए 78 वर्ष हो चुके हैं । माई किड्स स्कूल के डायरेक्टर, अरुण गोयल ने झंडा फहराया कझंडा फहराने के समय स्कूल के डायरेक्टर, प्रिंसिपल , बच्चे और स्टाफ ने राष्ट्रगान गाया कबच्चे में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए स्पीच कॉम्पिटीशन्स, नाटक, पेट्रियोटिक गीत और नृत्य के कार्यक्रम आयोजित किया गया जिनमे बच्चों ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूल की प्राचार्य, श्रीमती ईशा गोयल , स्कूल के शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का योगदान था।

# दो दिवसीय आजादी के जश्न का हुआ समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही के पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। 15 अगस्त को विद्यालय की विभिन्न शाखाओं में पंचमाधव, गोरिया करमा, बरकट्ठा, पांडेबारा, गाड़ीकला और बड़कागांव में सुबह 8 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पंचमाधव शाखा में विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने ध्वजारोहण किया, जबकि अन्य शाखाओं में शाखा प्रमुखों ने यह जिम्मेदारी निभाई। इस दौरान छात्रों, शिक्षकों और उपस्थित सभी लोगों ने झंडे को सलामी दी और भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से माहौल गूंज उठा। 15 अगस्त को पंचमाधव, गाड़ीकला और बड़कागांव शाखाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जबकि बरकट्ठा और पांडेबारा शाखाओं में प्रभात फेरी और ध्वजारोहण के बाद 16 अगस्त को सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। पंचमाधव शाखा में आयोजित समापन समारोह के मुख्य अतिथि बरही एसडीओ जोहन टुडू, विशिष्ट अतिथि डीएसपी सह एसडीपीओ सुरजीत कुमार एवं बरही थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार मौजूद थे। इस मौके पर टर्म वन में प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अच्युतम् केशवम, दिल है छोटा सा, संदेशे आते हैं, तेरी मिट्टी, और वंदे मातरम जैसे



उपस्थित अतिथि व अन्य

प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। सम्मानित होने वाले छात्रों में राजकुमार पिता सुरेश कुमार यादव, प्रतिक गुप्ता पिता ओम प्रकाशगुप्ता, कृष पाण्डेय पिता कुलदीप पाण्डेय, शायन्त देव पिता प्रकाश कुमार देव, मिस्टी कुमारी पिता मनोज कुमार यादव, फरहान फाजी पिता मोहम्मद फिरदौस अंसारी, इशरत नूरी पिता इकबाल अंसारी, गासीफ रहमान पिता मोहम्मद फरीद, मदीहा इरफान पिता मोहम्मद इरफान अहमद, आदित्य राज पिता राज कुमार, निधि कुमारी पिता पवन कुमार, अब्दुस सलाम पिता सद्दाम हुसैन, सोनू केसरी पिता संतोष केसरी, मोहम्मद कैफ मोहम्मद मुस्तकीम, प्राची गुप्ता पिता ओम प्रकाश गुप्ता शामिल थे। मुख्य अतिथि एसडीओ जोहन टुडू ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल राष्ट्रीय त्योहार नहीं, बल्कि हमारे लिए भावनात्मक रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने अभिभावकों और बच्चों को याद दिलाया कि आजादी की रक्षा के लिए हम सभी को एक अच्छे नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डीएसपी सह एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने वर्तमान समय की प्रतियोगिता और मल्टीटास्किंग पर जोर देते हुए बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने की प्रेरणा दी। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने कहा कि आईलेक्स पब्लिक स्कूल का उद्देश्य बच्चों को हर क्षेत्र में उत्कृष्ट बनाना है। उन्होंने बताया कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए समय-समय पर विशेष कक्षाओं का आयोजन किया जाता है और इस दिशा में शिक्षक पूरी तत्परता से कार्य करते हैं। साथ ही, उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देने का आग्रह किया।

## भुरकुंडा सत्संग भवन में सत्संग सह रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा सत्संग भवन में रविवार को सत्संग सह रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता शाखा मुखी अशोक कुमार चौहान ने किया। सत्संग की शुरूआत परम पिता परमात्मा कण-कण में तेरा वास से हुआ। मौके पर मुखी अशोक कुमार चौहान ने समस्त कोयलांचलवासियों को भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन पर्व की बधाई देते हुए कहा की रक्षाबंधन भाई-बहन का एक पवित्र रिश्ता होता है। हर भाई को इस रिश्ता को निभाना चाहिए। हर सुख-दुख में साथ देना चाहिए। सत्संग के बाद सभी निरंकारी बहनो ने शाखा मुखी अशोक कुमार चौहान के कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके दीघार्यु होने की कामना की। अशोक कुमार चौहान ने सभी निरंकारी बहनो को उनके सुख-दुख में साथ देने का वचन दिया।

## श्री राम चरित्र मानस सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने
# बुद्धिजीवी वर्गो के कई लोगों को राम चरित्र पुस्तक भेंट की

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** श्री राम चरित्र मानस सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह ने रविवार को दारू प्रखंड के जिनगा,रामदेव खरिका, कवालु, हरली, चीरवा का भ्रमण किया। जहां उन्हें भव्य स्वागत किया गया। श्री सिंह ने पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी लोगों को रामचरितमानस की पुस्तक भेंट की। साथ ही रक्षाबंधन के मौके पर उन्होंने गरीब महिलाओं को साड़ी तथा पुरुषों को जय श्री राम लिखा टी शर्ट वितरण किया। भ्रमण के दौरान सभी स्थानों पर उन्होंने संस्था के बारे में बताया और कहा कि मैं सेवा करने आया हूं सेवा करना चाहता हूं हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बेटियों के लिए स्वरोजगार उपलब्ध कराना,वैसे गरीब परिवार जो अपनी



पुस्तक भेज करते अतिथि

बेटी के विवाह के लिए दहेज उपलब्ध नहीं करा पाते वैसे बेटियों के लिए विवाह संपन्न करने की काम करती हैं,जरूरत पड़ने पर कन्यादान भी मै करता हूं। महिलाओं को स्वरोजगार बनाने के लिए सिलाई सेंटर उपलब्ध कराना, बड़े बीमारी से ग्रसित लोगों का मुफ्त में इलाज करवाना की व्यवस्था देना, बच्चों को प्रतियोगिता के लिए तैयार मुफ्त कोचिंग उपलब्ध कराना, वैसे बच्चे जो पैसे का अभाव में पढ़ नहीं पाते उसके लिए कोचिंग की व्यवस्था करना, बच्चों को शिक्षित करना, वृद्ध माता-पिता के लिए उत्तम व्यवस्था देना,ब्लड कैंप लगाकर निशुल्क ब्लड उपलब्ध कराना, स्वरोजगार से जोड़ना, निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा इत्यादि पर यह संस्था कार्य कर रही है। अंत में उन्होंने कहा कि अभी तक मैंने तीन कैंसर पीड़ित व्यक्ति को मुक्त इलाज करवाया और दारू प्रखंड से एक पीड़ित व्यक्ति मिले हैं जिनका इलाज जल्द शुरू होगा। स्वरोजगार एवं किसी रोग से पीड़ित व्यक्ति सीधा हमसे संपर्क करें इसे लेकर अपना फोन नंबर भी लोगों के बीच जारी किया। इस कार्यक्रम के बाद उन्होंने बासोबार सिवाने नदी पर लगी पर्यावरण मेला में पहुंचे जहां उन्हें भव्य स्वागत किया गया। वहां भी उन्होंने अपने विचारों को रखा। और सभी गणमान्य व्यक्तियों को रामचरितमानस की पुस्तक भेंट किया। मौके पर संस्था के महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष श्वेता सिंह, सहयोगी लक्ष्मण कुमार, विजय सिंह, अनीश कुमार सिंह,अभिनव कुमार, जिनगा पंचायत की मुखिया पिंकी देवी, समाजसेवी प्रभात सिंह, हरली पंचायत मुखिया फरजाना खातून, सोनी कुशवाहा, सुरेश प्रसाद,प्रमोद राम एवम्‍ विभिन्न स्थानों के सैकड़ो महिलाओं एवं पुरुष शामिल थे।

## जवाहर नगर ज्योति क्लब दुर्गा मंडप में श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति की हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** दुर्गा पूजा मनाने को ले भुरकुंडा जवाहर नगर स्थित ज्योति क्लब दुर्गा मंडप प्रांगण में रविवार को श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई। बैठक में पिछले वर्ष के दुर्गा पूजा के आय-व्यय का व्योरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही प्रत्येक वर्ष भांति इस वर्ष भी पूरे धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर मंडप का रंग-रोगन, साफ-सफाई, देवी-देवताओं की प्रतिमा, टेंट-लाईट, साउंड व कोष संग्रह आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। कहा गया कि सभी सहयोग व सहभागिता से इस वर्ष भी जवाहर नगर में भव्य रूप से दुर्गा पूजा मनाया जायेगा। बैठक में जवाहर नगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, समाजसेवी श्रीनिवास अग्रवाल, कामेश्वर मेहता, रोशन राणा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## वर्षो बाद आचार संहिता उल्लंघन के मामले से बरी हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण सिन्हा



अधिवक्ता के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा एवं दूसरे दलों के 6 लोगों पर वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव के दौरान पुलिस द्वारा आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था।

इस मामले की सुनवाई वर्षों बाद 16 अगस्त 2024 को हुई। जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा एवं दूसरे दलों के 6 अन्य लोगों को अभियोजन पक्ष द्वारा प्रूफ किये जाने के कारण बरी कर दिया गया। वर्षों चला मामला फिर भी पार्टी संगठन की मजबूती के लिए कार्य करते रहे अरूण कुमार सिन्हा वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा पर आचार संहिता उल्लंघन को लेकर कई वर्ष तक मामला चला। पर वे जरा भी नही घबराये और लगातार पार्टी संगठन की मजबूती के लिए कार्य करते रहे। संगठन की मजबूती के लिए विभिन्न क्षेत्रों का उन्होंने दौरा किया।

पाटी की नीति सिद्धांतों का जन जन तक प्रचार प्रसार किया। रामगढ़ जिले में पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने में श्री सिन्हा का अहम योगदान रहा है। मामले में बचाव पक्ष के अधिवक्ता संसार जायसवाल ने बताया की यह मामला वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव के दौरान का है। जिसमें पुलिस ने अरूण कुमार सिन्हा एवं अन्य 6 लोगों पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया था। अधिवक्ता ने बताया की अभियोजन पक्ष मामले को प्रूफ नही कर पाया जिस कारण मामले के सभी आरोपियों को बाइज्जत बरी कर दिया गया और मामला अब समाप्त हो गया है।

## कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में चोरों ने की चोरी

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र में इन दिनों चोरों का आतंक काफी बढ़ गया है। लोग अब अपने घर को छोडकर बाहर जाने से भी कतराने लगे है। पिछले कई दिनो से लगातार क्षेत्र में चोरी की घटनाएं हो रही है। चोरों ने अब तो सरकारी पंचायत भवन को भी नहीं छोड़ा। क्षेत्र कुजू कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में बीती रात चोरों ने ताला तोड़कर हजारों रुपए मूल्य के समान चोरी कर फरार हो गये। मामले को लेकर कुजू पूर्वी मुखिया ललिता देवी ने कुजू ओपी में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। दिये गये आवेदन में उन्होंने कहा है कि दो बाइक पर हेलमेट पहने चोरों ने पंचायत भवन पहुंचकर गेट का ताला तोड़कर कमरों का भी ताला तोड़ा। साथ ही मुखिया कार्यालय से एलईडी टीवी, प्रज्ञाकेंद्र से एक लैपटॉप, अलमीरा से दो हजार रुपए एवं पंचायत स्वयं सेवक के कमरा से तीन हजार रुपए की चोरी कर ली। वहीं ग्रामीणों के जागने के बाद चोरी कर ले जा रहे बैटरी को फोरलेन सड़क के किनारे छोड दिया। इधर शुक्रवार की बीती रात भी सर्वोदय निकेतन के पास से बंद पड़ी आवास से चोरों ने कीमती आभूषण सहित नगदी 25 हजार रुपए की चोरी कर ली थी। मुखिया ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों को पकड़ कर कार्रवाई की मांग की है।

# भरेचनगर सांडी में उमा डेंटल केयर एण्ड इमप्लांट सेंटर का हुआ भव्य उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़ ।** क्षेत्र के ख्याति प्राप्त दंत चिकित्सक डॉ डीके मिश्रा का नया डेंटल केयर सेंटर उमा डेंटल केयर एण्ड इमप्लांट सेंटर का रविवार को भरेचनगर सांडी में विधिवत उदघाटन किया गया। उदघाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ केएन प्रसाद तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ (श्रीमती) इन्दिरा प्रसाद, डॉ महेश खंडेलवाल, डॉ अभिनव कुमार, डॉ मुकेश कुमार, डॉ बीएन दूबे, डॉ विवेक तिवारी, डॉ राहुल सिंह, डॉ एस सौरभ, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी सीपी संतन मुख्य रूप से मौजूद थे। डेंटल केयर सेंटर का विधिवत उदघाटन मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि सहित डॉ डीके मिश्रा एवं उनकी धर्मपत्नी ममता मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा फीता काटकर किया गया। तत्पश्चात डेंटल केयर सेंटर में मरीजों के इलाज के लिए लगाए गए उपस्करों का अतिथियों ने अवलोकन किया। मौके पर मुख्य अतिथि केएन प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र में डेंटल केयर सेंटर की नितांत आवश्यकता थी। लोगों को रामगढ़, रांची सहित अन्य जगहों पर जाकर इलाज कराना पड़ता था।इस सेंटर के खुलने से इस क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी। वहीं डेंटल केयर सेंटर संचालक डॉ डीके मिश्रा ने बताया कि डेंटल केयर बहुत जरूरी है।केयर के अभाव में डेंटल की अनेक समस्याओं से लोग जूझ रहे हैं। लोगों की परेशानियों को सुलभ तरीके से दूर करने, उनके चेहरे पर मुस्कान लाना मेरा मुख्य उद्देश्य है।



फीता काटकर उदघाटन करते मुख्य अतिथि



सुसज्जित डेंटल केयर सेंटर

## तोपा में दुर्गा पूजा को लेकर बैठक

**कुजू।** दुगार्पूजा मनाने को लेकर तोपा पीओ कार्यालय के समक्ष बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रबंधक कार्मिक सन्नी कुमार व संचालन रामभजनलाल महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह,खान प्रबंधक मनोज कुमार सर, सेल्स आफिसर निलेश कुमार शामिल हुए। इस दौरान दुर्गा पूजा समिति 2023 का आय- व्यय का विवरण सचिव ने प्रस्तुत किया। वही, वर्ष 2024 में पूजा धूमधाम मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही, दुर्गा पूजा के सफल संचालन को लेकर कमिटी का गठन किया गया।

# 23 अगस्त को युवा आक्रोश रैली की तैयारी को लेकरबैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**विष्णुगढ़।** झारखंड में 5 लाख युवकों को प्रतिवर्ष नौकरी, शिक्षित बेरोजगारों को 5000 और 7000 बेरोजगारी भत्ता, महिला सुरक्षा, गैरमजुरुवा जमीन का दाखिल खारिज वादे के साथ सत्ता में आई हेमंत सोरेन सरकार के वादा के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के तत्वाधान में 23 अगस्त 2024 को मुख्यमंत्री आवास घेराव रैली प्रदेश नेतृत्व एवं झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी भारत सरकार के कैबिनेट कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्व शर्मा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशन पर,नौकरी और बेरोजगारी भत्ता के इंतजार में लाखों युवाओं ने झारखंड की वर्तमान सरकार को आगामी विधानसभा में उखाड़ फेंकने का बैठक में निर्णय लेकर 23 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास घेराव में विष्णुगढ़ प्रखंड के सभी पंचायत से 500 युवा एवं कार्यकर्ता भाग लेने का निर्णय लिया । बैठक मे बिष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल की अध्यक्षता एवं पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार के संचालन में संपन्न हुई । इस बैठक में पूर्व सांसद प्रतिनिधि शंभूनाथ पांडे कोडरमा जिला किसान प्रकोष्ठ प्रभारी सुशील कुमार महतो मंडल मंत्री निर्मल कुमार सुनील कुमार मिश्रा संतोष कुमार महतो प्रभु विश्वकर्मा दीपक रजक अशोक कुमार जयनाथ साव मनजीत सिंह शेख मेराज मोहन कुमार हसदा, विनोद सिंह संजय कुमार बबलू सुनील अकेला राजू श्रीवास्तव बंटी श्रीवास्तव शशि लहकार दीपू भाई लखन प्रसाद डब्लू सोनी अब्दुल जब्बार दीपक राणा विजय गंजू सुरेश कुमार दास रंजीत कुमार पासवान सुरेश राम टेकलाल राम राजू यादव कारू प्रजापति अरविंद लहकार जागेश्वर महतो सुनील पासवान रामधन माली संजय मंडल कैला महतो गोवर्धन महतो सुरेश रजवार राजेंद्र यादव राजेश प्रसाद द्वारका साव अनुज मिश्रा पंचम राम कपिल राम दिनेश राम कलराज राम रामचंद्र महतो समेत दर्जनों कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित हुए । बैठक में सर्व समिति से 23 अगस्त को युवा आक्रोश रैली में युवाओं को ले जाने हेतु पंचायत वार प्रभारी की नियुक्ति की गई है पंचायत भेलवारा से संतोष कुमार महतो, अशोक कुमार खरना, बेड़ा हरियारा से राजेश प्रसाद, सुरेश रजवार , दीपक रजक। बिष्णुगढ़, चेडरा से लखन प्रसाद, अनूप कसेरा, सुरेश कुमार दास। बनासो से राजू यादव, सुरेश राम। बकसपुर, नवादा से जागेश्वर महतो एवं द्वारिका साव को प्रभारी बनाया गया है।



बैठक में शामिल लोग

## एक नजर में

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में 150 जरूरतमंदों को कराया भोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच सामाजिक संस्था द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी भुरकुंडा साप्ताहिक हाट में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीब-जरूरतमंदो को भोजन कराया गया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह व उमाशंकर जयसाल लगभग 150 गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरुष और बच्चों के बीच पुरी-सब्जी और जलेबी का वितरण किया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा की गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है और यही मानव धर्म भी है। उन्होंने बताया पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा जन सहयोग के माध्यम से गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी निरंतर जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, रिंकू वर्णवाल, रवि मिस्त्री, दिलीप गंझू, लखन राम, शिवकुमार यादव, लालू उरांव, सुकरा करमाली, लालू उरांव सहित कई लोगों का विशेष योगदान रहा।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाने को ले सुंदरनगर में यादव परिवार की हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाने को लेकर सुंदरनगर पंचायत भवन में रविवार को यादव परिवार की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि यादव परिवार के तत्वावधान में इस वर्ष पूरे धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ पटेलनगर भुरकुंडा स्थित श्री राधा-कृष्ण ठाकुरबाड़ी मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव भव्य तरीके से मनाया जाएगा। बैठक में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा करते हुए साफ-सफाई, लाईट-साउंड, पूजा पंडाल, कोष संग्रह आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। कहा गया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर हमसभी भगवान श्री कृष्ण की महिमा का गुणगान करेंगे। साथ ही उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेंगे। बैठक में मुख्य रूप से गिरधारी गोप, पूर्व सैनिक एचएन यादव, संतोष यादव, गोकुल यादव, कन्हैया सिंह यादव, बैजनाथ यादव, धर्मेंद्र यादव, शिवकुमार यादव, सत्येंद्र यादव, शंकर यादव, जितेंद्र यादव, विशाल यादव, टुनटुन यादव, शुभम यादव, विकास यादव, प्रदीप यादव आदि उपस्थित थें।

## कुरसे में धूमधाम व भक्तिभाव से हुई मां मनसा देवी की पूजा-अर्चना

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मां मनसा पूजा कमेटी के तत्वावधान में भदानीनगर क्षेत्र के कुरसे गांव में शनिवार की शाम पूरे धूमधाम व भक्तिभाव से मां मनसा पूजा मनाया गया। इस दौरान पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां मनसा देवी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। पूजा में पुरन भगत एवं पालको देवी मुख्य रूप से शामिल हुईं। पूजा में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी शामिल हुए। इस दौरान रोशन लाल चौधरी ने मां मनसा की पूजा कर उनके समक्ष मत्था टेक आषीर्वाद लिया। साथ ही क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है। उन्होंने कहा कि घर-परिवार और क्षेत्र की सुख-शांति के लिए धार्मिक अनुष्ठान होते रहना चाहिए। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर आजसू के रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष अनिल सोनी, हजारीबाग विभावि के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष यादव, प्रखंड सह सचिव संजय यादव, सिकेन्दर सिंह, सुलेंद्र तुरी, बलराम बेदिया सहित दर्जनों लोग मौजूद थें। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में मां मनसा पूजा समिति के अध्यक्ष कृष्णा बेदिया, सचिव रणवीर यादव, कोषाध्यक्ष कृष्णा तुरी, उपाध्यक्ष सोमर यादव, शनी बेदिया, मनमोहन बेदिया, मंगल बेदिया, मंगत बेदिया, राजेश बेदिया, गणेश तुरी सहित अन्य श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा।

## सौंदा डी में श्रीश्री दुर्गा पूजा एवं काली पूजा मनाने को ले स्थानीय लोगों की हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री दुर्गा पूजा एवं काली पूजा मनाने को लेकर सौंदा डी पंचायत भवन में रविवार को स्थानीय लोगों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सौंदा डी पीओ रामेश्वर मुंडा और संचालन दशरथ कर्मी ने किया। बैठक में कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद खरवार द्वारा वर्ष 2023 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गयाफ। जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सौंदा डी में दुर्गा पूजा एवं काली पूजा धूमधाम वं भक्तिभाव से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही सबों की सहमति से पूजा में सहयोग राशि 1500 रुपया तय किया गया। बैठक के दौरान पूजा की तैयारियों, साफ-सफाई, पूजा-पंडाल, लाईट-साउंड, कोष संग्रह सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श भी किया गया। साथ ही पूजा की सफलता को लेकर पुरानी कमेटी ही बनी रही इसपर सभी ने सहमति जताई। पूजा कमेटी में अध्यक्ष सौंदा डी पीओ रामेश्वर मुंडा, सचिव संजय यादव, कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद खरवार, संरक्षक अशोक शर्मा, दशरथ कुर्मी, मुखिया उपेंद्र शर्मा व डब्लू पांडेय को चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष में सौंदा डी क्षेत्र के ट्रेड यूनियन के सभी अध्यक्ष, सचिव और महासचिव शामिल हैं। बैठक में उप मुखिया संजय भारती, जयदेव गुप्ता, अरविंद साहू, सुशील सिंह, नयुम खान, अब्बास मियां, नीरज भट्ट, संजय सिंह, उमेश, दीपक सिंह, दशरथ यादव, राकेश सिन्हा, बबन मिश्रा, मोनू पांडेय, धर्मदेव यादव, चंदन सिंह, ओंकार आदि मौजूद थें।

## अजप्टा जिलाध्यक्ष पर डीईओ ने कसा शिकंजा

**हजारीबाग।** शिक्षा पदाधिकारियों पर आरोप लगाना अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ( अजप्टा) के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार को भारी पड़ गया। इसे गंभीरता से लेते हुए डीईओ प्रवीण रंजन ने शो-कॉज पूछ कर शिकंजा कस दिया। दरअसल शनिवार को अंतरजिला स्थानांतरण को लेकर 94 शिक्षकों की पदस्थापना संबंधी पत्र जारी किया गया था। जिला प्रारंभिक शिक्षा स्थापना समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में अजप्टा जिलाध्यक्ष ने एक अखबार को डीईओ व डीएसई के खिलाफ बयान दिया था। इसे लेकर डीईओ ने शो-कॉज जारी करते हुए दो दिनों के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया है।

**पूर्व डीएसई द्वारा पूछे गए शो-कॉज पर भी मांगा है जवाब:** बीते फरवरी माह में पूर्व डीएसई संतोष गुप्ता ने भी मध्यान्ह भोजन सहित अन्य 11 बिंदुओं पर अजप्टा जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार से शो-कॉज पूछा था। डीईओ प्रवीण रंजन ने भी अपने पत्र में इसका हवाला देते हुए जवाब दाखिल करने को कहा है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि मध्यान्ह भोजन जैसे सेंसेटिव मसले पर भी गंभीर आरोप लगाए गए थे। ऐसे में उन बिंदुओं पर भी स्पष्टीकरण देना होगा।

**बढ़ सकती हैं मुश्किलें:** अपनी बयानबाजी को लेकर अजप्टा जिलाध्यक्ष पूर्व डीएसई के निशाने पर रहे थे। अब डीईओ ने भी इसे गंभीरता से लिया है। ऐसे में आने वाले दिनों में अजप्टा जिलाध्यक्ष की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। शिक्षा विभाग के सूत्रों की मानें तो पूर्व डीएसई से बड़ी आरजू-मिन्नत के बाद इन्हें राहत दी गई थी। वहीं सूत्र बताते हैं कि इस संघ से जुड़े शिक्षक भी इनकी कार्यशैली से खासे नाराज चल रहे हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में मामला किस करवट बैठेगा यह देखना दिलचस्प होगा।

खबर मन्त्र

रांची. सोमवार .19 अगस्त 2022

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# भाजपा हारेगी?

चुनाव आयोग ने हरियाणा में चुनावी तारीखों का ऐलान कर दिया है। हरियाणा में वोटिंग 1 अक्टूबर को होगी और नतीजे 4 अक्टूबर को आएंगे। साथ ही कश्मीर में भी चुनाव की घोषणा कर दी गयी। देश की राष्ट्रीय राजधानी से सटे इस राज्य में विधानसभा की 90 सीटें हैं और राज्य में इस बार सरकार बनाने के लिए बीजेपी और कांग्रेस के बीच जबरदस्त लड़ाई है। यह लड़ाई लोकसभा चुनाव के नतीजे के बाद और तीखी हुई है क्योंकि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन किया है। लोकसभा चुनाव 2024 में जिस तरह का ट्रेंड देखने को मिला है, अगर विधानसभा चुनाव में भी यह ट्रेंड जारी रहा तो बीजेपी का सत्ता में वापस आने का सपना टूट सकता है। बीजेपी 2014 और 2019 में हरियाणा में अपनी सरकार बन चुकी है लेकिन इस बार बीजेपी के लिए चुनौतियों के रूप में सबसे पहले किसान हैं। कृषि कानूनों के विरोध में चले किसान आंदोलन का हरियाणा में अच्छा-खासा प्रभाव रहा था और बीजेपी को वहां लोकसभा चुनाव में भी किसान राजनीति वाली बेल्ट में काफी नुकसान उठाना पड़ा था। पिछली बार जीती हुई रोहतक, सोनीपत, हिसार की सीटों पर उसे हार का मुंह देखना पड़ा। चुनाव नतीजों में भी किसानों की नाराजगी स्पष्ट रूप से दिखाई दी है। किसानों के साथ ही बीजेपी के सामने एक बड़ी मुश्किल जाट समुदाय की नाराजगी की खबरों को लेकर भी है। जाट समुदाय की हरियाणा में आबादी 25% तक है और इतने बड़े समुदाय की नाराजगी किसी भी राजनीतिक दल को भारी पड़ सकती है। बीजेपी ने हरियाणा में जाट समुदाय को मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष दोनों ही पदों से दूर रखा है और उस पर यह आरोप लगता है कि वह गैर जाट कार्ड की राजनीति कर रही है। राज्य में चुनाव को भाजपा जहां पूरी ताकत से लड़ेगी वहीं कांग्रेस को बेहतर स्थिति का लाभ मिलेगा।

# मंकी पॉक्स का खतरा

मंकी पॉक्स के लक्षणों की बात करें तो इस बीमारी में मरीज को तेज बुखार आता है, तेज सिर दर्द और सूजन की शिकायत होती है। पीठ और मांसपेशियों में दर्द रहता है। कोविड-19 के बाद मंकी पॉक्स को हल्‍ड ने हेल्थ इमरजेंसी घोषित कर दिया है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक एक दर्जन से ज्यादा देशों में मंकी पॉक्स के मामले सामने आ चुके हैं। इस वायरस का स्वरूप तेजी से फैलता हुआ नजर आ रहा है। अफ्रीकी महाद्वीप में टीके की खुराक भी कम होती जा रही है जिसकी वजह से इस बीमारी को हेल्थ इमरजेंसी घोषित कर दिया गया है। अफ्रीका के सेंटर फॉर डिजीज एंड कंट्रोल ने घोषणा की थी कि मंकी पॉक्स का प्रकोप एक स्वास्थ्य आपदा है जिसके लिए सभी को सतर्क रहने की जरूरत है। इस बीमारी से 500 से ज्यादा मौतें हो चुकी है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक वायरस को रोकने के लिए इस बीमारी से बचाव करना बेहद जरूरी है।

व्लर्ड हेल्थ आर्गनाइजेशन के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम ने बताया कि मंकी पॉक्स एक ऐसी बीमारी है जिससे हम सभी को चिंतित होने की जरूरत है। इस बीमारी के फैलने की शुरूआत कांगो में हुई थी। वायरस के दो स्ट्रेन खासतौर पर फैल रहे हैं। क्लेड-कमध्य अफ्रीका में एंडेमिक है। मंकी पॉक्स का ह्यक्लेड कुवेरिएंट नया और अधिक संक्रामक है।

अफ्रीका सीडीसी ने कहा कि 2024 में जुलाई के अंत तक 14,500 से अधिक मंकी पॉक्स के मामले सामने आए हैं। मंकी पॉक्स पड़ोसी देशों केन्या, रवांडा, युगांडा और बुरुंडी जैसे देशों में फैल गया है। इस बीमारी के लक्षण फ्लू जैसे होते हैं, अब सवाल ये उठता है कि आखिर इस बीमारी के लक्षणों को कैसे पहचाने और इससे बचाव कैसे करें।मंकी पॉक्स के लक्षणों की बात करें तो इस बीमारी में मरीज को तेज बुखार आता है। तेज सिर दर्द और सूजन की शिकायत होती है।

# सत्य सनातन धर्म ध्वज धारकः विश्व हिंदू परिषद






-डॉ वीरेन्द्र साहू

29 अगस्त,1964 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पवई, मुम्बई स्थित पूज्य स्वामी चिनमयानन्द जी के आश्रम सांदीपनि साधनालय में बुलाई एक बैठक गई। बैठक में पूज्य स्वामी चिनमयानन्द, राष्ट्रसंत तुकडो जी महाराज, सिख सम्प्रदाय से माननीय मास्टर तारा सिंह, जैन सम्प्रदाय से पूज्य सुशील मुनि, गीता प्रेस गोरखपुर से हनुमान प्रसाद पोद्दार, के एम मुंशी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक के द्वितीय सरसंघचालक परम पूज्य माधव सदाशिव राव गोलवलकर श्री गुरुजी ने की थी।

1925 में परम पूज्य डॉ० केशवराव बलिराम हेडगेवार ने समाज को एक सूत्र में बांधने के लक्ष्य को लेकर शाखा प्रारंभ की। इन शाखाओं में कर्मठ कार्यकताओं का निर्माण होता रहा। भारत 1947 में स्वाधीन भी हुआ। 29 अगस्त,1964 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पवई, मुम्बई स्थित पूज्य स्वामी चिनमयानन्द जी के आश्रम सांदीपनि साधनालय में बुलाई एक बैठक गई। बैठक में पूज्य स्वामी चिनमयानन्द, राष्ट्रसंत तुकडो जी महाराज, सिख सम्प्रदाय से माननीय मास्टर तारा सिंह, जैन सम्प्रदाय से पूज्य सुशील मुनि, गीता प्रेस गोरखपुर से हनुमान प्रसाद पोद्दार, के एम मुंशी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक के द्वितीय सरसंघचालक परम पूज्य माधव सदाशिव राव गोलवलकर श्री गुरुजी सहित 40-45 अन्य विशिष्टजन एवं साधु-संत गण उपस्थित थे। महापुरुषों के सानिध्य में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना की गई ।

विश्व हिंदू परिषद स्थापना का मुख्य उद्देश्य हिन्दू समाज को संगठित और जागृत करने, उसके स्वत्वों, मानबिन्दुओं तथा जीवन मूल्यों की रक्षा व संवर्धन करने तथा विदेशस्थ हिंदुओं से संपर्क स्थापित कर उन्हें सांस्कृतिक रूप से सुदृढ़ बनाने व उनकी सहायता करना था।

विश्व हिंदू परिषद का प्रथम सम्मेलन 22 से 24 जनवरी 1966 को कुम्भ के अवसर पर प्रयाग में आयोजित किया गया, जिसमें 12 देशों के 25 हजार प्रतिनिधियों के साथ, 300 प्रमुख संतों की सहभागिता रही। पहली बार भारत के प्रमुख शंकराचार्य भी एक साथ आए और धर्मांतरण पर रोक तथा परावर्तन (घर-वापसी) का संकल्प लिया गया। मैसूर के महाराज मा० चामराज जी वाडियार को अध्यक्ष व दादासाहब आप्टे को पहले महामंत्री के रूप में घोषित कर विहिप की प्रबंध समिति की घोषणा भी हुई। इस सम्मेलन में जहां परावर्तन को मान्यता देने का ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित हुआ वहीं विहिप के बोधवाक्य ह्रधर्मो रक्षति रक्षितःह्व और बोध चिह्न ह्रअक्षय वटवृक्षह्व तय हुआ।

हिन्दू समाज में व्याप्त अस्पृश्यता समाज के सामने एक बड़ी चुनौती थी। इस चुनौती को स्वीकारते हुए एक समरस समाज के पुनः निर्माण हेतु विहिप ने अपनी व्यापक कार्ययोजना बनाई। इस दुर्गम लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु संगठन ने अपने 58 वर्षों की तपश्चर्या में अनेक कार्य किए, जो तत्कालीन परिस्थियों में बेहद दुरूह कहे जा सकते थे, किन्तु उनकी सफलता ने आज हिन्दू समाज की दशा व दिशा दोनों को बदलने में अभूतपूर्व योगदान किया है।

13-14 दिसम्बर, 1969 के उडुपी (कर्नाटक )धर्म संसद में संघ के तत्कालीन सरसंघचालक श्री गुरूजी के विशेष प्रयासों के परिणाम स्वरूप, भारत के प्रमुख संतों ने एकस्वर से ह्रहिन्दवः सोदरा सर्वे, न हिन्दूः पतितो भवेत्ह्व के उद्घोष के साथ सामाजिक समरसता का ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित किया। सभी ने ₹मम दीक्षा हिंदू रक्षा, मम मंत्र समानता₹ का संकल्प लिया।

27 से 29 जनवरी 1979 को प्रयाग में सम्मेलन हुआ जिसमें 18 देशों के 60 हजार प्रतिनिधि सहभागी हुए। इस सम्मेलन का उद्घाटन पूज्य दलाई लामा जी ने किया। उनका स्वागत पूज्य ज्योतिष पीठ के शंकराचार्यजी ने किया,यह एक ऐतिहासिक प्रसंग है।

1982 में श्री अशोक सिंघल जी विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारी बने। व्यापक जनजागरण के कार्यक्रम होने लगे। हिन्दू समाज को एकाकार करने वाली 1983 में हुई एकात्मता यात्रा में तो देश के लाखों गांव में संपर्क हुए। इस यात्रा में 6 करोड़ लोग सहभागी हुए।

अप्रैल 1984 में नई दिल्ली में प्रथम धर्म संसद का अधिवेशन संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 125 संप्रदायों के हजारों साधु-संतों सहभागी हुए। इसी वर्ष श्री राम जन्मभूमि आंदोलन भी प्रारंभ हुआ। 8 अक्टूबर 1984 को का युवा शाखा बजरंग दल के रूप में स्थापना किया गया

1994 में काशी में हुई धर्म संसद का निमंत्रण डोम राजा को देने पूज्य संत न सिर्फ स्वयं चलकर गए बल्कि उनके घर का प्रसाद ग्रहण किया तथा अगले दिन डोम राजा धर्म संसद के अधिवेशन में संतों के मध्य बैठे और संतों ने उन्हें पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया। इस धर्म संसद में 3500 संत उपस्थित थे। वनवासी, जनजाति, अति पिछड़ी व पिछड़ी जाति के हजारों लोगों को ग्राम पुजारी के रूप में प्रशिक्षण देकर मंदिरों में पुरोहित के रूप में दायित्व सौंपा गया।

1996 में जब आतंकियों ने बाबा अमरनाथ की यात्रा को बंद करने की धमकी देते हुए यह कहा कि यदि कोई आएगा तो वापस नहीं जाएगा। बजरंगदल के आह्वान पर 51 हजार बजरंगी व एक लाख अन्य शिव भक्तों ने जय भोले की हुंकार भरते हुए उस दुर्गम यात्रा की ओर जब कूच किया तो उस यात्रा को रोकने का कोई आज तक दुस्साहस नहीं कर पाया।

1984 में प्रारम्भ हुए श्री राम जन्म भूमि मुक्ति आन्दोलन ने देश के 3 लाख गाँवों के 16 करोड़ लोगों को जोडा। विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व एवं साधु संतों के मार्गदर्शन में 1992 में गीता जयंती के पावन दिवस पर राम जन्मभूमि पर हिंदुओं के कलंक के रूप में खड़ा बाबरी ढांचा को कारसेवकों ने हटा दिया एवं भगवान श्री राम लला के लिए टाट का छत बना दिया। सड़क से संसद व सर्वोच्च न्यायालय तक अपनी आवाज बुलंद कर 492 वर्षों के संघर्ष के उपरांत, देश के स्वाभिमान की पुनः प्रतिष्ठा करते हुए, 5 अगस्त 2020 के अयोध्या में भूमि पूजन के ऐतिहासिक दिवस को स्वर्णाक्षरों में दर्ज करा दिया। अगले वर्ष तक रामलला अपने भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित हो जाएंगे।

विहिप की युवा शाखा बजरंग दल तथा दुर्गा वाहिनी देश-धर्म संस्कृति व राष्ट्र-रक्षा व समरस समाज के निर्माण हेतु अग्रणी भूमिका निभाई है। सेवा, सुरक्षा व संस्कार इनके मूल मंत्र रहे हैं। पूंछ जिले के सीमांत क्षेत्र को हिन्दू विहीन करने के जिहादी षड्यंत्र को भांपते हुए बजरंग दल ने 2005 में बाबा बूढ़ा अमरनाथ की यात्रा को जब पुनः प्रारम्भ कराया तो वहां से हिन्दुओं का पलायन भी रुका और समाज व सुरक्षा कर्मियों का आत्मविश्वास भी बढ़ा।

(लेखक बिहिप के प्रांत मंत्री हैं।)

## खास बात

### हिंदुओं की सुरक्षा

बांग्लादेश में पूर्व पीएम शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद भी वहां पर हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं। अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार की भी ढेरों वारदातें हुईं। इसी बीच, आज बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस ने पीएम नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की है। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस का टेलीफोन कॉल आया। उन्होंने वहां की मौजूदा स्थिति के बारे में बताया। इतना ही नहीं पीएम ने आगे लिखा कि लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण और प्रगतिशील बांग्लादेश के लिए भारत के समर्थन को यूनुस ने दोहराया। मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा, संरक्षा और सुरक्षा का आश्वासन दिया।

बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू समुदाय के सदस्यों पर हमलों की खबरों के बाद आया है। बांग्लादेश से कई ऐसी खबरें आई हैं जिनमें हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हुए हमले के बारे में दिखाया गया है। कुछ रिपोर्ट्स में मंदिर में तोड़फोड़ करते हुए भी दिखाया गया है। भारतीय सांस्कृतिक केंद्र को तबाह कर दिया गया और इस्कॉन मंदिर समेत कई संस्थानों में तोड़फोड़ की गई।

बांग्लादेश की अंतिरम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस ने राजधानी ढाका में ढाकेश्वरी मंदिर में जाकर बांग्लादेश के हिंदुओं से मुलाकात की थी। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटाए जाने के बाद हाल ही में हुई हिंसा के दौरान अल्पसंख्यकों पर हमला करने वालों को कड़ी सजा दिलाने की भी बात कही थी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण के दौरान बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के बारे में भी चिंता जाहिर की थी। लाल किले से अपने संबोधन में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक पड़ोसी देश होने के नाते मैं बांग्लादेश में जो कुछ भी हुआ है, उससे जुड़ी हुई समस्या के बारे में समझ सकता हूं। मुझे उम्मीद है कि वहां पर हालातों में जल्द से जल्द सुधार होगा।

# विद्यापति का बोध

## विचार-प्रवाह

-अशोक प्रवृद्ध

**कृतज्ञ** महाकवि ने भी अपने गीतों द्वारा अपने अभिन्न मित्र एवं आश्रयदाता राजा शिवसिंह एवं उनकी सुल पत्नी रानी लखिमा देवी (ललिमादेई) को अमर कर दिया। सबसे अधिक लगभग 250 गीतों में शिवसिंह की भणिता मिलती है।

महाकवि विद्यापति ठाकुर के पारिवारिक जीवन का कोई स्वलिखित प्रमाण नहीं है, किन्तु मिथिला के उतेढ़पोथी से ज्ञात होता है कि इनके दो विवाह हुए थे। प्रथम पत्नी से नरपति और हरपति नामक दो पुत्र हुए थे और दूसरी पत्नी से एक पुत्र वाचस्पति ठाकुर तथा एक पुत्री का जन्म हुआ था। संभवतः महाकवि की यही पुत्री दुल्लहिनाम की थी जिसे मृत्युकाल में रचित एक गीत में महाकवि अमर कर गये हैं। कालान्तर में विद्यापति के वंशज किसी कारणवश विसपी को त्यागकर सदा के लिए सौराठ गाँव (मधुबनी ज़िला में स्थित समागाछी के लिए प्रसिद्ध गांव) आकर बस गए। वर्तमान समय में महाकवि के सभी वंशज इसी गांव में निवास करते हैं। जन्मतिथि की तरह महाकवि विद्यापति ठाकुर की मृत्यु के सम्बन्ध में भी विद्वानों में मतभेद है। कुछ विद्वान1440 ईस्वी तो कुछ विद्यापति का मृत्युकाल 1447 मानते है।

लेकिन स्पष्ट तौर पर जनश्रुतियां बताती है कि आधुनिक बेगूसराय ज़िला के मउबाजिदपुर (विद्यापतिनगर) के पास गंगातट पर महाकवि ने प्राण त्याग किया था। उनकी मृत्यु के सम्बन्ध में यह पद जनसाधारण में आज भी प्रचलित है, जिससे स्पष्ट होता है कि उनकी मृत्यु कार्तिक मास की शुक्ल त्रयोदशी को हुआ था।

**आवाज** उठाइये!! हर हालत में आवाज उठाइये! कोलकाता की डॉक्टर बच्ची के साथ जो घिनौना, रूह को हिला देने वाला और मानवता को सदा के लिए शर्मिंदा करने वाला अपराध हुआ है। आजाव उठाइये।

**– अनुपम खेर अभिनेता**

## आपके ट्वीट

गृह रक्षकों की खुशी देखकर मन प्रसन्न हुआ। उन्हें पुलिस कर्मियों के समकक्ष दैनिक कर्तव्य पारिश्रमिक देने का निर्णय लेकर एक और वादा पूर्ण हुआ। आज उनके द्वारा दी गई बधाई और जताए गए आभार से हमारा संकल्प और मजबूत हुआ है।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





रांची लोकसभा क्षेत्र में यात्री सुविधा विस्तार की दिशा में एक और नया कदम आज से शुरू हो रहा है। टाटानगर से जयनगर तक नई साप्ताहिक ट्रेन का परिचालन आज टाटानगर से शुरू होगा। आज इसे चांडिल में हरी झंडी दिखाऊंगा।

**– संजय सेठ**

# भारतीय सिनेमा और समाज का नजरिया

## सिनेमा

**डॉ. नुपूर निखिल देशकर**

भारतीय सिनेमा से सामान्य जनजीवन के मन मस्तिष्क का गहरा संबंध रहा। दादा साहेब फाल्के ने जब भारत में 1913 से चलचित्र का प्रारंभ किया तब उन्होंने एक धर्म परायण सामाजिकता से परिपूर्ण समाज की कल्पना करते हुए चलचित्रों का निर्माण किया और इसी श्रृंखला में उन्होंने सबसे पहली मूक फिल्म राजा हरिश्चंद्र बनाई। उस समय जब फिल्म निर्माण भारत में प्रारंभ हो रहा था तब फिल्म निमार्ता के मस्तिष्क में समाज निर्माण से राष्ट्र निर्माण की परिकल्पना थी निश्चित ही सिनेमा संसार ने भारतीय जनमानुष को बहुत अंदर तक प्रभावित किया था तभी तो धार्मिक फिल्में आने के बाद दो-दो वर्षों तक वह थियेटर से उतरती नहीं थी और दर्शक महीनों सिनेमा हॉल में जाकर उन फिल्मों को देखते थे फिर भी उनका मन नहीं भरता था। चित्रपट की पटकथा उसका संगीत उनके वस्त्रो का संयोजन संवाद इतना आकर्षक और प्रभावित रहता था कि उसकी छाप महीना तक बनी रहती थी।

कुछ दशकों की इतनी दीवानगी थी कि कुछ दर्शक अपने पसंदीदा कलाकार की फिल्म को पहले दिन पहले शो में जाकर देखते थे जब तक भारतीय सिनेमा में विशुद्ध रूप से स्वस्थ मनोरंजन के भाव को ध्यान में रखकर चल चित्रों का निर्माण किया गया तब तक फिल्में धार्मिक और सामाजिक हुआ करती थी किंतु भारत की संस्कृति पर आक्रमण करने वाले लोगों ने जब यह देखा कि संपूर्ण भारतीय समाज भारतीय चलचित्र से किस तरह बंधा हुआ है उन्होंने इस क्षेत्र में भी अपनी घुसपैठ प्रारंभ कर दी। धीरे-धीरे पटकथा ,संवाद, गीत संगीत , वस्त्र आदि के माध्यम से उन्होंने हिंदू जनमानस के मस्तिष्क में अपने ही धर्म, संस्कार, संस्कृति, त्यौहार आदि पर होने वाले छोटे-छोटे परिवर्तनों को सहजता से स्वीकार कर लिया ।

जब हम आगे आकर पीछे मुड़ते है तो हम पाते हैं कि हमने बहुत कुछ खो दिया।जब तक हम हमारे वर्तमान समाज को सिनेमा की कुरीतियों से बाहर निकाल पाते तब तक दूरदर्शन के स्थान पर निजी चैनलों के माध्यम से जो धारावाहिक हमारे घर-घर परोसे गये उसने हमारी पारिवारिक परंपरा, रीति रिवाज, संवाद, अस्मिता सबका तना-बना ही तोड़ कर रख दिया। आज इसका सर्वाधिक दुष्प्रभाव हमारी बेटियों पर हमारे समाज की मातृशक्तियों पर है जो अश्लीलता इन धारावाहिकों के माध्यम से हमारे समाज में पड़ोसी गई उसका प्रभाव आज हमें मुख्य मार्ग पर बहुत ही सहजता से देखने को मिलता है।

हमारे परिवार की महिलाएँ जिनके लिए कभी परिवार,उसके रीति-रिवाज, संस्कृति त्यौहार प्रमुख थे, आज उनके लिए यह सब गौण हो गया है। आज से लगभग पांच वर्ष पहले तक भारतीय सिनेमा के श्रेष्ठ कलाकार अमिताभ बच्चन के परिवार को भारतीय समाज में एक आदर्श परिवार के रूप में देखा जाता था और लोग उनके परिवार का उदाहरण देकर वैवाहिक जीवन में अपने कार्य के साथ-साथ परिवार को साथ रखकर चलने की सीख देते थे, किंतु विगत कुछ वर्षों से उसे परिवार के प्रत्येक सदस्यों के द्वारा जिस तरीके के उदाहरण समाज में प्रस्तुत किए जा रहे हैं निश्चित ही इसके पीछे भी किसी नए षड्यंत्र का प्रपंच दिखाई दे रहा है।

उनके बहू बेटे अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के वैवाहिक जीवन जो अभी तक बहुत सहज और संतुलित रूप से चल रहा था विगत कुछ वर्षों से बार-बार समाचार पत्रों में मीडिया में ,ई-समाचारों में उनके बीच विवाह विच्छेद के समाचार यह कहीं न कहीं हमारी हिंदू समाज समाज को प्रभावित कर रहा है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### यूनुस से उम्मीदें

**शेख** हसीना के भारत में शरण लेने के बाद मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार की परीक्षा शुरू हो गई है। चिंता की बात यह है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर कट्टरपंथियों के हमले जारी हैं। कट्टरपंथियों पर नकेल डालने के लिए सेना द्वारा कड़े कदम उठाने की जरूरत है। क्या अंतरिम सरकार निष्पक्ष तथा पारदर्शिता वाले संसदीय चुनाव करवा सकती है?

**– श्यामलाल, रांची**

### हिंसा पर रोक लगे

**बांग्लादेश** में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद जिस तरह से वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है, वह चिंताजनक है। बांग्लादेश में बड़ी संख्या में हिंदू रह रहे हैं और वहां के मंदिरों, व्यवसायों आदि को निशाना बनाया जा रहा है। जिसे नयी सरकार अब तक रोकने में नाकाम रही है। अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं, वह भी अच्छा नहीं है।

**– रवि सिंह, रांची**

# जब बंटा देश-किसने दिया शरणार्थियों को सहारा

## इतिहास

**आर.के. सिन्हा**

**दरअसल** भारत के लिए हरेक स्वाधीनता दिवस दो तरह की अनुभूतियां लेकर आता है। पहला, देश को ब्रिटिश सरकार के चंगुल से मुक्ति मिल गई। इसलिए उन तमाम स्वाधीनता सेनानियों के प्रति मन में अपार श्रद्धा का भाव पैदा होने लगता है, जिनके बलिदानों की वजह से गोरे यहां से गए। दूसरा, देश को 15 अगस्त 1947 को आजादी के साथ बंटवारे का दंश भी झेलना पड़ा। भारत दो भागों में बंट गया। उस दौर में राजधानी दिल्ली में लाखों हिन्दू और सिख शरणार्थी आ गए थे। तब दिल्ली जंक्शन पर आने वालों में मिल्खा सिंह भी थे। वे आगे चलकर महान धवाक बने। देश के बंटवारे के समय इंसानियत मरी पड़ी थी। मिल्खा सिंह के माता-पिता का कत्ल कर दिया गया था। पर तब भी कुछ फरिश्ते तो मौजूद थे ही। वे उन्हें रेल के लेडीज कूपे में छुपाकर ले आए थे। वे अपनी बहन से बिछड़ गए थे। जरा सोचिए कि अनजान और विभाजन के कारण अस्त-व्यस्त शहर में मिल्खा सिंह अपनी दंगों के दौरान गुम हो गई बहन को कैसे खोज रहे होंगे। पर उन्होंने अपनी बहन को अंततः तलाश कर लिया था।

देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली विभाजन की घड़ी में उस समय, आज के मुकाबले एक छोटा सा शहर ही तो था । तब सेंट स्टीफंस अस्पताल की हेड डॉ. रूथ रोसवियर के नेतृत्व में यहां घायल और बीमार शरणार्थियों का इलाज हो रहा था। डॉ.रूथ ब्रिटिश नागरिक थीं। इस अस्पताल को दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने 1885 में खोला था। इसी ने सेंट स्टीफंस कॉलेज स्थापित किया था। अब इसने सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल भी खोला है। दूसरी ओर देखें तो करोलबाग में डॉ. एन.सी.जोशी उस संकट के दौर में दिल्ली वालों की सेवा में जुटे रहते थे। करोल बाग में 1947 के दौरान जब दंगे भड़के तो उसके शिकार डॉ.जोशी भी हो गए थे। उधर, इरविन अस्पताल ( अब लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल) के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. बनवारी लाल और उनके कबूल चंद वाल्मीकि जैसे मेहनती साथियों के द्वारा रोगियों का दर्द दूर किया जा रहा था। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी के वर्कर बहुत से रोगियों को लेडी हार्डिंग मेडिकल अस्पताल भी इलाज के लिए लेकर जा रहे थे। तब तक नई दिल्ली एरिया का यह एकमात्र कायदे का अस्पताल था। उस दौर में इधर की प्रिंसिपल-डायरेक्टर डॉ. के.जे. मैक्डरमेट ( 1946- 1948) और डॉ. ओ.पी.बाली (1948-1950) की देखरेख में रोगियों की भीड़ का खुशी-खुशी इलाज हो रहा था। 1947 तक इधर की छात्राएं अपना सालाना इम्तिहान देनेके लिए लाहौर जाती थीं। उनका इम्तिहान किंग एडवर्ड मेडिकल कालेज में होता था। तब ये कॉलेज पंजाब यूनिवर्सिटी का हिस्सा था। इस बीच, दिल्ली वालों की सेवा करने में डॉ. विशम्भर दास भी थे। उन्होंने सन 1922 में नई दिल्ली एरिया में बिशम्भर फ्री होम्पैथिक डिस्पेंसरी की स्थापना की और जीवनपर्यंत दीनहीनों का इलाज करते रहे। उनके नाम पर डॉ. विशम्बर दास मार्ग है,जिसे 1965 से पहले एलेनबे रोड कहा जाता था।

आपको अब भी बहुत सारे शरणार्थी परिवार मिल जाएंगे जो बताएंगे कि अगर दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े फादर इयान वेदरवेल और उनके साथियों का साथ ना मिलता तो वे कहीं के नहीं रहते। वे विभाजन के कारण सड़क पर आ गए थे। फादर वेदरवेल दिन-रात शरणार्थियों के पुनर्वास में लगे थे। 1925 में स्थापित ब्रदरहुड हाउस में हर रोज शरणार्थियों को रहने के लिए छत और गरम और ताजा भोजन मिल रहा था। वेदरवेल का भारत से सबसे पहले रिश्ता तब स्थापित हुआ था जब दूसरा विश्व महायुद्ध चल रहा था।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## बहुजन मुक्ति पार्टी का जिला स्तरीय कमिटी का पुनर्गठन

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड में बहुजन मुक्ति पार्टी का जिला स्तरीय कमिटी का पुनर्गठन जयनगर स्थित सांस्कृतिक भवन में पूरे जिले से आए सभी बहुजन मूलनिवासियों की उपस्थिति एवं समर्थन से जिलाध्यक्ष राजकुमार पासवान तथा जिला महासचिव डॉ. कैलाश प्रसाद एवं जिला सचिव प्रदीप राम को नियुक्त किया गया। वहीं बहुजन मुक्ति पार्टी का जिला स्तरीय कमिटी का भी गठन किया गया। मौके पर दीपक कुमार यादव, शिव शंकर राम, प्रदीप राम, दशरथ राम, महेंद्र राम, राजेंद्र दास, विजय पासवान, शक्ति पासवान, विजय दास, राजेश रविदास, महावीर पासवान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## 14 वर्षीय बच्चे की फांसी लगने से मौत

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लोचनपुर निवासी सत्यदेव सिन्हा के पुत्र 14 वर्षीय अक्षत कुमार की बॉक्सिंग प्रैक्टिस के दैरान गले में रस्सी फसने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अक्षत डीएभी स्कूल का छात्र था। जो प्रतिदिन की तरह शाम में अपने घर के कमरे में बॉक्सिंग का प्रैक्टिस कर रहा था, इसी दौरान झूला के रस्सी में गला फस गया और उसकी मौत हो गई। वहीं शाम के समय में जब उसकी मां पूजा करते हुए उसके रूम की ओर गई तो देखा की अक्षत का शव रस्सी से झूला हुआ है, यह देख उसके होश उड़ गये। आनन फानन में उसे निचे उतारा गया। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## पुलिस बहनों व महिलाओं के सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध : थाना प्रभारी

**कोडरमा।** सतगांवा प्रखंड अन्तर्गत एकल विद्यालय से जुड़ी महिलाओं द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत थाना प्रभारी सतगांवा एवं थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी, कर्मियों को रक्षाबंधन के अवसर पर राखी बांधा गया। वहीं सतगांवा थाना प्रभारी द्वारा विश्वास दिलाया गया कि कोडरमा पुलिस बहनों, महिलाओं के सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## हजारों कांवरियों को नींबू पानी, शरबत व जूस पिलाकर स्वागत

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत चोपनाडीह स्थित चौक पर दुकानदारों के द्वारा श्रावण पूर्णिमा के पूर्व संध्या पर एक दिन पूर्व रविवार को उत्तरवाहिनी बराकर नदी बड़ानो से जल लेकर निमाडीह शिव मंदिर तक पैदल डाक बम यात्रा में शामिल हजारों कांवरियों की सेवा चोपनाडीह चौक के समीप हजारों कांवरियों को नींबू पानी, शरबत व जूस पिलाकर स्वागत किया। इस दौरान स्थानीय मुखिया पूनम कुमारी, सुभाष चंद्र यादव, उपेंद्र यादव, संजय यादव, शशि पंडित, शुभाष पंडित, गौतम यादव, शकुंतला यादव, सन्नी पंडित, शिवम पंडित, अनिल पंडित, कार्तिक पंडित, राहुल यादव, रामशरण यादव, राजेश पंडित, बंधनी देवी, प्रवीण यादव आदि शामिल थे।

### आगामी 21 अगस्त को सम्पूर्ण भारत बंदी को लेकर एससी-एसटी हुए गोलबंद

# बलिदान हो जाएंगे, लेकिन संविधान में छेड़छाड़ नही होने देंगे :सुभाष दास

### 20 अगस्त को विशाल मोटरसाइकिल रैली व मशाल जुलूस निकालने का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा संविधान में संशोधन के विरोध में 21 अगस्त को सम्पूर्ण भारत बंद का आह्वान किया है।

इसको लेकर पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार स्थानीय नगर भवन में महाबैठक की गई, जिसमें



उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण में किए गए बदलाव का विरोध किया।विरोध के तौर पर 20 अगस्त को विशाल मोटरसाइकिल रैली और शाम में मशाल जुलूस निकाला जाएगा और 21 अगस्त को सम्पूर्ण भारत बंद रहेगा। बंदी का नेतृत्व कर रहे सुभाष दास ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा संविधान में प्रदत्त अनुच्छेद में छेड़छाड़ करने की सोच कैसे आई? ऐसे विचार रखने वालों के खिलाफ पूरे देश में आंदोलन किया जाएगा।

फिलहाल अनुच्छेद में बदलाव और वर्गीकरण के मामले में सभी एससी-एसटी के लोग काफी आक्रोशित हैं, जिसके विरोध में 21 अगस्त को भारत बंद कर चेतावनी दी जा रही है।

## संघरी घाटी लूट कांड का खुलासा, एक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सदर थाना की पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के संघरी घाटी लूट कांड मामले में एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। दरअसल, जिले के सदर थाना क्षेत्र के संघरी घाटी में 13 जुलाई को पिन्टू कुमार डिबडेवाल से अज्ञात अपराधियों ने पैसे छीन लिए थे, जिसके बाद सदर थाना में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक, चतरा ने एक एसआईटी टीम का गठन किया, जिसका नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर चतरा श्री संदीप सुमन ने किया। 18 अगस्त को गुप्त सूचना मिली कि घटना का अपराधी भुईयांडीह में घूम रहा है। एसआईटी टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए भुईयांडीह से तेजू गंझू नामक अपराधी को गिरफ्तार किया, जिसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और अन्य अपराधियों के नाम उजागर किए। तेजू गंझू पर पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापामारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, चतरा संदीप सुमन, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सदर थाना, चतरा विपिन कुमार, पुलिस निरीक्षक सदर अंचल, चतरा पप्पु शर्मा, पु०अ०नि० अनुरंजन कुजूर, सदर थाना, चतरा और थाना का सशस्त्र बल शामिल थे।

# रिश्ते हुए शर्मसार, पूर्व में नक्सली संगठन में रह चुका है आरोपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** कुंदा थाना क्षेत्र में शनिवार शाम को बाप-बेटी के पवित्र रिश्ते को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है।

जहां पिता के द्वारा ही अपनी नाबालिग 13 वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म किया गया है। युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहाँ ईलाज किया जा रहा है।घटना सामने आने पर बालिका का मेडिकल करवाया गया है व आरोपी पिता को गिरफ्तार कर




लिया गया है।बालिका ने पिता पर लगाया कई आरोप, मिली जानकारी के अनुसार 13 साल की पीड़िता की चाची के बयान में पिता की ओर से दुष्कर्म करने की बात कही गई है।बालिका ने पिता पर धमकाने की बात कहते हुए किसी को बताये जाने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार पिता नशे का आदी है। कुछ वर्ष पहले नाबालिग की माँ का मृत्यु हो गई थी।नाबालिग घर पर अकेली रहती है।उसने घर में मौका मिलने पर बच्ची के साथ जबदरस्ती की और किसी को न बताने की धमकी देकर पिता ने फिर उसके साथ जबरदस्ती की,और दुष्कर्म किया।

**सीडब्लूसी ने लिया संज्ञान :** मिली जानकारी अनुसार इस घटना की जानकारी मिलने पर इस पूरे मामले का सीडब्लूसी ने संज्ञान लिया है।

# सत्संग में दहेज मुक्त शादी का आयोजन व 27 यूनिट किया रक्त दान

### चंदवारा में मानवता व समाज सुधार का अनोखा उदाहरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवारा (कोडरमा)।** संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों द्वारा चंदवारा स्थित एसबीआई बैंक के सामने एक हॉल में जिला स्तरीय सत्संग, दहेज मुक्त शादी का आयोजन व रक्तदान शिविर लगाया गया। इस सत्संग का आयोजन प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया, जिसमें शास्त्रानुकूल साधना पर विशेष जोर दिया गया। वहीं अनुयायियों को बताया गया कि हमारे वेदों, गीता, पुराण और शास्त्रों में जो वास्तविक साधना विधि बताई गई है, उसका पालन करने से लाइलाज बीमारियों से भी मुक्ति पाई जा सकती है। इसका प्रमाण ऋग्वेद के विभिन्न मंत्रों में भी मिलता है।

**दहेज मुक्त शादी और सामाजिक सुधार पर जोर :** इस सत्संग का मुख्य आकर्षण एक दहेज मुक्त शादी थी, जिसमें न तो वर और वधु पक्ष के बीच किसी प्रकार का लेन-देन हुआ, न ही किसी प्रकार का सामान दिया गया। शादी साद्गीपूर्ण ढंग से केवल 17 मिनट में संपन्न हुई, जिसमें सत्संगी ही बराती और गवाह बने। वर जो कि राजू महतो हज़ारीबाग निवासी का राखी कुमारी, रामगढ़ निवासी का विवाह हुआ। इस अनोखे विवाह ने दहेज प्रथा के खिलाफ एक सशक्त संदेश दिया और समाज को एक नई दिशा दिखाई।

**रक्तदान शिविर का आयोजन :** सत्संग के दौरान मानवता और समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने




उत्साहपूर्वक भाग लिया और 27 यूनिट रक्त दान किया। रेड क्रस सोसाइटी की टीम ने भी इस आयोजन में अपना अद्वितीय सहयोग दिया। उनका कहना था कि संत जी के अनुयायियों का मानवता के प्रति उत्साह और जुनून सराहनीय है। इस शिविर की सबसे बड़ी खासियत यह थी कि सभी अनुयायी किसी भी प्रकार का नशा नहीं करते, जिससे एकदम शुद्ध रक्त का संग्रह हुआ।

**सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज :** सत्संग के दौरान पाखंडवाद, भ्रष्टाचार, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, और नशा जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ भी आवाज उठाई गई। संत रामपाल जी महाराज के अनुयायी किसी भी प्रकार का नशा नहीं करते और न ही बेटे और बेटी में फर्क करते हैं। इस सोच को समाज में प्रसारित करने पर जोर दिया गया। मौके पर प्रवीण सिंह, विकास महतो, रोहित कुमार, जिला सेवेदार, ओमप्रकाश मेहता, विजय मेहता और अन्य सेवेदारों जैसे जयलाल महतो, संदीप साव, लोकनाथ महतो, राजकिशोर, और बंशी दास का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

एक नजर में

## बीआर इंटरनेशनल स्कूल में अंतर विद्यालय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन






खबर मन्त्र संवादाता

**कोडरमा।** बीआर इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को कोडरमा सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स की ओर से अंतर विद्यालय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर 45 झारखंड बटालियन कोडरमा एनसीसी कर्नल विजय कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि एंकर नवीन पाण्डेया तथा सहोदया कॉम्प्लेक्स के विद्यालयों के निदेशकों तथा प्राचार्यो ने संयुक्त रूप से केंडल जलाकर किया। वहीं सहोदया कॉम्प्लेक्स के प्रेसिडेंट ने बच्चों से बताया कि इस क्विज प्रतियोगिता को वे एक उत्साह के साथ खेले। हार-जीत तो खेल का हिस्सा होता है, आप सभी हतोत्साहित न हो और दिल से उमंग के साथ इस क्विज प्रतियोगिता में भाग लें। वहीं मुख्य अतिथि विजय कुमार ने बच्चों को स्वॉट के बारे में बताया, जिसका पूर्ण अर्थ स्ट्रेंथ, वीकनेसेस, ऑपर्च्युनिटीज और थ्रेट्स होता है। वहीं बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें बेहद खुशी महसूस हुई। इस प्रकार के आयोजनों से छात्र-छात्राओं का बौद्धिक विकास बहुत अच्छे से होता है और युवा बच्चों के अंदर छिपे ज्ञान को निखारा जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत में बीआर इंटरनेशनल स्कूल के बालिकाओं के द्वारा गणेश वंदना नृत्य और स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया।

**जिले के 13 विद्यालय प्रतियोगिता में हुए शामिल :** प्रतियोगिता के आयोजन में निर्णायक के तौर पर पुरुषार्थ क्लासेस के निदेशक मनोज सिंह और क्लोरोफिल के निदेशक अजय अग्रवाल रहे। वहीं एंकर के तौर पर नवीन पाण्डेया ने भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल ने प्रथम, कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर द्वितीय एवं सेक्रेड हार्ट स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सभी विजेता प्रतिभागियों को सहोदया के निदेशकों और प्राचार्यो के द्वारा ट्रॉफी व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वहीं बीआर इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्या राखी कुमारी शर्मा ने आभार प्रकट किया। मौके पर सहोदया कॉम्प्लेक्स के प्रेसिडेंट सह मॉडर्न स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह, सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्राचार्य प्रमोद सिंह, इकरा पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एवं सहोदया के कोषाध्यक्ष मकसूद आलम, जीएस स्कूल के निदेशक नितेश कुमार, मंजुला शर्मा के एकेडमिक डायरेक्टर रामप्रवेश पांडेय, आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय के उपप्राचार्य रवि कुमार रवि, बीआर इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक ओम प्रकाश राय आदि लोग मौजूद थे।

## वन विभाग के लापरवाही से टूटा चेकडैम



### गांव के सरकारी विद्यालय व कई घरों को घुसा पानी

### भारी नुकसान, कई मवेशी बहे पानी में

खबर मन्त्र संवादाता

**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत मेघातरी पंचायत में वन विभाग के द्वारा बनाए गए चेकडैम टूटने से कुसहना गांव में अचानक बाढ़ आ गई, जिसमें गांव के करीब चालीस घरों में पानी घुसने से भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं कई मवेशी पानी के बहाव में बह गए, साथ ही उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कुशहना में भी भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं विद्यालय में रखे मध्यान भोजन बनाने वाले अनाज, बच्चों के खेलकुद का समान व कई जरूरी दस्तावेज बर्बाद हो गए। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि अचानक चेकडैम टूटने की जोरदार आवाज के साथ गांव में पानी घुसना शुरू हो गया। जिसके बाद हम सभी समय रहते किसी तरह सुरक्षित स्थान पर चले गए, नहीं तो कई लोगों की जान भी जा सकती थी। वहीं इस मामले पर मेघातरी मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार राम ने बताया कि यह चेकडैम वन विभाग के द्वारा चार वर्ष पूर्व बनाया गया था, चेकडैम काफी जर्जर स्थिति में थी। इसकी मरम्मती अगर समय से कर लिया गया होता तो आज इतनी बड़ी घटना नहीं होती।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** शहर उत्सव पैलेस होटल में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले जेएलकेएम के जिला अध्यक्ष कैलाश महतो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। उन्होंने जिले के सभी प्रखंडों में कमेटी विस्तार की घोषणा की और कहा कि निकट भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में दोनों विधानसभा सीटों से उनके उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे।इसके लिए सभी प्रखंडों में प्रखंड कमेटी का गठन किया जाएगा।

20 अगस्त को चार प्रखंडों, 21 अगस्त को चार प्रखंडों और 22 अगस्त को चार प्रखंडों में कमेटी का गठन किया जाएगा और इसके लिए प्रेक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि प्रखंड कमेटी विस्तार के बाद जल्द ही पंचायत स्तर से लेकर बूथ स्तर तक कमेटी का गठन किया जाएगा।

## आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जयनगर प्रखंड अंतर्गत पिपचो चौक पर जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। वहीं जिलाध्यक्ष ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर तैयारी को लेकर जनसंवाद कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पार्टी के सिद्धांत एवं विचाराारा पर खरा उतरने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस जिला सचिव सह कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दशरथ पासवान ने कहा कि कोडरमा में आमजन परेशान है और यहां के सांसद विधायक मौन है। आने वाले दिनों में सांसद विधायक का कोडरमा से पत्ता साफ हो जाएगा और यहां कांग्रेस पार्टी के सांसद विधायक बनेंगे।

## 18 पेटी अवैध विदेशी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र में छापेमारी कर 18 पेटी अवैध विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर कुंदन कुमार बिहार का रहने वाला है। पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की टवेरा गाड़ी में शराब तस्करी की जा रही है जो वशिष्टनगर होकर गुजरेगी। इस सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय रोहित कुमार रजवार ने थाना प्रभारी वशिष्ठनगर को एक टीम गठित कर छापेमारी करने का निर्देश दिया।थाना प्रभारी वशिष्ठनगर ने एक टीम गठित की और थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में वशिष्ठनगर थाना के सामने ही एक सफेद रंग की टवेरा गाड़ी को रोका। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें 18 पेटी में कुल 372 बोतल ब्लैक डॉट कंपनी की अंग्रेजी शराब बरामद हुई।पुलिस ने वाहन चालक कुंदन कुमार को गिरफ्तार कर लिया और उसे माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# एलेक्टेड प्रेस क्लब के पत्रकारों की होटल उत्सव पैलेस में बैठक

### तथाकथित पत्रकारों को संगठन विरोधी कार्य करने को लेकर किया गया निष्काशित

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले में एलेक्टेड प्रेस क्लब की बैठक समाहरणालय के समीप होटल उत्सव पैलेस में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सुनील कश्यप ने की और संचालन सिकेन्द्र सिंह ने किया। बैठक में प्रेस क्लब को सुचारु रूप से चलाने के लिए महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा हुई और उपस्थित पत्रकारों ने अपने विचार रखे। प्रेस क्लब में चुनाव के बाद जीत दर्ज करने वाले पदाधिकारियों और सदस्यों में से कुछ को प्रेस क्लब विरोधी कार्य करने के आरोप में निष्कासित कर दिया गया और खाली पदों को प्रेस कमिटी के निर्देश पर संगठन का विस्तार करते हुए भरा गया।

कार्यकारिणी सदस्यों में दीपक कुमार, सिकन्दर सिंह, भूपेंद्र पाण्डेय, शशि पाठक, रवि भूषण सिंहा, सचिव मोकिम अंसारी, वरीय उपाध्यक्ष बिरेंद्र साहू, कुंदन पासवान मीडिया प्रभारी, संरक्षक शंभू साहू और कमलापति पाण्डेय शामिल हैं।

अगली कार्यकारिणी की बैठक



सिमरिया में 1 सितंबर को आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील कश्यप, उपाध्यक्ष अजित सिन्हा, सचिव मोकिम अंसारी, कोषाध्यक्ष घनश्याम कुमार उर्फ बंटी, शैलेश सिंह, सुरेंद्र कुमार, रणधीर सिंह, रवि भूषण सिन्हा, सुजेक कुमार सिन्हा, सुबोध कुमार, शिवकुमार तिवारी, एमडी रिजवान, श्रीकांत राणा, बीरेंद्र साहू, अभिषेक कुमार, कुंदन पासवान, सुनील कुमार दांगी, शशि कुमार पाठक, विकास कुमार यादव, महेंद्र यादव, सुबोध कुमार शर्मा, दीपक कुमार, विकास कुमार, अनुज कुमार, कैलास दांगी, मृत्युंजय कुमार, मुकेश दांगी, भूपेंद्र पांडेय, कामेश्वर गुप्ता, एमडी सेराजूल, मनीष सिंह, सुनील कुमार, मो. नुरुल अंसारी, मनोज साव, अजित कुमार, विनोद कुमार, अरबिंद कुमार, अशोक कुमार साहू, महेंद्र कुमार यादव, सुबोध शर्मा, आनंद कुमार, अजित पांडेय, कुलदीप दास, पंकज सिंह, कुदुस अंसारी, रंजीत संड़ी, विनय कुमार गुप्ता और सोहेल अहमद मौजूद थे।

### क्रीमी लेयर एवं वर्गीकरण के खिलाफ

# 21 अगस्त को संपूर्ण भारत रहेगा बंद : रजक

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति सतगावां प्रखंड कमिटी की बैठक प्रखंड मुख्यालय सतगावां में प्रमुख प्रतिनिधि रामाअवतार चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। वहीं संचालन ऋषि राजन ने किया। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए कमिटी के नेताओं ने कहा कि एक अगस्त 2024 को सर्वोच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इशारे



पर एससी एसटी के आरक्षण समाप्त करने एवं क्रीमी लेयर लागु करने एवं वर्गीकरण करने जैसा कानून लागू किया गया है, जो दलितों में काफी आक्रोश है। दलितों ने 2 अप्रैल 2018 का आंदोलन का इतिहास दोहराने पर मोदी ने मजबूर किया है। 21 अगस्त 2024 को संपूर्ण भारत बंद करने की तैयारी जबरदस्त तरीके से चल रही है। सतगावां में भी पूरा बाजार बंद करने का फैसला लिया गया है।

## चौकीदार नियुक्ति लिखित परीक्षा सफलता पूर्वक संपन्न

**गुमला।** जिले के 18 परीक्षा केंद्रों में रविवार को ग्रामीण चौकीदार नियुक्ति की लिखित परीक्षा सफलता पूर्वक संपन्न हुई। यह परीक्षा पूर्वाह्न 11:00 बजे 12:30 बजे तक आयोजित हुई। बताया गया कि 226 पदों के लिए कुल 12,290 परीक्षार्थी ने फॉर्म भरा था। जिनमें से कुल 10897 परीक्षार्थी (80 प्रतिशत) परीक्षा में शामिल हुए। इससे पूर्व उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर परीक्षा केंद्रों में स्टैटिक दंडाधिकारी, गश्ती एवं उड़न दस्ता दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। कुल 18 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा का आयोजन हुआ। जिसमें संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय, गुमला, लुथरन उच्च विद्यालय, गुमला, उर्सु लाईन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय, गुमला,संत पात्रिक उच्च विद्यालय, गुमला, एस. एस. बालिका उच्च विद्यालय, गुमला, एस. एस. +2 उच्च विद्यालय गुमला, राजकीय उच्च विद्यालय, करंजटोली, गुमला, संत अन्ना उच्च विद्यालय, दाउदनगर, पुग्गु, गुमला, महिला महाविद्यालय पुग्गु, गुमला, राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, अरमई, गुमला, राजकीयकृत उच्च विद्यालय, टोटो, गुमला, राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय, मुरकुण्डा, गुमला,पॉलटेकनीक कॉलेज चण्डाली, गुमला,कार्तिक उराँव महाविद्यालय, गुमला, डॉन बोस्को स्कूल, गुमला,नोट्रेडेम स्कूल बरटोली गुमला,राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सिलम रायडीह, जय किसान उच्च विद्यालय माँझाटोली, रायडीह में परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए परीक्षा केन्द्रों के चारों ओर 100 मीटर की परिधि तक धारा-163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा लागू किया गया था।

## ट्रांसफॉर्मर खराब होने से अंधेरे में हैं चाल्हो के ग्रामीण

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र के चाल्हो में बीते कई दिनों से बिजली उपभोक्ता अंधेरे में जीने को विवश हैं। ग्रामीणों के अनुसार गांव में 25 केबी का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है। किन्तु आबादी ज्यादा हो जाने के कारण आये दिन बोल्टेज कम होता है और आये दिन खराब हुआ करता था। जो कि कुछ दिनों से खराब पड़ा हुआ है जिस कारण छोटे छोटे बच्चों को पढ़ाई लिखाई व सरकार द्वारा संचालित ऑनलाइन का काम बाधित हो गया है। ग्रामीणों द्वारा मामले को लेकर कई बार बिजली विभाग को भी सूचित किया गया है किंतु अबतक कोई पहल नहीं होता देख स्थानीय सांसद को भी आवेदन दिया गया है ताकि जल्द से जल्द खराब ट्रांसफॉर्मर को हटाते हुए 100 केबी का नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का आग्रह किया गया है।

# आदिवासी समाज ने देश की सांस्कृतिक विविधता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है: सुखदेव भगत

- आदिवासी एकता मंच चैनपुर ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




कार्यक्रम को संबोंधित करते सांसद तथा खोड़हा दल के साथ नगाड़ा बजाते सांसद व अन्य

**चैनपुर।** आदिवासी एकता मंच चैनपुर द्वारा रविवार को प्रखंड स्थित बरवे स्कूल मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी समाज की अनमोल सांस्कृतिक धरोहर और उनके अधिकारों के प्रति हमारी सम्मान और प्रतिबद्धता को प्रकट किया गया। इस अवसर पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि आदिवासी समाज ने हमारे देश की सांस्कृतिक विविधता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी पारम्परिक ज्ञान, कला और जीवन शैली हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य पूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा देती है। उनका अनुभव और संस्कार हमें सिखातें हैं कि कैसे हम अपने पर्यावरण और संसाधनों का सम्मान करें और उनका संरक्षण करें। आदिवासी समुदाय को आज भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उनकी संस्कृति, भूमि और अधिकारों का अक्सर उल्लंघन होता रहा है। इस दिन पर हम सबका कर्त्तव्य है कि हम उनकी समस्याओं को समझे और उनके अधिकारों की रक्षा करें। उन्हें विकास के समान अवसर प्रदान करें। आज हम सभी मिलकर यह संकल्प लें कि हम आदिवासी समुदाय की भलाई के लिए काम करेंगे, उनकी संस्कृति का सम्मान करेंगे और उनके समस्त विकास के लिए प्रयास करेंगे। अपने सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करेंगे। इस अवचसर पर विभिन्न खोड़हा दल के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्वयं सांसद सुखदेव भगत खोड़हा दल के साथ नगाड़ा बजाते दिखे। कार्यक्रम में विशेष रूप से चैनपुर जिप सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया शोभा देवी, मधुरा मिंज, सुशील दीपक मिंज, दीपक खलखो, प्रियंका असुर, अलर्बट तिग्गा, आलोक साहु, सभी पंचायत के पंचायत समिती सदस्य,समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# हरिद्वार से पैदल कांवड़ यात्रा लेकर पहुंचे 15 कांवड़ियों का सनातन मंच ने किया स्वागत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उत्तराखंड हरिद्वार से पैदल यात्रा करते हुए देशभक्त प्रसिद्ध गायिका कवि सिंह अपने पंद्रह साथियों के साथ रामेश्वरम (दक्षिण भारत) तक हिंदू राष्ट्र यात्रा हिंदू जन जागृति हेतु सम्पूर्ण भारत पदयात्रा के लक्ष्य निर्धारण कर निकली हैं। रविवार को पदयात्रा गुमला पहुंचने पर सनातन मंच के द्वारा सभी कांवड़ियों का स्वागत किया गया। कांवड़ियों के दल में महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल हैं। गायिका कवि सिंह ने बताया कि जगह-जगह पर विभिन्न हिंदू संगठन सहित सामाजिक संगठन के लोगों द्वारा भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। यात्रा में किसी प्रकार की परेशानी नहीं है। इसके बाद सनातन मंच के द्वारा सभी कांवड़ियों की अगुवाई करते हुए काली मंदिर तक पहुंचाया गया। जहां से पुनः कांवड़ियों का जत्था आगे के लिए प्रस्थान किया। मौके पर विहिप अध्यक्ष अजय सिंह राणा सनातन मंच के संरक्षक शशिप्रिया बंटी, दिलीप जयसवाल, राजेश गुप्ता, राजेश सिंह, बबलू वर्मा, अनिकेत कुमार, अमन आनंद, अंकित विश्वकर्मा, उज्ज्वल केशरी, शिवम जयसवाल, छोटे सोनी, यसराज सिंह, श्याम गुप्ता, गोकुल अग्रवाल, मिथलेश कुमार, अनमोल लाल, पवन जयसवाल, आदर्श रंजन, सुमित कुमार, कुणाल कुमार, आयुष चौधरी, अनुपमा देवी, किरण केशरी सहित विभिन्न सनातनी संगठनों के सदस्य उपस्थित थे।

# हीरादह में कलश यात्रा सह जलाभिषेक कार्यक्रम आयोजित

- कार्यक्रम में बहनों ने भाईयों की कलाई में बांधा रक्षा सूत्र, भंडारे का भी किया गया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रायडीह।** सावन मास के उपलक्ष्य में व रक्षा बंधन त्योहार के पूर्व संध्या पर रविवार को हीरादह धाम विकास समिति के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमडी थी। रविवार की सुबह सबसे पहले समिति के द्वारा कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाएं शामिल हुईं और कलश में पवित्र सरोवर से जल लाकर शिवलिंग में जलाभिषेक किया। जलाभिषेक के पश्चात सामूहिक आरती की गयी। वहीं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। हीरादह विकास समिति के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और भंडारे का लुत्फ उठाया। वहीं पूजा कार्यक्रम के बाद सामुहिक रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन कर बहनों के द्वारा भाईयों की कलाईयों पर रक्षा सूत्र बांधा गया। वहीं कल्प तरु वृक्षारोपण की प्रथम वर्षगांठ तथा 05 अगस्त को बंग्लादेश में बंग्लादेशी मुस्लमानों के द्वारा हिंसा में मारे गए निर्दोष हिन्दुओं की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गयी। वहीं सभा को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी श्री संतोष कुमार सिंह ने कहा की रक्षा बंधन का त्योहार भाई बहन का अटूट प्रेम का प्रतीक है। यह त्योहार विशेषकर भाई बहन का ही त्योहार है।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व पार्टी विधायक दल के नेता को दी बधाई

**गुमला।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव को कांग्रेस पार्टी विधायक दल का नेता बनाए जाने पर पूर्व प्रदेश सचिव आशिक अंसारी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राहुल गांधी के प्रति आभार जताया है। दोनों ही नेताओं को श्री अंसारी ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि केशव महतो कमलेश जमीन से जुड़े नेता हैं।

## बिजली बिल राजस्व शिविर 20 अगस्त से

**बसिया।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कामडारा के तहत बसिया प्रखंड में बिजली बिल राजस्व शिविर का अयोजन 20 अगस्त से 31 अगस्त तक किया जाएगा। जिसके तहत बसिया प्रखंड के डोलंगसेरा में 20 अगस्त, 21 अगस्त को पंथा, 22 अगस्त को तालेसेरा, 23 अगस्त को कुलूसेरा, 24 अगस्त को बनई, 26 अगस्त को नटेकेल, 27 अगस्त को कोनबीर, 28 अगस्त को कुम्हारी, 29 अगस्त लौंगा, 30 अगस्त कलिगा, 31 अगस्त बसिया में शिविर 10 बजे से 2 बजे तक लगेगा। उक्त जानकारी कनीय अभियंता कंचन टुड्डू ने दी।

समस्त बरवाडीह प्रखंड वासियों को 78 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
तेतर यादव
विधायक प्रतिनिधि छिपादोहर
रामचंद्र सिंह
विधायक मनिका वि स क्षेत्र

अमित गुप्ता
समाजसेवी

श्याम प्रसाद
समाजसेवी

बिरजू प्रसाद गुप्ता
समाजसेवी

78 वां स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से मैक्लुस्कीगंज वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
U-DISE : 20142401308
TENDER HEART NURSERY SCHOOL
Konka, Po+PS- Mccluskieganj, 829208
Dist- Ranchi, Jharkhand.
टेंडर हार्ट नर्सरी स्कूल मैक्लुस्कीगंज

78 वां स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर एनके पिपरवार के अधिकारियों व कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुजीत कुमार
महाप्रबंधक
उत्तरीकर्णपुरा क्षेत्र

78 वां स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर समस्त खलारी प्रखण्ड वासियों हार्दिक शुभकामनाएं।
डॉ0 इर्शाद
प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खलारी

78 वां स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर समस्त मैक्लुस्कीगंज वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जागृति विहार
मैक्लुस्कीगंज

78 वां स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से एनके पिपरवार वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
अभिषेक कुमार चौहान
झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा निदेशक सह प्रधानाचार्य

78 वां स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से खलारी वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रंथु साहु
प्रधानाध्यापक उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर उपर टोला,खलारी

78 वां स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से कोयलांचल वासियों हार्दिक शुभकामनाएं।
रमेश चौहान
प्रधानाध्यापक रॉयल प्रोग्रेसिव स्कूल मोहन नगर डकरा निदेशक सह

78 वां स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से मैक्लुस्कीगंज व जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुशांत पाठक
कंचनजंघा इंटरनेशनल स्कूल मैक्लुस्किगंज

78 वां स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से जिला व मैक्लुस्कीगंज वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मनोज शर्मा
प्रधानाचार्य
मैक्लुस्कीगंज इंटर कॉलेज

78 वां स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर व्यवसायी संघ व मैक्लुस्कीगंज वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
विजय गुप्ता
समाजसेवी

78 वां स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से एनके पिपरवार वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सरस्वती शिशु विद्या मंदिर
डकरा

78 वां स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर खलारी प्रखण्ड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
गिरधर मिश्रा
अध्यक्ष सह समाजसेवी राम पर्सनाचार्य सर्वांगीण विकास केंद्र दुर्गा मंडप हुटाप

78 वां स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर मैक्लुस्कीगंज सहित पूरे जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेंद्रनाथ पांडेय
सचिव मैक्लुस्कीगंज डेवलपमेंट फोरम सह वरिष्ठ भाजपा नेता झारखंड प्रदेश
ग्लेन जोसेफ गॉल्सटन
सदस्य
झारखंड विधानसभा

78 वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर खलारी कोयलांचल के समस्त ग्राम वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
गोविंद कुमार
थाना प्रभारी
मैक्लुस्कीगंज
विजय सिंह
थाना प्रभारी
खलारी इंस्पेक्टर सह

78 वां स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर एनके पिपरवार एरिया के अधिकारियों व कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं
गोल्टेन प्रसाद यादव
जनता मजदूर संघ
एनके एरिया अध्यक्ष
ध्वजा राम धोबी
कोल फील्ड मजदूर यूनियन केंद्रीय संगठन सचिव।

78 वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रखंड व जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मुकेश यादव
झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष।

जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।
सुनिल कुमार पाण्डेय
प्रदेश अध्यक्ष झारखंड अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ

स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ पर जयनगर वासियों को हार्दिक बधाई
प्रीति मेडिकल
प्रो. विकास कुमार
बरियाडीह मरकच्चो
कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ पर जयनगर वासियों को हार्दिक बधाई
नरेश प्रसाद साव
प्रधानाचार्य सह निर्देशक
रिया कुमारी सेंट्रल कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल कादोडीह रोड दरदाही मरकच्चो कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की चितरपुर प्रखंड वासियों को शुभकामनाएं
गिरिडीह सांसद
चंद्रप्रकाश
चौधरी
रामगढ़
विधायक
सुनीता चौधरी
निवेदकः आजसू पार्टी चितरपुर प्रखंड

स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ पर जयनगर वासियों को हार्दिक बधाई
प्रकाश कुमार रविदास
प्राचार्य परियोजना बालिका उच्च विद्यालय जयनगर कोडरमा




स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई
द्रोपदी देवी
चितरपुर प्रखंड प्रमुख
निवेदकः अभिषेक वर्मा

कुंज बिहारी फूडस प्रोसेसर राइस मिल प्रा लि की ओर से क्षेत्र के लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

कृष्णा कुमार
श्रमिक मित्र सिमरिया

स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ पर जयनगर वासियों को हार्दिक बधाई
गंगाधर राणा
निदेशक वनांचल शिशु $2 उच्च विद्यालय रूपलाल नगर बरवाडीह, मरकच्चो कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ पर जयनगर वासियों को हार्दिक बधाई
डॉ. कैलाश प्रसाद
शांति सह विकास समिति महासचिव जयनगर पूर्वी पंचायत कोडरमा

# कोलकाता की घटना के विरोध में अभाविप ने ममता सरकार का पुतला फूंका




खबर मन्त्र सांवाददाता

**दुमका।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता मेडिकल कॉलेज के महिला चिकित्सक के साथ हैवानियत की घटना के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई ने रविवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका। पुतला दहन नगर मंत्री अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में टीन बाजार चैक पर किया गया। इस अवसर पर नगर सह मंत्री स्मृति ने कहा कि जिस प्रकार से कोलकाता के मेडिकल कॉलेज के अंदर एक महिला ट्रेनी डॉक्टर के रेप करके उनका निर्मम हत्या कर दिया गया। ऐसी जघन्य विभत्स कर देने वाली कृत्य बंगाला के अंदर देखने को मिलती है। ऐसी शर्मसार करने वाली घटना जबकी राज्य की मुख्यमंत्री स्वयं एक महिला है। उस राज्य में महिलाओं के साथ बढ़ते अपराधों की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक है। आज इस देश में जब एक बेटी स्वतंत्र नहीं है। आज उसी देश में हम शान से स्वतंत्रता दिवस मना रहें। उन्होंने कहा कि क्या फायदा ऐसी आजादी का, जब एक जान बचाने वाला ही सुरक्षित नहीं है। जब इस घटना को लेकर प्रदर्शन करने के लिए सड़क पर छात्र उतरते है, तो ममता सरकार के टीएमसी गुंडों द्वारा दुर्व्यवहार कर जबरन हॉस्पिटल में घुस कर सारे सबूतों को मिटा दिया जाता है। साथ ही अभाविप ने सरकार से मांग की जब तक देश के अंदर में महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित नहीं करेंगे, तब अभाविप के कार्यकर्ता सड़क से लेकर सदन तक अंदलोलन करेगी। मौके पर उपस्थित जिला संगठन मंत्री धनंजय साह, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य मनोज सोरेन, लखीराम मंडल, नगर सह मंत्री सुमन कुमारी, बिनीता कुमारी, नेहा कुमारी, खुशी कुमारी, रवीना टंडन, प्रिया कुमारी, गायत्री कुमारी, प्रशांत रक्षित, अमन गुप्ता, राहुल चंद्रवंशी, साकेत जयसवाल, कॉलेज अध्यक्ष अमन कुमार साह, विवेक कुमार, अनीश कुमार, प्रिंश माही, अमन कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रांची मे फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन की बैठक संपन्न




खबर मन्त्र सांवाददाता

**बेरमो।** फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन की बैठक रांची प्रेस क्लब आयोजित किया गया। अध्यक्षता फेडरेशन के अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला ने की। संपन्न बैठक में उपस्थित संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखें। फोरम के अध्यक्ष ने संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि हमारा संगठन कई जिलों में फैल चुका है। इसका अब झारखंड के समस्त 24 जिलों तक विस्तार करना है। कहा कि प्रत्येक प्रखंड से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक व्यापारियों, उद्यमियों, प्रोफेशनलों और सर्विस प्रोवाइडरों को संगठन से जोड़ना है। इस अवसर पर फेडरेशन के महासचिव सत्येंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि उनका लॉ एंड ऑर्डर सब-कमिटी बखूबी काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि झारखंड के विभिन्न जिलों में व्यापारियों के साथ हो रहे घटनाओं पर संगठन सरकार और प्रशासन के साथ पत्राचार कर कार्रवाई की पहल कर रहा है। किसी भी व्यापारी को कोई भी समस्या आती है तो वह हमें लिखित रूप से हमारे कार्यालय में प्रेषित कर हमें अवगत करा सकते हैं, जिस पर हम संज्ञान लेंगे। बैठक बेहतर काम करने वाले सदस्यो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। नये सदस्यो को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। उक्त बैठक में फेडरेशन के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार बेगवानी, बोकारो जिला अध्यक्ष दिनेश सिंह, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह बोकारो जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार गोयल, सुभाष बरनवाल, संगीता अग्रवाल, राकेश कुमार गुप्ता, जितेंद्र सिंह,शाहिद आलम, अमरनाथ शर्मा, पवन कुमार आदि ने अपना-अपना विचार रखा। धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष रेणुका तिवारी ने किया।

## खबर एक नजर में

### बेरमो : सावन माह को लेकर गाजेबाजे के साथ निकाली गयी जलयात्रा



बेरमो/फुसरो। फुसरो नप क्षेत्र अंतर्गत ढोरी बस्ती के भोलानगर में सावन को लेकर नया शिव मंदिर कमेटी भोला नगर की ओर से रविवार को गाजे बाजे के साथ शोभा जल यात्रा निकाली गई। यहां महिलायें व युवतियों ने भोलेबाबा की जयकारे लगाते हुए मंदिर परिसर से सौतारडीह, जीएम कॉलोनी, पुराना बीडीओ ऑफिस, आंबेडकर कॉलोनी होते हुए बालुबैंकर का भ्रमण करते हुए दामोदर नदी पहुंचा। जहां श्रद्धालुओं ने पूजन कर ततपश्चात पात्र में जल भरकर पुनः वापस मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया7 जलयात्रा में सभी श्रद्धालु हाथों में ध्वज लिए जय श्री राम व हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। मौके पर फुसरो नप के पूर्व पार्षद कविता देवी, पार्षद प्रतिनिधि उमेश रवि, विक्रांत शर्मा, अशोक रवि, भरत रवि, सुंदर रवि, भीम रवि, गणेश रवि, सिकंदर कुमार, रघु कुमार, अमन कुमार पाठक, निखिल पाठक, कृष्णा गिरी, सिंकु सिंह, पिंकी देवी, शिवानी, रूबी देवी, मंजू देवी, सुधा देवी, नेहा कुमारी, सोनी देवी, रेशमा कुमारी, ललिता कुमारी, किरण कुमारी, शालू कुमारी, अंजली कुमारी आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

### बोकारो : चिकित्सक के साथ बर्बरता के खिलाफ हड़ताल पर रहे चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी



बोकारो। कोलकाता में एक महिला चिकित्सक के साथ हुए जघन्य अपराध की घटना और उसके बाद कोलकाता के उक्त सरकारी अस्पताल में हिंसक भीड़ द्वारा की गई तोड़फोड़ व चिकित्सकों के साथ मारपीट की घटना के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर पूरे भारत में चिकित्सकों की हड़ताल की घोषणा के आलोक में बोकारो जिले में भी चिकित्सकों की एकदिवसीय हड़ताल रही। बोकारो में आईएमए झासा एवं चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन करते हुए भारत सरकार से बंगाल में चिकित्सकों के साथ की गई बर्बरता पूर्ण कार्रवाई एवं हत्या के आरोपी को फांसी दिये जाने तथा ममता सरकार को बर्खास्त करने की मांग की गई। सभी चिकित्सक ममता सरकार के विरोध में न्याय की गुहार लगा रहे थे। प्रदर्शन का नेतृत्व आईएमए एवं झासा के अध्यक्ष सचिव एवं चिकित्सा संघ के जिला मंत्री एवं अध्यक्ष कर रहे थे। इनमें डॉ निकेत चौधरी डॉ रणधीर कुमार सिंह डॉ. मीता सिन्हा डॉ केके सिंह वरीय चिकित्सक डॉ पीएन पांडेय डॉ संजय कुमार के नाम प्रमुख हैं। इनके अलावा चिकित्सा संघ के बालकृष्ण कुमार रमेश कुमार मिश्रा दिलीप कुमार सिंह नयन राय उमेश कुमार सिंह ओम कुमार हरिप्रसाद सिंह अजय कुमार सोमनाथ सिंह अभय कुमार बंटी मंतोष कुमार महेंद्र प्रसाद सहित सैकड़ों की संख्या में स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए।

### बोकारो : तीन दिवसीय मनोकामना सिद्धि देववृक्ष कल्पतरु महोत्सव संपन्न



बोकारो। स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा पर्यावरण मित्र चौक स्थित पर्यावरण मित्र वाटिका में आयोजित तीन दिवसीय मनोकामना सिद्धि देववृक्ष कल्पतरु महोत्सव का देव वृक्ष की शाखाओं में देवाधिदेव महादेव भगवान शिव की विधिवत पूजा अर्चना और तत्पश्चात रुद्राभिषेक के साथ समापन किया गया। मान्यता अनुसार यह देववृक्ष कल्पतरु ब्रह्मा विष्णु और शिव स्वरूप त्रिदेव की तरह पूजित है। इसके मूल भाग में भगवान विष्णु की तना भाग में भगवान ब्रह्मा की और शाखाओं में भगवान शिव की पूजा की जाती है। समुद्र मंथन से प्राप्त चौदह रत्नों में से एक देववृक्ष कल्पतरु भी है और यह उसी कल्पतरु का अंश है। इस महोत्सव के दौरान बोकारो के समस्त नागरिकों सहित राज्य एवं पूरे देश के कल्याणार्थ आशीर्वाद मांगा गया। विद्वान आचार्य पं चंदन शास्त्री के द्वारा सारा पूजन शास्त्रीय विधि से संपन्न हुआ। यजमान के रूप में संस्था के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल वृक्ष बचाओ अभियान के संयोजक वीरेंद्र चौबे संस्थान के सलाहकार विष्णु शंकर मिश्र और दूसरे सलाहकार राजेश्वर द्विवेदी एवं तीसरे सलाहकार अक्षय कुमार दुबे ने कल्पतरु की पूजा एवं रुद्राभिषेक कर बोकारो तथा झारखंड सहित पूरे देश के लोगों के विकास और उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना किया।

### प्रतिभा सम्मान समारोह में मेघावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित



हंसडीहा। हंसडीहा से सटे बेलटिकरी और भाटिन गांव में रविवार को कुशवाहा समाज के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें इस वर्ष मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेघावी छात्र छात्राओं को कुशवाहा समाज के युवा वर्ग व ग्रामीणों ने मिलकर सम्मानित किया। इनमें मैट्रिक एवं इंटर के सत्यम कुमार, अविनाश कुमार, तृप्ति कुमारी सहित 40 छात्र छात्राओं को भागवत गीता पुस्तक व मैडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य बद्री प्रसाद महतो ने कहा कि शिक्षा पाने का लक्ष्य केवल निजी व सरकारी विभाग में उच्च पदों पर आसीन होना ही नहीं है बल्कि श्रेस्ट समाज की रचना में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करना है। इस मौके पर जीतलाल महतो, शत्रुघन महतो, बिंदु महतो, आनंद कुमार महतो, विवेकानंद भारती, शीत कुमार, बसंत कुमार, सुमन कुमार, अक्षय कुमार, मनीष कुमार, रोशन कुमार मोनू कुमार हिमांशु कुमार गणेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### झारखंड परिवर्तन पार्टी की कार्यसमिति की हुई बैठक

दुमका। इंडोर स्टेडियम में झारखंड परिवर्तन पार्टी की कार्य समिति की बैठक रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गुप्ता ने कहा कि कार्यसमिति को बैठक में निर्णय लिया गया है कि लोहार जाति को लेकर पार्टी एक बड़ा पहल कर रही है। उन्होंने कहा है कि लोग सरकार से यह मांग करेंगे कि लोहार समाज को भी एसटी समाज में लाया जाए और उन्हें जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाये। उन्होंने बताया कि कार्यसमिति की बैठक आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर किया गया है। उन्होंने कहा है कि बैठक में संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने को लेकर विशेष चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार दोहरा नीति अपना रही है। आदिवासियों समाज या अन्य समाज को विकसित करने पर कोई भी सरकार ध्यान नहीं दे रही है। आज दुमका जिले में कई ऐसी गांव है। जहां पर रास्ता नहीं है। पढ़ने के लिए विद्यालय, अस्पताल तक नहीं है। पार्टी का मुख्य मुद्दा है कि गांव में पढ़ने के लिए एक अच्छी विद्यालय हो, गांव में पक्की सड़क, गांव में अस्पताल बने। जिससे गांव के लोग किसी भी समय स्वास्थ्य खराब होने पर और एवं आपातकालीन स्थिति में लोगों को समस्या नहीं हो। उन्होंने कहा कि पार्टी 2022 से ही लोकहित में कार्य कर रही है। पार्टी की महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा देवी ने कहा कि हमारा जो समाज है, राना समाज लोहार समाज में आता है और हम लोग को पिछड़ी जाति में रखा गया। हम लोग का जो हक है, वो अभी तक मिला नहीं है। उन्होंने कहा है कि 26 साल राज्य अलग हुए हो गये और सरकार हम लोगों को अनदेखा कर रही है। किसी भी प्रकार से हम लोग को सरकार सुविधा नहीं दे रही है।

## स्पीड न्यूज

### कसमार में मनरेगा डोभा में डूबने से 7 वर्षीय बच्चे की मौत



बोकारो/कसमार। कसमार थाना क्षेत्र के मंजूरा पंचायत अंतर्गत झरमुंगा गांव में मनरेगा के तहत निर्मित डोभे में एक 7 वर्षीय बालक प्रमोद घांसी की डुबने से मौत हो गई। बालक प्रमोद पुरना टांड़ टोला निवासी सखीराम घांसी का पुत्र था। घटना की सूचना पाकर कसमार थाना के सब इंस्पेक्टर कुंदन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पंहुचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। बताया जाता है कि प्रमोद अन्य दो साथी बालकों के साथ दोपहर को खेल रहा था। खेलते खेलते वह घर के निकट मनरेगा के तहत बने डोभा की ओर चला गया। पानी से लबालब भरे डोभा में पैर फिसल कर गिर गया और वह डूब गया। अन्य दो बच्चे चिल्लाये लेकिन आसपास में कोई नहीं होने के कारण मौके पर कोई नहीं पहुंच पाया। बालक की मां मायके गयी हुई थी तथा पिता मनसा पूजा की तैयारी को लेकर बाजार गया था।? बच्चा घर में अकेला था। एकलौते पुत्र मौत से माता पिता तथा परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। सखीराम घांसी के बड़े पुत्र की भी 15 वर्ष पूर्व कूंए में डूबकर मौत हो गई थी। इसके बाद पुत्र की लालसा में दूसरी शादी कर ली। जिससे एक पुत्र व पुत्री हुई। स्थानीय प्रतिनिधियों ने सरकारी मुआवजा दिलाने आश्वासन दिया है।

### अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष पी सोलोमन का स्वागत

हंसडीहा। गोड्डा के बेथेल मिशन स्कूल के निदेशक पी सोलोमन को राज्य अल्पसंख्यक आयोग का उपाध्यक्ष बनाये जाने की खुशी में उनके समर्थकों ने हंसडीहा गांधी चौक पर उनका स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। इस दौरान श्री सोलोमन ने कहा कि राज्य के अल्पसंख्यकों के कल्याण व उनके विकास को लेकर पूरी तरह से काम करने तथा आयोग द्वारा राज्य में संचालित तमाम कार्यों को भी लोगों के बीच रखा जाएगा। स्वागत कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद वे गोड्डा के लिए निकल पड़े इस मौके पर राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य इकरारुल हसन आलम अरुण जायसवाल, अख्तर हुसैन, पिंटू अंसारी, सतीश यादव, कमरुजामा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बिशुनपुरा में बायीं बांकी नहर से दवा बरामद

**रमना।** बायीं बांकी नहर के तेज बहाव में काफी मात्रा में दवा को ग्रामीणों ने बरामद कर थाना को सौप दिया। जानकारी के अनुसार आयरन, फोलिक एसिड का सिरप काफी मात्रा में नहर में फेंका हुआ पाया गया है। जिससे ग्रामीणों के बीच सनसनी फैल गई। ग्रामीणों के अनुसार नहर में फेंका गया दवा जो पानी की तेज बहाव में बह रहा था जिसे देख पातागड़ा के ग्रामीण आपस में चर्चा करने लगे कि यह क्या चीज पानी में बह रहा है। तत्काल वहां पर बैठे लोगों में से कुछ लड़को ने नहर में छलांग लगाकर तीन पेटी दवा निकालने में सफल रहे। बाकी पेटी नहर में संया ग्राम की ओर बहता हुआ चला गया। इस दौरान पानी से पेटी निकलने के दौरान पेटी भी फट गया था। बरामद दवा में बताया गया कि आयरन का सिरप 60 एमएल में लगभग 300 पीस में है।

# सीसीएल सीएमडी के साथ कौंसिल की बैठक, 17 सूत्री मांगो पर सहमति

## सीसीएल के सभी क्षेत्रों से शामिल हुए कौंसिल के पदाधिकारीगण

खबर मन्त्र सांवाददाता




**बेरमो।** सीसीएल मुख्यालय रांची (दरभंगा हाउस) मे ऑल इंडिया एससी/ एसटी/ बैकवर्ड क्लास एम्पलाईस को आडिनेशन कौंसिल के नेताओं व सीसीएल के तमाम क्षेत्रों में पहुचे पदाधिकारियों और सीसीएल सीएमडी एन के सिंह व अन्य अधिकारियों के बीच एक अहम बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे कौंसिल की ओर से 17 सुत्री मांगो को क्रमबद्ध तरीके से सीएमडी के समक्ष रखा गया। जिसमें सीसीएल के कामगारों, कर्मियों, कर्मचारियों, विस्थापितों, रैयतो तथा स्थानीय बेरोजगारों के मुद्दे शामिल थे। कौंसिल के सदस्यों द्वारा रखे गए मांगो को सीएमडी सिंह ने गंभीरता से लेते हुए सभी मांगो पर अपनी सहमति जताते हुए समस्याओं को जल्द से जल्द निदान करने की पहल शुरू करने का आश्वासन दिए। इस एजेंडा बैठक में सीसीएल के विभिन्न विभागों के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे जबकि कौंसिल की ओर से महामंत्री बृज किशोर पासवान, सीसीएल अध्यक्ष राम शब्द राम, सीसीएल उपाध्यक्ष एकबाल हुसैन, कौंसिल के सीसीएल एरिया अध्यक्ष मो इस्लाम अंसारी, शंकर पासवान आदि दर्जनों लोग शामिल थे। बैठक से पूर्व सीसीएल सीएमडी सिंह को कथारा एरिया अध्यक्ष मो इस्लाम अंसारी ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस उच्च स्तरीय बैठक के बाद कौंसिल के पदाधिकारियों ने मिडिया से बातचीत के दौरान कहा कि कौंसिल काफी पहले अपने 17 सुत्री मांग पत्र सीसीएल सीएमडी कार्यालय को सौंपा था उसी के आलोक में आज की यह बैठक आयोजित थी। कहा कि सीएमडी साहब से कौंसिल को उम्मीद ही नहीं विश्वास भी है कि हमारी मांगो को निश्चित रुप से गंभीरता से लेगे।

# समूह गान प्रतियोगिता में डीपीएस बोकारो ने जीता प्रथम पुरस्कार




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो क्लब सिनेमा परिसर में संपन्न समूह गान और नृत्य की अंतर्विद्यालय प्रतियोगिता में ईडी परियोजनाएं एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन सीआर महापात्रा तथा ईडी वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी ईडी मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य राजन प्रसाद ईडी माइंस जयदीप दासगुप्ता सीजीएम विभागाध्यक्ष विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य अध्यापकगण तथा बच्चे सम्मिलित थे। कार्यक्रम का संचालन बोकारो इस्पात संयंत्र के जूनियर मैनेजर रवि कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया। देश भक्ति समूह गान एवं समूह नृत्य की अंतर्विद्यालय प्रतियोगिता में बीएसएल द्वारा संचालित स्कूलों सहित नगर के विभिन्न पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपने आकर्षक प्रस्तुतियों से सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समूह गान में प्रथम पुरस्कार डीपीएस बोकारो द्वितीय पुरस्कार रेनबो पब्लिक स्कूल तथा तृतीय पुरस्कार जीजीपीएस सेक्टर 05 को मिला। समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पेंटेकोस्टल असेंबली स्कूल द्वितीय पुरस्कार श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल तथा तृतीय पुरस्कार एआरएस पब्लिक स्कूल को दिया गया।

## गिरिजा देवी दूसरी बार बनी बोकारो महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष



बेरमो। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निदेर्शानुसार भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने बेरमो के बैदकारो निवासी सह प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी को बोकारो महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। गिरिजा देवी को महिला मोर्चा के अध्यक्ष बनाए जाने पर जगह-जगह पर कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ देकर बधाई दिया। गिरिजा देवी ने कहा कि महिला मोर्चा महिलाओं के लिए सदेव सहयोग के लिए तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि पार्टी को मजबूत करने और अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने का कार्य शुरू किया जाएगा। बधाई देनेवालों में पूर्व सांसद रविन्द्र कुमार पाण्डेय, पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटूल, प्रकाश कुमार सिंह, विनय सिंह, टुनटुन तिवारी व रमेश स्वर्णकार, सुमित सिंह, प्रशांत सिंह, सूरज सिंह राठौर, पूर्व प्रमुख अनिता गुप्ता, राधा देवी, वीणा देवी, सरिता देवी आदि लोगों ने बधाई दिया।

# गोड्डा : युवा आक्रोश रैली को लेकर पोडेयाहाट भाजपा मंडल की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** 23 अगस्त को रांची चलकर हेमंत सोरेन की सरकार के खिलाफ युवा आक्रोश रैली को सफल बनाने हेतू पोड़ैयाहाट के देवड़ाड मंडल में एक बैठक मंडल अध्यक्ष हीरा लाल यादव और मंडल प्रभारी बिमंत कुमार की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में सभी पंचायत और सभी बूथों से सक्रिय और ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता को रांची हेमंत सोरेन के खिलाफ आंदोलन में ले जाना है, आने जाने के साधन और व्यवस्था पर मुख्य बाते हुई। जिला मीडिया प्रभारी सह देवड़ाड मंडल प्रभारी बिमंत ने कहा कि जिस प्रकार हेमंत सोरेन की सरकार चुनाव के पूर्व किए गए वादों से राज्य के युवा और बेरोजगार, किसान, मजदूर और महिलाएं ठगी गई लोगों को सिर्फ झूठा आश्वासन मिलता रहा। 5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने की बात कह कर ये बात से फिर गई। चुनाव नजदीक देखकर राज्य के बहनों और महिलाओं को माई योजना के नाम पर झूठा आश्वासन मिलता रहा जो कि 15 अगस्त को कहकर अभी तक नहीं दे पाई। राज्य में हो रही सभी बहालियों में पैसा लेकर सीट बेचने का आरोप भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी बिमंत साह ने हेमंत सोरेन की सरकार पर लगाया और इसलिए हेमंत सोरेन को उखाड़ फेंकने के लिए 23 अगस्त को अधिक संख्या में युवाओं को रांची जाना है ये युवा रैली ऐतिहासिक होगा। आज के कार्यक्रम में उपस्थित लालदेव यादव पंचायत समिति सदस्य लाठीबाड़ी, भाजपा के वरिष्ठ नेता आकाश मंडल, शिवम स्नेह,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुंदन मंडल, मुन्ना मंडल, प्रमोद यादव, राजेश यादव, संतोष यादव, रघुनाथ साह, मोहन लाल राय, कुंदन यादव, प्रदीप मंडल, संजय पण्डित आदि उपस्थित थे।

# हाइकोर्ट ने जनसेवकों के ग्रेड पे घटाने संबंधी आदेश को किया निरस्त, मना जश्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** झारखंड राज्य अंतर्गत 2012 में में नियुक्त जनसेवकों का ग्रेड पे लगभग 11 वर्षों की सेवा के बाद 2400 से घटाकर 2000 कर कर दिया गया था। ग्रेड पे घटाने संबंधी आदेश के विरुद्ध जनसेवक रविन्द्र कुमार एवं अन्य ने हाइकोर्ट में याचिका दायर की थी। लगभग 15 माह तक चले इस मुकदमे में अंततः याचिकाकर्ता की जीत हुई। बीते शुक्रवार को जस्टिस दीपक रौशन ने ग्रेड पे घटाने के सरकार के आदेश को रद्द कर दिया। माननीय न्यायालय ने सरकार से कहा कि जब जनसेवकों की नियुक्ति संबंधी विज्ञापन एवं नियुक्ति पत्र में 2400 ग्रेड पे का उल्लेख है एवं इसी ग्रेड पे के आधार पर सेवा संपुष्टि की गई है तो लगभग 11 वर्षों की सेवा के बाद ग्रेड पे घटना गलत है। झारखंड राज्य जनसेवक संघ जिला ईकाई गोड्डा के अध्यक्ष नंदलाल पंडित एवं सचिव राजीव साह ने राज्य के सभी जनसेवकों को ग्रेड पे रिस्टोर होने पर बधाई दी है। गोड्डा के जनसेवकों ने कोर्ट द्वारा ग्रेड पे घटाए जाने संबंधी आदेश को निरस्त किए जाने पर जश्न मनाया, एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। संथाल परगना प्रमंडलीय अध्यक्ष सुशील कुमार झा, गोड्डा जिला अध्यक्ष नंदलाल पंडित एवं जिला सचिव राजीव साह ने अपने संयुक्त ब्यान में कहा कि यह जनसेवक संवर्ग के आन बान शान की लड़ाई थी जिसे हमने जीत लिया है। आगे यदि सरकार हमारी अन्य मांगे नहीं पुरी करती है, तो जनसेवक पुनः आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मौके पर आलोक कुमार, प्रीतम कुमार, सत्यम कुमार, सुदर्शन कुमार, विनोद मेहरा, विकास रंजन, गौतम ठाकुर, राकेश कुमार, किशोर कुमार झा, आदित्य प्रियदर्शी, दिलान हांसदा आदि उपस्थित थे।

# विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र में 32 वर्षीय महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। महिला का शव घर के अंदर पड़ा था। उसके मुंह से झाग निकल रहा था। यह घटना जरमुंडी प्रखंड क्षेत्र के अगोया गांव की है। विवाहिता के परिजनों ने ससुराल वालों पर जहर देकर हत्या कर देने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरी ओर विवाहिता के पति एवं ससुराल पक्ष के लोगों का कहना है कि महिला रुबिया देवी ने गुस्से में आकर कीटनाशक दवा खाकर खुदकुशी कर ली है। महिला के पति नेपाल गोस्वामी का कहना है कि बच्चों के बीच विवाद में उनकी पत्नी का भाई की पत्नी के साथ विवाद हो गया था। जिस वक्त दोनों के बीच विवाद हुआ था, उस वक्त वह बासुकीनाथ धाम में एक पेड़े के दुकान में काम कर रहा था। उसने अपनी पत्नी को फोन से समझाया था कि वह घर आने के बाद भाई की पत्नी को समझा देगा। वह मेला को लेकर घर नहीं आ पाया था। इसी बीच उसकी पत्नी ने आवेश में आकर कीटनाशक दवा खा ली। उसकी तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन-फानन में जरमुंडी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिकी उपचार कर रेफर कर दिया। परिजनों ने महिला को फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका में भर्ती कराया। लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुई। इसके बाद परिजन देवघर लेकर जा रहे थे कि रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। महिला का मायका देवघर जिला के सोनारायठाड़ी में है।

## सीएए सिर्फ नागरिकता देने का नहीं, बल्कि न्याय और अधिकार देने का कानून

# शाह ने 188 शरणार्थियों को दिये नागरिकता प्रमाण पत्र

### विपक्ष की तुष्टिकरण की नीति से करोड़ों लोग तरसते रहे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत 188 शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किये। उन्होंने कहा कि सीएए देश में बसे लाखों लोगों को सिर्फ नागरिकता देने का नहीं, बल्कि न्याय और अधिकार देने का कानून है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों की तुष्टिकरण की नीति के कारण 1947 से 2014 तक देश में शरण लेने वाले लोगों को अधिकार और न्याय नहीं मिला। इन लोगों को न सिर्फ पड़ोसी देशों में बल्कि यहां भी प्रताड़ना सहनी पड़ी। ये लाखों-करोड़ों लोग तीन-तीन पीढ़ियों तक न्याय के लिए तरसते रहे लेकिन विपक्ष की तुष्टिकरण की नीति के कारण इन्हें न्याय नहीं मिला। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आजादी के समय भारत का विभाजन धर्म के आधार पर किया गया और उस समय भीषण दंगे हुए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश में रहने वाले करोड़ों हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन और ईसाई समुदाय के लोग अपनी वेदना नहीं भूल सकते। उन्होंने कहा कि उस वक्त विभाजन का फैसला करते हुए तत्कालीन सरकार ने वादा किया था कि पड़ोसी देशों से आने वाले हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन और ईसाई



संप्रदायों के लोगों को भारत की नागरिकता दी जाएगी। श्री शाह ने कहा कि चुनाव आते-आते तत्कालीन सरकार के नेता इन वादों से मुकरते गए और 1947, 1948 और 1950 में किए गए इन वादों को भुला दिया गया। उन्होंने कहा कि उस समय की सरकार ने इन लोगों को इसी लिए नागरिकता नहीं दी कि इससे उनका वोट बैंक नाराज हो जाएगा। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की नीति के कारण इन लाखों-करोड़ों लोगों को नागरिकता से वंचित रखा गया और इससे बड़ा पाप कोई नहीं हो सकता।

### विकास परियोजनाओं का उदघाटन

एक अन्य कार्यक्रम में श्री शाह ने अहमदाबाद नगर निगम की लगभग 1003 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। विकास कार्यों का कार्यक्रम में ई-लोकार्पण व शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, राज्य सरकार के केबिनेट मंत्री ऋषिकेश पटेल, राज्य मंत्री जगदीश विश्वकर्मा तथा अहमदाबाद की महापौर प्रतिभाबेन जैन भी उपस्थित रहीं। श्री शाह ने श्री भूपेंद्र पटेल सहित उपस्थित महानुभावों ने डोर टु डोर वेस्ट कलेक्शन वैन को झंडी दिखा कर प्रस्थान कराया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ संवाद भी किया। श्री शाह ने गांधीनगर तथा अहमदाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अनुमानित 1003 करोड़ रुपए के विभिन्न जनोन्मुखी विकास कार्यों के लोकार्पण तथा शिलान्यास के लिए गुजरात सरकार तथा अहमदाबाद मनपा (एएमसी) का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गांधीनगर संसदीय क्षेत्र में 730 करोड़ रुपए की 21 परियोजनाओं का लोकार्पण और चार विकास कार्यों का शिलान्यास सहित अहमदाबाद पूर्व तथा अहमदाबाद पश्चिम संसदीय क्षेत्रों में 18 परियोजनों का लोकार्पण और विकास कार्यों का शिलान्यास आज संपन्न हुआ है। इनमें स्वच्छता, स्वास्थ्य, खेल-कूद, पर्यावरण संक्षरण आदि क्षेत्रों के अनेक विकास कार्य शामिल हैं।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस में मां ने बताया आंखों देखा हाल

# पैंट खुली थी और शरीर पर सिर्फ एक कपड़ा

**एजेंसी**

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर का मामला गरमाया हुआ है। इसे लेकर सिर्फ बंगाल ही नहीं देशभर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस बीच महिला ट्रेनी डॉक्टर की मां कहा कि हॉस्पिटल से फोन आया था कि बेटी की तबीयत खराब है, फिर कहा उसने आत्महत्या कर ली है, जब मैं हॉस्पिटल पहुंची तो पहले तो डेड बॉडी को देखने नहीं दिया और फिर जब इजाजत मिली और देखा तो उसकी पैंट खुली थी, शरीर पर सिर्फ एक कपड़ा था। हाथ टूटा पड़ा था और मुंह तथा आंखों से खून निकल रहा था। उन्होंने कोलकाता पुलिस के काम पर भी असंतोष जताया और कहा कि ऐसा लगता है कि सीएम ममता बनर्जी विरोध रोकने की कोशिश कर रही हैं।




कोलकाता में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के यौन उत्पीड़न और हत्या के खिलाफ विभिन्न डॉक्टर संगठनों के सदस्यों का विरोध प्रदर्शन

महिला ट्रेनी डॉक्टर की मां का कहना है कि अस्पताल प्रशासन का उनकी बेटी की मौत को लेकर रवैया बिल्कुल भी ठीक नहीं रहा। उन्होंने बताया कि जब हमने अस्पताल प्रशासन के आधी-अधूरी बात की। सिर्फ कि आपकी बेटी की तबीयत खराब है और फोन काट दिया। जब जवाब में हमने दोबारा कॉल किया तो सामने वाले ने खुद को असिस्टेंट बताया और कहा कि आपकी बेटी गुरुवार को ड्यूटी पर थी और उसने आत्महत्या कर ली है। हम शुक्रवार रात 10.53 बजे के आसपास अस्पताल पहुंचे तो पहले हमें डेड बॉडी नहीं देखने दिया।

उन्होंने आगे बताया कि जब आधी रात 3 बजे हमें बेटी को देखने की परमिशन मिली तो अंदर का नजारा देख हमारे पैरों तले जमीन खिसक गई। उसकी पैंट खुली थी, शरीर पर सिर्फ एक कपड़ा था। हाथ टूटा पड़ा था और मुंह तथा आंखों से खून निकल रहा था। उसे देखकर ऐसा लग रहा कि किसी ने हमारी बेटी को मार डाला है। मैंने उनसे कहा कि यह आत्महत्या नहीं है, हमने अपनी बेटी को डॉक्टर बनाने के लिए बहुत मेहनत की थी और उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा, सीएम ममता बनर्जी ने कहा था कि अपराधी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुझे यकीन है कि इस घटना में कई और लोग शामिल हैं। मुझे लगता है कि घटना के लिए पूरा विभाग जिम्मेदार है। पुलिस ने बिल्कुल भी अच्छा काम नहीं किया। मुझे लगता है कि मुख्यमंत्री विरोध को रोकने की कोशिश कर रही हैं, उन्होंने आज यहां धारा 144 लगा दी ताकि लोग विरोध न कर सकें।

कोलकाता पुलिस पर उनका कहना था, उन्होंने हमारे साथ बिल्कुल भी सहयोग नहीं किया, उन्होंने केवल मामले को जल्द से जल्द रफा-दफा करने की कोशिश की। उनकी कोशिश थी कि जल्द से जल्द पोस्टमॉर्टम कराकर शव को हटा दिया जाए।

## मौसम के कहर , उत्तराखंड में 32 सड़कें अवरुद्ध



**देहरादून।** उत्तराखंड में मौसम के कहर से अभी राहत मिलने के आसार नहीं हैं। राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने 24 अगस्त तक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। ऐसे में लोगों को अभी और मुश्किलें झेलनी पड़ेगी। लगातार हो रही बारिश के चलते भूस्खलन से उत्तराखंड की राह जोखिम भरा है। लोक निर्माण विभाग उत्तराखंड की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार रविवार को प्रदेश भर में कुल 37 मार्ग अवरूद्ध हुए हैं। जबकि 32 मार्ग शनिवार के अवरूद्ध थे। कुल 69 अवरूद्ध मार्गों में से 37 मार्गों को खोल दिया गया है। शेष 32 मार्ग अवरूद्ध है। इसमें एक राष्ट्रीय राजमार्ग, एक राजमार्ग, तीन मुख्य जिला मार्ग, दो अन्य जिला मार्ग एवं 25 ग्रामीण मार्ग अवरूद्ध है। उक्त अवरूद्ध मार्गों को खोलने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक, राज्य राजमार्ग पर एक, मुख्य जिला मार्गों पर तीन, अन्य जिला मार्गों पर दो तथा ग्रामीण मार्गों पर 23 कुल 30 मशीनें युद्ध स्तर पर कार्य कर रही हैं। लोक निर्माण विभाग मुख्यालय की ओर से अधिशासी अभियंताओं को अवरूद्ध मार्गों को प्राथमिकता से खोलने के निर्देश दिए गए हैं और निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है।

# रूल ऑफ लॉ से पड़ती है सुशासन की आधारशिला : योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी**

**लखनऊ।** संसदीय लोकतंत्र समन्वय और आपसी सूझबूझ से चलने का संदेश देता है। ऐसा समन्वय, जहां लोकहित व राष्ट्रहित सर्वोपरि हो। जब यह हमारी प्राथमिकता में होते हैं तो दोनों को एक-दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता है। इसकी आधारशिला सुशासन से पड़ती है। सुशासन की आधारशिला रूल ऑफ लॉ से पड़ती है। रूल ऑफ लॉ समाज के हर व्यक्ति के लिए लक्ष्मण रेखा तय करती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को स्मृतिशेष 577 अधिवक्ताओं के आश्रितों को लोकभवन में अधिवक्ता कल्याण निधि से सहायता राशि प्रदान की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सोमवार को रक्षाबंधन का त्योहार है। इसकी पूर्व संध्या पर यह आयोजन बताता है कि त्योहार का आनंद इससे अच्छा नहीं हो सकता, जब हम



किसी निराश्रित के साथ खड़े होकर उसकी सहायता के लिए तत्पर दिखाई देते हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ था, लेकिन मोदी जी के आने के बाद इस तिथि को संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। पीएम ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हमें नागरिक कर्तव्यों के प्रति आग्रही बनाया। जब हम अधिकार की चर्चा करते हैं, लेकिन कर्तव्य की नहीं करते तो वहीं पर टकराहट होती है। यदि 2047 तक देश को विकसित भारत बनाना है और हर भारतवासी के चेहरे पर खुशहाली लानी है। उसके ईज ऑफ लिविंग को बेहतरीन करना है तो हमें नागरिक कर्तव्यों को प्राथमिकता देनी होगी।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि शासन के पास जब सोर्स ऑफ इनकम होंगे तो वेलफेयर के रास्ते अपने आप ही खुलते दिखाई देंगे। जरूरतमंदों को यह चीजें मिलें, ऐसे प्रयास होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक करोड़ परिवार ऐसे हैं, जिन्हें प्रतिमाह पेंशन स्कीम (वृद्धा, दिव्यांग और निराश्रित पेंशन) से जोड़ा गया है। बिना भेदभाव के सिर्फ पात्रता के आधार पर उन्हें यह सुविधा मिलती है। बहुत अधिवक्ता ऐसे हैं।

## रक्षा मंत्री ने चेन्नई में आईसीजी के समुद्री बचाव समन्वय केंद्र का उद्घाटन किया

# समुद्री हितों की रक्षा करने में आईसीजी की भूमिका को सराहा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को चेन्नई में नवनिर्मित अत्याधुनिक भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) का उद्घाटन किया। उन्होंने चेन्नई में आईसीजी क्षेत्रीय समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया केंद्र (आरएमपीआरसी) और पुडुचेरी में तटरक्षक वायु एन्क्लेव का भी उद्घाटन किया। यह तीनों सुविधा केंद्र समुद्री सुरक्षा मजबूत करने और आपात स्थितियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं, जिससे सामुद्रिक सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और मजबूत होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को आज चेन्नई पहुंचने पर भारतीय तटरक्षक दल की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। चेन्नई में नेपियर



ब्रिज के पास बनाया गया समुद्री बचाव समन्वय केंद्र समुद्री संकट में फंसे नाविकों और मछुआरों के लिए सामुद्रिक बचाव कार्यों में समन्वय बढ़ाएगा। एमआरसीसी में स्थलीय और उपग्रह प्रणालियों के माध्यम से संकट की निगरानी के लिए नवीनतम उपकरण स्थापित किए गए हैं। यह अत्याधुनिक सुविधा केंद्र खोज और बचाव प्रक्रियाओं में विशेषज्ञता रखने वाले भारतीय तटरक्षक बल के उच्च प्रशिक्षित कर्मियों के साथ उन्नत संचार प्रणालियों से भी लैस है, जिसमें बचाव विमान, जहाज और अन्य सुविधाएं शामिल हैं। यह अत्याधुनिक सुविधा केंद्र भारत के पूर्वी तट और उससे आगे सभी समुद्री बचाव कार्यों के समन्वय के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करने के साथ ही मछुआरों और नाविकों की सुरक्षा करेगा। रक्षा मंत्री ने चेन्नई बंदरगाह परिसर में स्थित आईसीजी क्षेत्रीय समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया केंद्र (आरएमपीआरसी) का भी उद्घाटन किया। आईओआर में समुद्री प्रदूषण के समन्वय के लिए चेन्नई में इस केंद्र के निर्माण की घोषणा रक्षा मंत्री ने 22 नवंबर, 2022 को कंबोडिया में आयोजित पहली भारत-आसियान बैठक के दौरान की थी। क्षेत्र में अपनी तरह का पहला केंद्र होने के नाते तटीय राज्यों से सटे सागर में समुद्री प्रदूषण की घटनाओं, तेल और रासायनिक रिसाव के समय महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। समुद्री तेल प्रदूषण की घटनाओं की निगरानी के लिए इस केंद्र के पास 24 घंटे का आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र होगा।

## स्पीड न्यूज

### रूस में 7.0 तीव्रता वाले भूकंप के बाद फटा ज्वालामुखी

**मॉस्को।** रूस के पूर्वी तट पर 7.0 तीव्रता वाले भूकंप के बाद शिवलुच ज्वालामुखी फट गया है। इस घटनाक्रम के बाद सुनामी का खतरा भी बना हुआ है। हालांकि, अबतक भूकंप के झटकों या ज्वालामुखी के फटने से जनहानि नहीं हुई है। विशेषज्ञों की टीम इमारतों की जांच कर रही है कि भूकंप के तेज झटकों से इन्हें कितना नुकसान पहुंचा है। रूस में रविवार सुबह (स्थानीय समयानुसार) भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिएक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7 मापी गई है। भूकंप का केंद्र सुदूर-पूर्वी कामचटका प्रायद्वीप का तट रहा। संयुक्त राज्य भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के अधिकारियों के अनुसार, रूस में भूकंप सुबह सात बजे के ठीक बाद आया। इसका केंद्र पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की शहर से लगभग 90 किलोमीटर पूर्व में कामचटका प्रायद्वीप के पानी में लगभग 50 किलोमीटर की गहराई पर आया। रूसी आपातकालीन मंत्रालय ने भूकंप के कारण सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की। हालांकि, अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली का कहना है कि इस भूकंप से रूस के समुद्र से सटे इलाकों में सुनामी की खतरनाक लहरें आ सकती हैं।

### नेपाल के प्रधानमंत्री ओली की भारत यात्रा की तैयारी

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सितम्बर के पहले हफ्ते में भारत यात्रा की तैयारी की जा रही है। चौथी बार प्रधानमंत्री बनने पर अपने पहले विदेश भ्रमण के लिए उन्होंने भारत जाने की इच्छा जताई है। हाल ही में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने अपने नेपाल दौरे के क्रम में प्रधानमंत्री ओली से मुलाकात कर उन्हें भारतीय प्रधानमंत्री की तरफ से भ्रमण का औपचारिक पत्र दिया था। इसके बाद से ही ओली के दिल्ली दौरे को लेकर तैयारियां शुरू की गई हैं। हालांकि पहले उनका भ्रमण थाइलैंड के बैंकक में 4-6 सितम्बर तक तय था जहां उन्हें बिमस्टेक देशों के शिखर सम्मेलन में शामिल होने जाना था। प्रधानमंत्री ओली की यहीं बैंकॉक में ही भारत के प्रधानमंत्री के साथ साइडलाइन मुलाकात तय थी।

### चाचा बांध देता था नाबालिग का हाथ-पैर, पिता करता था दुष्कर्म

**बलिया।** बलिया में रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। एक नाबालिग के साथ उसका पिता तीन माह से दुष्कर्म कर रहा था, जिसे पुलिस एक माह पहले ही जेल भेज चुकी है। अब पुलिस ने इस दुष्कर्म में अपने भाई का सहयोग करने वाला पीड़िता के चाचा को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के पीआरओ सेल से मिली जानकारी के अनुसार बैरिया थाना के एक गांव की महिला ने शिकायत दर्ज करायी थी कि उसका पति एक शराबी किस्म का व्यक्ति है जो उसकी नाबालिग बेटी को डरा धमका कर उसके साथ करीब तीन माह से दुष्कर्म करता था। इसके सम्बन्ध में बैरिया पर दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

### बॉक्स ऑफिस पर 'स्त्री2' का जलवा, तीसरे दिन भी की दमदार कमाई

**नयी दिल्ली।** श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म 'स्त्री-2' ने धमाकेदार ओपनिंग के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन कई रिकॉर्ड तोड़े और अब तीसरे दिन भी इसने दमदार कमाई की है। स्त्री-2 के तीसने दिन यानी कि शनिवार के कलेक्शन की बात की जाए तो सैनिक की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने तीसरे दिन 44 करोड़ की कमाई की है, जिसके बाद इसका टोटल कलेक्शन 135.7 करोड़ गया है। 'स्त्री-2' ने गुरुवार को भारत में पहले दिन 60.3 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। फिल्म ने पहले दिन जबरदस्त कमाई की और 2023 में 'एनिमल' और 'पठान' की पहले दिन की कमाई को पीछे छोड़ दिया। इसके बाद अगले दिन फिल्म ने अच्छी कमाई की। फिल्म ने शुक्रवार को 30 करोड़ का कलेक्शन किया है।

## खबर एक नजर में

### बाबा विश्वनाथ के पंचबदन चल प्रतिमा का हरियाली श्रृंगार, दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

**वाराणसी।** श्रावणी पूर्णिमा के पूर्व संध्या पर रविवार को बाबा विश्वनाथ के पंचबदन रजत चल प्रतिमा का हरियाली श्रृंगार दीक्षित मंत्रों के बीच किया गया। मंदिर के पूर्व महंत के टेढ़ीनीम स्थित आवास पर बाबा का हरियाली श्रृंगार का दर्शन करने के लिए शिवभक्त अपरान्ह से ही पहुंचते रहे। हरियाली श्रृंगार से पहले बाबा की पंचबदन रजत प्रतिमा का पारंपरिक रूप से पं. सुशील त्रिपाठी के आचार्यत्व में 11 वैदिक ब्राह्मणों ने पूजन किया। महंत पं.वाचस्पति तिवारी ने दीक्षित मंत्रों के साथ बाबा विश्वनाथ की सपरिवार चल प्रतिमा का विधिवत पूजन किया। संजीव रत्न मिश्र ने बाबा का हरियाली श्रृंगार किया। सांयकाल 07 बजे श्रृंगार के बाद महंत वाचस्पति तिवारी ने आरती किया। आरती के बाद आवास का पट आम जन के दर्शन पूजन के लिए खुल गया। बाबा के हरियाली श्रृंगार के अवसर पर पुनीत (पागल बाबा) ने शिवाजंली प्रस्तुत किया। गौरा संग डमरूवाले, झुल रहा झुला आदि भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते रहे। महंत के अनुसार श्रावण पूर्णिमा (19 अगस्त) पर बाबा विश्वनाथ को माता पार्वती और भगवान गणेश के साथ झूले पर विराजमान कराया जाएगा। काशी विश्वनाथ मंदिर में झूलनोत्सव सायंकाल साढ़े पांच बजे के बाद आरंभ होगा।

## पेज एक का शेष

### मैं आंसुओं को...

कहने को तो विधायक दल की बैठक बुलाने का अधिकार मुख्यमंत्री का होता है, लेकिन मुझे बैठक का एजेंडा तक नहीं बताया गया था। बैठक के दौरान मुझ से इस्तीफा मांगा गया। मुझे सत्ता का मोह नहीं था, इसलिए मैंने तुरंत इस्तीफा दे दिया, लेकिन आत्म-सम्मान पर लगी चोट से दिल भावुक था।

**मानो मेरा कोई वजूद नहीं :** पिछले तीन दिनों से हो रहे अपमानजनक व्यवहार से भावुक होकर मैं आंसुओं को संभालने में लगा था, लेकिन उन्हें सिर्फ कुर्सी से मतलब था। मुझे ऐसा लगा, मानो उस पार्टी में मेरा कोई वजूद ही नहीं है, कोई अस्तित्व ही नहीं है, जिस पार्टी के लिए हम ने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। इस बीच कई ऐसी अपमानजनक घटनाएं हुईं, जिसका जिक्र फिलहाल नहीं करना चाहता। इतने अपमान एवं तिरस्कार के बाद मैं वैकल्पिक राह तलाशने हेतु मजबूर हो गया।

**मेरे जीवन का नया अध्याय :** मैंने भारी मन से विधायक दल की उसी बैठक में कहा कि- आज से मेरे जीवन का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। इसमें मेरे पास तीन विकल्प थे। पहला, राजनीति से सन्यास लेना, दूसरा, अपना अलग संगठन खड़ा करना और तीसरा, इस राह में अगर कोई साथी मिले, तो उसके साथ आगे का सफर तय करना।

**सभी विकल्प खुले हैं :** उस दिन से लेकर आज तक, तथा आगामी झारखंड विधानसभा चुनावों तक, इस सफर में मेरे लिए सभी विकल्प खुले हुए हैं। एक बात और, यह मेरा निजी संघर्ष है इसलिए इसमें पार्टी के किसी सदस्य को शामिल करने अथवा संगठन को किसी प्रकार की क्षति पहुंचाने का मेरा कोई इरादा नहीं है। जिस पार्टी को हमने अपने खून-पसीने से सींचा है, उसका नुकसान करने के बारे में तो कभी सोच भी नहीं सकते। लेकिन, हालात ऐसे बना दिये गये हैं कि...

**आपका, चंपई सोरेन**

### 81 हजार से अधिक...

**किसानों के हित में सरकार :** उन्होंने कहा कि उनकी सरकार शुरूआती दिनों से ही हेड क्वार्टर से नहीं बल्कि गांव से चल रही है। जब गांव मजबूत होगा तभी सरकार मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार राज्य के किसानों के उत्थान के लिए समर्पित है। राज्य सरकार ने अब निर्णय लिया है कि यहां के कृषकों द्वारा लिये गये कृषि ऋण के रूप में सिर्फ 50 हजार रुपये ही नहीं बल्कि 2 लाख रुपए तक की राशि माफ की जायेगी। उनकी सरकार राज्य में खेल एवं खिलाड़ियों के विकास को लेकर समर्पित भाव से काम किया है। शिक्षा व्यवस्था को सुद्दढ़ करने के लिए मॉडल स्कूल का संचालन किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित सभी परिवारों को साल में दो बार वस्त्र उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

**नारी शक्ति को समर्पित है योजना :** उन्होंने कहा कि यह महत्वाकांक्षी योजना आज नहीं बल्कि एक साल पहले धरातल पर उतर गयी होती। कुछ तत्वों द्वारा अनेक प्रकार से रोड़ा लगाने का काम किया जाता है। ऐसे लोगों से हम सभी को सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अच्छी बात यह है कि देर से ही सही पर दुरुस्त तरीके से यह योजना अब अनवरत बिना रुकावट चलती रहेगी। नारी शक्ति को समर्पित यह योजना कितना महत्वपूर्ण है यह इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिस घर में 21 वर्ष से 50 वर्ष के उम्र की दो-तीन, चार अथवा पांच महिलाएं हैं, उस घर में प्रति वर्ष सम्मान राशि के रूप में कितने रुपए भेजे जायेंगे अंदाजा लगा लें।

**सभी को हक और अधिकार :** सीएम ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के आदिवासी, मूलवासी, दलित, शोषित, पिछड़े सहित सभी लोगों के सर्वांगीण विकास को प्रतिबद्ध है। इसके लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रहे है। राज्य सरकार ने तमाम चुनौतियों का सामना करते हुये हमेशा जन कल्याण के लिए संकल्पित भाव से काम किया है। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बेबी देवी, दीपिका पाडेय सिंह, विधायक दिनेश विलियम मरांडी, कल्पना सोरेन, जिला परिषद अध्यक्ष जुली क्रिस्टमनी हेमब्रम, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, संताल परगना प्रमंडल के आयुक्त लालचंद डाडेल सहित पाकुड़ जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पदाधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

